फुर्सत में दिखे कैप्टन कूल मछली पकड़ते धोनी की तस्वीर हुई वायरल




SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ क्यो ?..................इसलिए ! मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847


# झारखंड ने 16वें वित्त आयोग से मांगे 3.03 लाख करोड़

## मंत्रियों और अधिकारियों ने पेश की रिपोर्ट, राज्यांश को 41 से 55 फीसदी करने की भी मांग रखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने 16वें वित्त आयोग से राज्य के विकास के लिए कुल तीन लाख तीन हजार 527 करोड़ रुपये का अनुदान मांगा है। राज्य के चार दिवसीय दौरे पर आयी आयोग की टीम के समक्ष शुक्रवार को राज्य सरकार के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में समेकित और समावेशी विकास के संभावित रोडमैप पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। सरकार ने आयोग को बताया कि देश की आवश्यकताओं के लिए खनिज एवं प्राकृतिक संपदा संपन्न इस राज्य के संसाधनों का जितने बड़े पैमाने पर दोहन किया जाता है, उस अनुपात में उसे केंद्रीय अनुदान में हिस्सा अब तक नहीं मिल पाया है। आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य सरकार की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, उच्च शिक्षा, नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, जल संसाधन मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं अन्य ने कहा कि झारखंड को विकास की दौड़ में आगे लाने के लिए इसे विशेष संरक्षण और सहायता की जरूरत है। राज्य में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं और सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए उठाये जा रहे कदमों से भी आयोग को अवगत कराया गया।

**राज्यांश निर्धारण और वितरण के फार्मूले में संशोधन हो:** वित्त मंत्री ने किशोर ने जंगल आधारित राज्यांश निर्धारण एवं वितरण के फार्मूले में भी संशोधन की मांग की। 14 वें वित्त आयोग ने 7.5 फीसदी राशि निर्धारित की थी, जबकि 15 वित्त आयोग ने 10 फीसदी। यह नाकाफी है। फार्मूला तय करने में सघन वन के साथ साथ खुले वन को भी समाहित करने की जरूरत है। उन्होंने केंद्रीय करों में राज्यांश को 41 फीसदी से बढ़ा कर 55 फीसदी करने की मांग भी की। इसके अलावा राधाकृष्ण किशोर ने शेष 14.19 लाख हेक्ट्यर भूमि पर सिंचाई क्षमता विकसित करने के लिए अतिरिक्त मदद का प्रस्ताव भी दिया। साथ ही वर्षा जल के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए भी केंद्रीय सहायता पर जोर दिया। उन्होंने उच्च शिक्षा, कृषि व अन्य क्षेत्रों के लिए भी विशेष मदद की मांग की। उन्होंने कोयला कंपनियों के यहां बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया, मनरेगा मद में 1300 करोड़ रुपये, जल जीवन मिशन क्षेत्र में भी 5235 करोड रुपये बकाया समेत अन्य बकायों की भी चर्चा की। राज्य सरकार की ओर से आयोग के अध्यक्ष को स्मार पत्र भी सौंपा गया।

**आयोग ने पीएसयू के ऑडिट पर झारखंड को घेरा:** आयोग ने राज्य सरकार के साथ हुई बैठक में पीएसयू के ऑडिट का सवाल उठाया। आयोग के अध्यक्ष डॉ पनगढ़िया ने कहा कि झारखंड के पीएसयू का 10-12 वर्षों से ऑडिट नहीं हुआ है। यह झारखंड के वित्तीय प्रबंधन के लिए ठीक नहीं है।




### जीएसटी आधारित कर व्यवस्था से झारखंड को हुआ नुकसान

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आयोग के समक्ष राज्य सरकार का पक्ष रखते हुए 23 विभागों के लिए अगले पांच वर्षों तक 3.03 लाख करोड़ रुपये की मांग की है। उन्होंने कहा कि जुलाई 2022 के बाद से जीएसटी कंपनसेशन बंद है। जीएसटी आधारित कर व्यवस्था होने से झारखंड को भारी नुकसान हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक इस मद में झारखंड को लगभग 61677 करोड़ के नुकसान की संभावना है। उन्होंने रेखांकित किया कि 15 वें वित्त आयोग के समक्ष झारखंड ने 1.5 लाख करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया था, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में केवल 12398 करोड़ ही उपलब्ध कराये गये।

### सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा : राज्य के साथ भेदभाव न हो

नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बैठक में नगर निकायों और पंचायतों की बकाये राशि की मांग दुहरायी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चुनाव कराने की पूरी कोशिश कर रही है। ठीक है कि चुनाव कराने पर ही राशि मिलने की शर्त है, लेकिन 20-25 फीसदी राशि रोक कर शेष राशि तो मिल सकती थी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य आयोग के लिए बड़े और छोटे पुत्र के समान है। इसलिए भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड दूर से खनिज संपन्न राज्य दिखता है। लेकिन प्रदूषण, उग्रवाद, बेरोजगारी, विस्थापन का दंश झेल रहा है। झारखंड जैसे राज्यों को अतिरिक्त मदद की जरूरत है।

### झारखंड नगर निकाय और पंचायत चुनाव के बाद ही बकाया राशि मिलेगी : डॉ पनगढ़िया

रांची। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया ने कहा है कि झारखंड लोकल बॉडी (नगर निकाय व पंचायत) का चुनाव कराने के बाद ही बकाया पैसा निर्गत किया जायेगा। उन्होंने यह भी स्पष्टीकरण दिया कि अगर दिसंबर तक राज्य सरकार निकायों का चुनाव करा लेती है, तो पिछले वित्तीय वर्ष की भी बकाया राशि मिल जायेगी। नहीं तो राशि लैप्स हो जायेगी। डॉ पनगढ़िया शुक्रवार को राजधानी रांची के होटल रेडिसन ब्लू में 16वें वित्त आयोग के अन्य सदस्यों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में मीडिया से बात कर रहे थे। डॉ पनगढ़िया ने बताया कि विशेष राज्य या विशेष पैकेज वित्त आयोग का विषय नहीं है। अनुदान की राशि केंद्रीय बजट से राज्यों को सशर्त प्राप्त होती है, इसलिए इस राशि के भुगतान में विलंब पर आयोग का कोई सीधा नियंत्रण नहीं है। जीएसटी के लागू होने से हो रहे नुकसान पर कहा कि यह झारखंड की नयी डिमांड है। झारखंड ने जीएसटी से होनेवाले राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए फार्मूले में बदलाव की मांग की है।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# दुश्मन कहीं भी हो, खत्म कर देंगे: मोदी

प्रधानमंत्री ने कानपुर में जनसभा को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर में जनसभा की। 45 मिनट के भाषण में उन्होंने आतंक को लेकर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। मोदी ने कहा कि बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। साथ ही मोदी ने कानपुर एयरपोर्ट पर शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने बिहार के विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित किया।

**कनपुरिया अंदाज में पाकिस्तान को धमकी :** मोदी ने कहा कि पाकिस्तान का यह खेल अब नहीं चलने वाला। अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जायेगा। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया, उस ब्रह्मोस मिसाइल का भी नया पता है-उत्तर प्रदेश।



### पीड़ित परिवार से बोले, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं

कानपुर (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कानपुर में पहलगाम हमले में मारे गये शुभम द्विवेदी के परिवार से मिले। चकेरी एयरपोर्ट पर मोदी के सामने शुभम की पत्नी ऐशन्या, पिता संजय, मां सीमा भावुक हो गयीं। मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर थमा है, खत्म नहीं हुआ, यह आगे भी जारी रहेगा। बताते चलें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कानपुर के शुभम को उनकी पत्नी ऐशन्या के सामने आतंकियों ने गोली मारी थी।

**आतंक के खिलाफ 3 सूत्रीय फॉर्मूला दिया:** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय किये हैं। पहला, भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा, उसका समय, तरीका और शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। दूसरा, भारत अब एटम बम की गीदड़भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। तीसरा, आतंक के आका और आतंक की सरपरस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा।

### वादा पूरा करके बिहार आया हूं: पीएम

सासाराम (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के विक्रमगंज के दुर्गाडीह में जनसभा की। करीब 33 मिनट के भाषण में उन्होंने आतंक को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के एक दिन बाद मैं बिहार आया था। मैंने बिहार की धरती से जो वचन दिया था, वो पूरा किया। मैंने कहा था माताओं का सुहाग उजाड़ने वालों को कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। ऐसी ही सजा उन्हें दी गयी। हमारी सेना ने आतंकियों के ठिकानों को खंडहर में बदल दिया। भारत की बेटियों के सिंदूर की शक्ति को पाकिस्तान और दुनिया ने भी देखा। दुश्मन जान ले कि 'आपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है। आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई न रुकी है और न थमी है। आतंक का फन फिर उठेगा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। चाहे सीमा पार हो या फिर सीमा के अंदर हो।

### बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचे हेमंत



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को अपनी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन सहित रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना की।

# एसीबी ने आइएएस विनय चौबे और कारोबारी विनय सिंह से की पूछताछ

शराब घोटाला मामले में किसी तरह से संलिप्तता से किया इंकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को आरोपी आइएएस अधिकारी विनय चौबे, कारोबारी विनय सिंह और पूर्व संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह से पूछताछ की। विनय चौबे और गजेंद्र सिंह न्यायिक हिरासत में हैं। कारोबारी विनय सिंह को नोटिस दे कर बुलाया गया था। विनय चौबे से जो भी सवाल किया गया, उनमें ज्यादातर का उत्तर उन्होंने 'नहीं' में दिया। उन्होंने एसीबी अधिकारियों से कहा कि लगता है कि झारखंड में शराब घोटाला हुआ है, तो किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच करा लें। वे शराब घोटाले से इंकार करते रहे। शुक्रवार को जिस समय विनय चौबे को एसीबी कार्यालय लाया गया था, उस समय विजिलेंस के डीजी भी पहुंचे थे। घोटाले से गजेंद्र सिंह ने भी इंकार किया है। कारोबारी विनय सिंह ने एसीबी को किसी भी सवाल का जवाब ही नहीं दिया।

## न्यूज रील्स

### आज झारखंड बोर्ड के साइंस और कॉमर्स की 12वीं का रिजल्ट

रांची। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की 12वीं के साइंस और कॉमर्स का परिणाम शनिवार को सुबह 11.30 बजे आयेगा। दोपहर 12.30 बजे के बाद से विद्यार्थी जैक के अधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकेंगे। आर्ट्स का रिजल्ट अगले सप्ताह आयेगा। इंटरमीडिएट की परीक्षा में 3.50 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें साइंस में करीब 98 हजार और कॉमर्स में 21 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इंटरमीडिएट की परीक्षा 11 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित की गयी थी।

### नीट पीजी परीक्षा एक शिफ्ट में हो: सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। नीट पीजी परीक्षा एक ही शिफ्ट में आयोजित की जायेगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह आदेश दिया। छात्रों ने दो शिफ्ट में परीक्षा के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि दो शिफ्ट में परीक्षा से प्रश्न पत्र पेपर के डिफिकल्टी लेवल में फर्क होता है, जो फेयर इवैल्युएशन नहीं है। परीक्षा में हासिल किये गये अंक में भी फर्क आ जाता है। नीट पीजी परीक्षा 15 जून को होना है जिसके लिए एडमिट कार्ड 2 जून को जारी होंगे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मामले की जल्द सुनवाई की है।

### टैरिफ मामला फिर बहाल: हायर कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा

वॉशिंगटन। अमेरिका की फेडरल अपील कोर्ट ने ट्रंप के टैरिफ पर रोक वाले ट्रेड कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को फेडरल ट्रेड कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए स्थायी रोक लगा दी थी। इस फैसले को ट्रम्प प्रशासन ने फेडरल सर्किट की अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद निचली अदालत (ट्रेड कोर्ट) के आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी गयी। यानी ट्रंप का टैरिफ फिलहाल जारी रहेगा।

# ओड़िशा में इंजीनियर के घर से 2.51 करोड़ कैश बरामद

सात ठिकानों पर रेड, विजिलेंस टीम को देख कर खिड़की से नोटों के बंडल फेंके

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में विजिलेंस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को एक चीफ इंजीनियर के सात ठिकानों पर रेड की। इस दौरान उसके दो घरों से 2.51 करोड़ कैश बरामद हुआ। लाखों रुपये के सोने के गहने और मंहगे कपड़े भी मिले हैं। विजिलेंस टीम को देखते ही चीफ इंजीनियर भुवनेश्वर स्थित अपने फ्लैट की खिड़की से 500 रुपये के नोटों के बंडल फेंकने लगा था। अधिकारियों ने नोटों की गड्डी बरामद कर ली है। कैश गिनने के लिए मशीनों का सहारा लेना पड़ रहा है। खबर लिखे जाने तक नोटों की गिनती जारी थी। सूत्रों का कहना है कि कैश दो करोड़ से ज्यादा भी हो सकता है। इंजीनियर की पहचान ओड़िशा सरकार के कर्मचारी बैकुंठ नाथ सारंगी के रूप में हुई है। वह राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में काम करता है। आधिकारिक बयान में बताया गया कि ओड़िशा पुलिस की एंटी करप्शन विंग ने भुवनेश्वर, अंगुल और पुरी में चीफ इंजीनियर के ठिकानों पर पर छापा मारा। उनके भुवनेश्वर स्थित फ्लैट से करीब एक करोड़ रुपये कैश बरामद किये गये, जबकि अंगुल स्थित पैतृक आवास से 1.1 करोड़ रुपये मिले हैं।



### इडी अधिकारी 20 लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार

भुवनेश्वर। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के एक अधिकारी को ओड़िशा के भुवनेश्वर में एक व्यवसायी से 20 लाख रुपये की घूस लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्व सेवा के अधिकारी और इडी के उपनिदेशक चिंतन रघुवंशी के रूप में हुई है। सीबीआइ के मुताबिक रघुवंशी ने व्यवसायी के मनी लांड्रिंग मामले के निपटारे के लिए घूस के रूप में पांच करोड़ रुपये मांगे थे, जो बाद में दो करोड़ रुपये तय हुई थी।

# जाति जनगणना से पहले जातियों की सूची बनेगी

## सर्वदलीय बैठक कर सभी पार्टियों की सहमति लेगी सरकार

एसटी-एससी गिनती में हैं, लेकिन ओबीसी जातियों पर असमंजस

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जाति जनगणना से पहले केंद्र सरकार जातियों की सूची बनायेगी, ताकि सुनियोजित डेटा इकट्ठा हो। जातियों पर राजनीतिक सहमति के लिए इसे सर्वदलीय बैठक में भी रखा जायेगा। राजनीतिक पार्टियों के सुझावों-आपत्तियों के आधार पर सूची को अंतिम रूप दिया जायेगा। गृह मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की हाल में हुई बैठक में यह तय हुआ। जातीय जनगणना के लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय समन्वयक रहेगा। जातियों की मान्य सूची जरूरी है, क्योंकि अनुसूचित जाति और जनजाति तो गिनती में हैं। लेकिन अन्य पिछड़े वर्ग की जातियों पर असमंजस है। देश में जनगणना की प्रक्रिया 2026 में शुरू होने की संभावना है।



**जाति-उपजाति का आंकड़ा 46.73 लाख:** 2011 की जनगणना में जाति-उपजाति का आंकड़ा 46.73 लाख मिला था। यह अविश्वसनीय माना गया था। आखिरी जातीय जनगणना 1931 में हुई थी, जिसमें 4,147 जातियां बतायी गयी थीं। मंडल कमीशन ने 1980 में अनुमान लगाया था कि ओबीसी 52% हैं। अनुसूचित जाति में 28 राज्यों में 1109 जातियां हैं। अनुसूचित जनजाति में 705 जातियां हैं। सामान्य श्रेणी की जातियों की आबादी 30% और जातियों के बाहर मुस्लिम, इसाइ और अन्य वर्ग की आबादी 12.56% है। यह संख्या अनुमान और सर्वे आधारित हैं।

### 30 अप्रैल को जाति जनगणना को मंजूरी मिली थी

केंद्रीय कैबिनेट ने 30 अप्रैल को जाति जनगणना को मंजूरी दी थी। देश में आजादी के बाद यह पहली बार होगा, जब जाति जनगणना करायी जायेगी। इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जायेगा। कयास लगाये जा रहे हैं कि जाति जनगणना की शुरुआत सितंबर में की जा सकती है। हालांकि जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने में एक साल लगेगा। ऐसे में जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में मिल सकेंगे। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।






# बिहार में भाजपा को नयी ऊर्जा दे गये पीएम मोदी

## ■ 11 साल में 50वीं बार आकर भाजपा की जमीन मजबूत कर दी मोदी ने

## ■ विपक्ष के गढ़ की 55 सीटों पर परिदृश्य बदलने में कामयाब रहे प्रधानमंत्री

**आजाद सिपाही विशेष**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय बिहार दौरा संपन्न हो गया है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से यह उनका 50वां बिहार दौरा था। राज्य का इतना दौरा करनेवाले वह पहले प्रधानमंत्री हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद प्रधानमंत्री का पहला बिहार दौरा था। माना जा रहा है कि इस दौरे के जरिये प्रधानमंत्री ने बिहार चुनाव से पहले भाजपा की जमीन को मजबूत बना दिया है। पीएम मोदी का यह दो दिवसीय दौरा बेहद ठोस रणनीति के साथ तय किया गया था और विक्रमगंज में उनकी रैली ने बिहार भाजपा में नये उत्साह का संचार किया है। विक्रमगंज विधानसभा क्षेत्र मगध और शाहाबाद क्षेत्र के बीच में है। यह भाजपा और एनडीए के लिए लगातार कमजोर कड़ी बना हुआ है। इस इलाके में लोकसभा की 10 और विधानसभा की 55 सीटें आती हैं। इसे राजद-कांग्रेस-वाम दलों का मजबूत गढ़ माना जाता है। विपक्ष के इस गढ़ में सभा कर पीएम मोदी ने बिहार भाजपा की संभावनाएं बढ़ा दी हैं। बिहार देश की हिंदी पट्टी का इकलौता राज्य है, जहां भाजपा अब तक अपने बूते सरकार नहीं बना सकी है। इसलिए इस बार का विधानसभा चुनाव उसके लिए 'करो या मरो' जैसा है। पीएम मोदी इस बात को अच्छी तरह जानते-समझते हैं। इसलिए उन्होंने इस बार केवल जनसभा नहीं की, बल्कि पार्टी नेताओं को चुनाव जीतने का मंत्र भी दिया। कुल मिला कर पीएम मोदी का यह बिहार दौरा राज्य में इस साल के अंत में होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण और लाभदायक रहा। क्या है मोदी के बिहार दौरे का राजनीतिक असर और क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा का चुनाव होना है और इसके लिए राजनीतिक दल तैयारियों में जुट गये हैं। राज्य में सत्तारूढ़ एनडीए के सबसे बड़े घटक दल भाजपा और जदयू ने सीट शेयरिंग के बाद चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन तैयारियों में नयी ऊर्जा का संचार कर गये। पीएम मोदी बिहार का दो दिवसीय दौरा कर दिल्ली लौट चुके हैं। यह 2025 में उनका तीसरा और 11 साल में 50वां बिहार दौरा था। इस दौरे के साथ एक और खास बात यह थी कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पीएम मोदी का यह पहला बिहार दौरा था। अपने दौरे के दौरान उन्होंने पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया, पटना की सड़कों पर रोड शो किया, फिर एक पावर प्लांट की आधारशिला रखी और विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी पिछली बार 24 अप्रैल को मधुबनी आये थे और उससे पहले 24 फरवरी को भागलपुर में थे।

### कैसा रहा पीएम मोदी का बिहार दौरा

पीएम मोदी अपने दौरे के पहले ही दिन बिहार को विकास की सौगात से नवाजने के साथ-साथ भाजपा के पक्ष में सियासी माहौल बना गये। पटना में उद्घाटन और शिलान्यास के जरिये उन्होंने विकास की इबारत लिखने की कोशिश की, तो दूसरी तरफ गोलंबर से भाजपा कार्यालय तक रोड शो कर बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया। इतना ही नहीं, भाजपा नेताओं को 2025 की चुनावी जंग जीतने का भी पीएम मोदी ने मंत्र दिया, तो बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के घर जाकर सियासी समीकरण साधा। यदि एक वाक्य में कहा जाये, तो पीएम मोदी ने अपने दौरे से बिहार की सियासी फिजां को पूरी तरह मोदीमय कर दिया। इतना ही नहीं पार्टी के प्रदेश नेता पदाधिकारियों, विधायकों, विधान पार्षदों और सांसदों के साथ बैठक कर नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव जीतने की सियासी पटकथा भी लिख दी।

### भाजपा के लिए बिहार क्यों है अहम

बिहार लंबे समय से हिंदुत्व विचारधारा के गढ़ की बजाय क्षेत्रीय और जाति-आधारित सामाजिक न्याय की राजनीति का गढ़ रहा है। हालांकि इस बार यह परिदृश्य बदला हुआ नजर आ रहा है। बिहार देश की हिंदी पट्टी का अकेला ऐसा राज्य है, जहां आज तक भाजपा अपने बूते सरकार नहीं बना सकी है। लेकिन अब परिस्थितियां बदली हुई नजर आ रही हैं। पीएम मोदी के दौरे के बाद बिहार की चुनावी हवा में भगवा रंग नजर आने लगा है। 1990 के बाद, जब लालू प्रसाद यादव ने कांग्रेस से सत्ता छीनी, बिहार का राजनीतिक परिदृश्य मुख्य रूप से गठबंधनों के बीच ही सिमटा रहा। राज्य में 2005 तक राजद का प्रभुत्व रहा। उसके बाद नवंबर 2005 के बाद से नीतीश के जदयू का राजनीतिक प्रभुत्व रहा। अब पहली बार बिहार विधानसभा में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जिसने 2005 में अपनी सीटों की संख्या 37 से दोगुनी से भी अधिक बढ़ाकर 80 कर ली है, साथ ही लोकप्रिय वोट में भी उसकी हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है। इसलिए इस बार भाजपा बहुत उत्साहित है और पीएम मोदी स्वाभाविक रूप से बिहार को बेहद अहम मानते हैं।



### बेहद अहम रहा मोदी का दौरा

पीएम मोदी के यह दो दिवसीय दौरा बहुत सोच-समझ कर तैयार किया गया था। पटना में नये एयरपोर्ट टर्मिनल का अनावरण केवल बुनियादी ढांचे का मील का पत्थर नहीं है, बल्कि भाजपा के विकास की कहानी का प्रतीक है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद रोड शो और सार्वजनिक सभा पीएम मोदी की रणनीति का स्पष्ट प्रमाण है। इन कार्यक्रमों में उमड़ी भीड़ यह भी साबित करती है कि बिहार के लोगों की सोच बदल रही है। इस दौरे ने प्रधानमंत्री की जनता के आदमी और परवाह करने वाले नेता के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करने में भी भूमिका निभायी है। फिर भी बिहार की चुनावी गतिशीलता कभी भी सीधी नहीं होती। राज्य की राजनीति जातिगत गणना, क्षेत्रीय निष्ठा और पहचान की एकजुटता से भरी हुई है। जहां भाजपा उच्च और मध्यम जातियों के बीच अपना प्रभाव बढ़ाने में सफल रही है, वहीं राजद और अन्य क्षेत्रीय दल दलितों, मुसलमानों और यादवों के बड़े हिस्से के बीच वफादारी हासिल करना जारी रखे हुए हैं।

ऐसे में जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, मुख्य सवाल यह है कि क्या मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता और भाजपा की संगठनात्मक मशीनरी बिहार की राजनीति को परिभाषित करने वाले सामाजिक समीकरणों को पार कर पायेगी। क्या भगवा दल अपने राष्ट्रीय जनादेश से उत्साहित और मोदी की करिश्माई अपील से उत्साहित होकर अपने बढ़े हुए वोट-शेयर को पूर्ण बहुमत में बदल पायेगा? या सहयोगी जदयू अपने सामाजिक न्याय के गढ़ को बचाये रख पायेगा? साथ ही महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या विपक्षी राजद-कांग्रेस-वामपंथी गुट, जो जमीनी स्तर पर वर्षों से लोगों से जुड़ा रहा है और जातिगत गठबंधन से मजबूत हुआ है, अपने वजन से अधिक प्रदर्शन कर पायेगा? आने वाले दिनों में, जब बिहार में प्रचार अभियान जोर पकड़ेगा और चुनावी समीकरण आकार लेने लगेंगे, तो बिहार में मोदी के प्रभाव की असली सीमा सामने आयेगी। उनका यह तीसरा दौरा मतदाताओं में जोश भरने और बिहार में अपनी शर्तों पर शासन करने के भाजपा के दृढ़ संकल्प को रेखांकित करने के लिए डिजाइन की गयी शक्ति का प्रदर्शन साबित होगा या नहीं, इसका उत्तर बिहार के विशाल मैदानों के ऊपर बह रही हवा में छिपा हुआ है।

---

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर 9 जून से एक महीने का अभियान

## भाजपा सांसद रोज 15-20 किमी पैदल चल जनसंपर्क करेंगे

- ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी वाले पर्चे भी बांटे जायेंगे
- मोदी 3.0 सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को मोदी सरकार घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। भाजपा के एक सीनियर लीडर ने बताया कि 9 जून से इसकी शुरूआत होगी। इसी दिन नरेंद्र मोदी ने बतौर पीएम तीसरी बार शपथ ली थी यानी मोदी 3.0 की शुरूआत हुई थी। अभियान का मूल मकसद मोदी 3.0 सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। इसके लिए जनसंपर्क के दौरान ऑपरेशन सिंदूर को हाइलाइट करने वाले पंफलेट भी बांटे जायेंगे।

केंद्र के सभी मंत्री, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन के सांसद और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी इस अभियान में शामिल होंगे। एक महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सभी लोकसभा सांसदों अपने क्षेत्र में रोजाना 15-20 किमी तक पैदल यात्रा करनी है और मंत्री हफ्ते में दो दिन 20-25 किमी यात्रा कर जनसंपर्क करेंगे।

**ऑपरेशन सिंदूर में शामिल विभागों पर शॉर्ट फिल्म बनेगी**: ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस भी विभाग ने अपना योगदान किसी भी रूप में दिया, उसकी डॉक्यूमेंट्री बनेगी। उस विभाग में कार्यरत लोगों और उनके परिजनों को दिखायी जायेगी। ताकि उन्हें गौरव हो और वे भविष्य में ज्यादा बेहतर तरीके से योगदान देने के लिए प्रेरित हो सकें।



**मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर 9 बड़े कार्यक्रम**

- जन संपर्क अभियान: हर विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर पर (1+4) और (1+2) के फॉमूर्ले पर कार्यकर्ता भाग लेंगे।
- प्रेस वार्ता: 2 जून से 5 जून के बीच जिला स्तर पर प्रेस वार्ताएं होंगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 7 या 8 जून को दिल्ली में प्रेस वार्ता की जायेगी।
- प्रोफेशनल्स मीट: हर जिले में पेशेवरों की बैठक होगी, जहां तीन प्रमुख नीतिगत विषयों पर चर्चा होगी (केवल पेशेवर ही बुलाये जायेंगे)।
- विकसित भारत संकल्प सभा: हर मंडल पर विकसित भारत संकल्प सभा होगी, जिसमें नागरिकों से विकसित भारत हेतु संकल्प लेंगे।
- पंचायत चौपाल: शहरों की मोहल्ला और गांवों की पंचायत चौपाल से सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जायेगा।
- आयुष्मान भारत योजना शिविर: हर विधानसभा क्षेत्र में पंजीकरण शिविर लगेंगे। हर जिले में 100 लाभार्थियों की सहभागिता जरूरी।
- डिजिटल प्रतियोगिता: वीडियो और ग्राफिक्स से संबंधित डिजिटल प्रतियोगिताएं करायी जायेंगी।
- प्रदर्शनी का आयोजन: सभी जिलों और जिला केंद्रों पर सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी।
- योग दिवस: 15 जून से 20 जून तक योग प्रशिक्षण शिविर चलेंगे। 21 को कार्यक्रम होंगे।

---

# सांसद दीपक प्रकाश ने वैभव सूर्यवंशी से की मुलाकात



- 35 गेंदों में शतक जड़ने वाले युवा बल्लेबाज की तारीफ की

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** राज्यसभा सांसद और बिहार भाजपा के चुनाव सह प्रभारी दीपक प्रकाश ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए दीपक प्रकाश ने लिखा- इतनी छोटी उम्र में अपने शानदार बल्लेबाजी से मात्र 35 गेंद में शतक लगाकर पूरे देश में रातों रात प्रसिद्ध होने वाले बिहार के लाल वैभव सूर्यवंशी से पटना में मुलाकात हुई, मैंने उनके खेल की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आपको बता दें बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी ने आइपीएल में खूब धमाल मचाया था। वह राजस्थान रॉयल के लिए खेल रहे थे। अपने पहले ही मैच के पहले ही बॉल में उन्होंने छक्का लगाया था। उसके बाद के मैच में तो उन्होंने महज 35 गेंद में शतक लगाकर इतिहास रच दिया और क्रिकेट की सनसनी बन गये।

---

## माओवादियों से मुठभेड़ के बाद मिली कामयाबी

# सुंदरगढ़ से लूटे गये तीन टन विस्फोटक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**राउरकेला।** ओड़िशा के सुंदरगढ़ जिले में इस सप्ताह की शुरुआत में माओवादियों द्वारा लूटे गये 4 टन विस्फोटक मामले में बड़ी सफलता मिली है। पश्चिमी रेंज के डीआइजी बृजेश राय ने बताया कि 3 टन से अधिक विस्फोटक बरामद किया गया है। रिर्पोटों के अनुसार, शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों और माओवादियों के बीच गोलीबारी के बाद लूटे गये 4 टन विस्फोटकों में से 3 टन से अधिक बरामद कर लिया गया है।

जब यह रिपोर्ट लिखी गयी तब तक सुरक्षाकर्मियों और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी जारी थी।



बता दें कि ओड़िशा के सुंदरगढ़ जिले में 27 मई को 30 से 40 माओवादियों के एक समूह ने एक ट्रक से चार टन से अधिक विस्फोटक लूट लिये। सुबह करीब नौ बजे एक मालवाहक ट्रक जिले के बड़ागांव पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत इटमा के निकट एक गोला-बारूद गोदाम से विस्फोटकों को लांगलकाटा पत्थर खदान ले जा रहा था। इसी बीच, केबलांग पुलिस सीमा के अंतर्गत लांगलकाटा इलाके में करीब 30-40 माओवादियों के एक समूह ने ट्रक को रोक लिया और ड्राइवर समेत वाहन को अगवा कर विस्फोटक लूट लिये। बाद में उन्होंने ड्राइवर को बिना किसी नुकसान के छोड़ दिया।

---

# बोकारो में मंईयां सम्मान की 20 लाभुक निकली फर्जी, अल्पसंख्यक बताकर लाभ लेने की कोशिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना को लेकर बोकारो से गंभीर गड़बड़ी सामने आयी है। गोमिया प्रखंड के पचमो पंचायत में एक भी अल्पसंख्यक परिवार नहीं होने के बावजूद 20 लोगों ने खुद को अल्पसंख्यक बताकर योजना का लाभ लेने की कोशिश की। प्रखंड कार्यालय में जब विभागीय स्तर पर जांच की गयी, तो यह फर्जीवाड़ा सामने आया।

बताया गया कि पचमो पंचायत में कोई भी अल्पसंख्यक समुदाय का व्यक्ति नहीं रहता, फिर भी 20 लोगों ने खुद को अल्पसंख्यक दिखाकर योजना में आवेदन दे दिया। अधिकारियों की सतर्कता से यह धोखाधड़ी पकड़ी गयी। जैसे ही मामला सामने आया, प्रखंड प्रशासन ने पंचायत सचिव को जांच का निर्देश दिया। जांच के बाद सभी फर्जी लाभुकों को सूची से हटा दिया गया। इसके साथ ही लोधी पंचायत की एक महिला, जो एक पारा शिक्षक की पत्नी है, उसे भी योजना का गलत लाभ लेते हुए पकड़ा गया। उससे पैसों की वसूली भी कर ली गयी है। बीडीओ महादेव कुमार महतो ने बताया कि गोमिया प्रखंड के 36 पंचायतों में लगभग 41 हजार लाभुक चिह्नित किये गये हैं। सभी आवेदनों की आधार, राशन कार्ड और बैंक डिटेल से जरिए जांच की जाती है। अगर कोई भी फर्जी पाया जाता है, तो तुरंत लाभ से हटाया जाता है। बीडीओ ने साफ किया कि सरकारी वेतन या मानदेय पाने वाले कर्मचारियों के परिवार योजना का लाभ नहीं ले सकते। इनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पारा शिक्षक, सरकारी शिक्षक, सीसीएल व अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल हैं। ऐसे लाभुकों को तुरंत योजना से हटाया जायेगा और विभागीय कार्रवाई की जायेगी। फर्जी लाभ लेने वालों की सूची संबंधित विभागों को भेजी जा रही है। सीडीपीओ और शिक्षा विभाग से पत्राचार कर इन मामलों पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.7 °C | 23.5 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.30 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |



# आठ आइपीएस सहित 32 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति पदक देने की अनुशंसा

**पुलिस मुख्यालय ने गृह विभाग से की सिफारिश**

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के आठ आइपीएस, दो डीएसपी सहित 32 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति के सराहनीय और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित करने की अनुशंसा की गयी है। पुलिस मुख्यालय ने यह सिफारिश राज्य के गृह विभाग से की है। पुलिस मुख्यालय की अनुशंसा पर गृह विभाग में बैठक होगी। उसके बाद उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा जायेगा। पुलिस मुख्यालय से फिलहाल वीरता पदक किसे मिलेगा इसकी अनुशंसा नहीं की गयी है। हर साल 15 अगस्त और 26 जनवरी को राष्ट्रपति पुलिस अधिकारियों को पदक प्रदान करते हैं। इस बार सराहनीय सेवा और विशिष्ट सेवा के लिए जिन आइपीएस अधिकारियों की अनुशंसा की गयी है, उनमें एडीजीपी सुमन गुप्ता, आइजी असीम विक्रांत मिंज, डीआइजी शैलेंद्र वर्णवाल, क्रांति कुमार गड़देशी, अश्विनी कुमार सिन्हा, अनुरंजन किस्पोट्टा, नौशाद आलम और नरेंद्र सिंह का नाम शामिल है। जिन दो डीएसपी को पदक देने की अनुशंसा की गयी है, वे हैं सुधीर कुमार और मनोज कुमार। इसके अलावा अन्य सभी आरक्षी और हवलदार स्तर के पुलिसकर्मी हैं। पुलिस मुख्यालय जल्द ही झारखंड के वैसे पुलिसकर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित करने का अनुशंसा करेगा, जो अपनी जान जोखिम में डालकर कई बड़ी मुठभेड़ में शामिल रहे हैं।

### भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री ने कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित किया

# लोकमाता अहिल्याबाई का सुशासन विकास और विरासत को समर्पित था : शिवप्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर शक्ति और भक्ति का समन्वय थीं। उन्होंने कभी स्वयं को रानी नहीं माना, बल्कि भगवान शिव की सेविका के रूप में राजकाज चलाया। वे शुक्रवार को कार्निवल बैंक्वेट हॉल में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे।

शिवप्रकाश ने कहा कि अहिल्याबाई की नीतियों में समता और ममता की भावना स्पष्ट दिखायी देती थी। उन्होंने अपने शासनकाल में गरीब कल्याण, किसान कल्याण, जनजाति उत्थान और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी। आज से 300 वर्ष पूर्व उन्होंने जिस सुशासन की स्थापना की, वह उनके न्यायप्रिय और नैतिक नेतृत्व का परिचायक है।यहां तक कि उन्होंने अपने ही पुत्र को दंडित करने का निर्णय लिया, जो एक मिसाल है।




## विश्व की नारी शक्ति के लिए प्रेरणा हैं रानी अहिल्याबाई होलकर : बाबूलाल

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब विश्व की महिलाएं अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रही थीं, तब भारत में नारियां सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही थीं। रानी अहिल्याबाई न केवल भारत, बल्कि समूची विश्व की नारी शक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति के रूप में प्रतिष्ठा मिली है।

**राष्ट्रीय चरित्र को फिर से जीवंत कर रही है सरकार :** कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रबिंद्र कुमार राय ने कहा कि भारत की हजार वर्षों की गुलामी ने हमारे राष्ट्रीय चरित्र को दबाने की कोशिश की, और आजादी के बाद भी यह प्रयास 60 वर्षों तक जारी रहा। लेकिन अब भाजपा की सरकार उस राष्ट्रीय चरित्र को पुनः प्रतिष्ठित कर रही है।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में जाग रहा भारत :** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी परंपरा, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से पुनः जुड़ रहा है। अब प्रत्येक नागरिक की उपलब्धि को राष्ट्र की उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। भारत का सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक विकास अब विश्व को नयी दिशा देने में सक्षम है। कार्यक्रम को विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, आरती सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, मंत्री सीमा पासवान, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, शशांक राज सत्यनारायण सिंह, मनोज मिश्रा, के-के गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू , संजय जयसवाल, ओम प्रकाश, संजीव विजयवर्गीय, पार्टी कार्यकर्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने और संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक विकास प्रीतम ने किया।

## देश को आत्मनिर्भर बनाने में महिला शक्ति का योगदान : संजय सेठ

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में महिलाओं की भूमिका अहम रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सैन्य उपलब्धियां हमारी बेटियों और बहनों के योगदान का परिणाम हैं।

# सेना का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही भाजपा : सुप्रियो

**भाजपा को बताना चाहिए कि उनके नेता अपने घर के सिंदूर को क्यों बाहर देंगे**

**भाजपा देश को धर्म और जाति की आग में धकेलने का काम कर रही है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर सेना के राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरा देश सेना के साथ खड़ा था, लेकिन ऑपरेशन के बाद भाजपा सेना का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है, जो बेहद दुखद है। सुप्रियो शुक्रवार को झामुमो के हरमू स्थित (कैंप) कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री ने महिला सैनिक पर टिप्पणी की, जिसपर भाजपा और मध्य प्रदेश सरकार ने मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। अब जम्मू के उधमपुर के भाजपा विधायक ने वायु सेना का अपमान किया है। इसपर भी भाजपा की ओर से विधायक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि घर-घर सिंदूर बांटने का एक राजनीतिक कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह भारतीय महिलाओं और सनातन धर्म के साथ क्रूर मजाक है। उन्होंने सवाल किया कि क्यों कोई पुरुष परायी स्त्री को सिंदूर देगा। भाजपा को बताना चाहिए कि उनके नेता अपने घर के सिंदूर को क्यों बाहर देंगे। उन्होंने कहा कि असम के मंत्री खुलेआम सरकारी कार्यक्रमों में मुस्लिम समाज के लोगों को मियां कह कर संबोधित करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से भी इस्लाम पर प्रहार किया जाता है। यह भाजपा का चरित्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को धर्म और जाति की आग में धकेलने का काम कर रही है।

# इंडी गठबंधन के नेता अब फेक न्यूज पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे: प्रतुल शाहदेव

**ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता से कांग्रेस-जेएमएम के नेताओं में हताशा**

**ऑपरेशन सिंदूर ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का पराक्रम सिद्ध किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आश्चर्य व्यक्त किया कि इंडी गठबंधन के नेताओं की हताशा, निराशा की स्थिति हो गयी है कि वह फेक न्यूज पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा दोनों ये कह रही हैं कि भारतीय जनता पार्टी सिंदूर यात्रा निकालने वाली है। जबकि यह पूर्णतः फेक न्यूज है। प्रतुल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पराक्रम का पूरे विश्व ने लोहा माना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में सैन्य बलों ने दुश्मन के घर के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला किया। पूरे विश्व में भारत की प्रशंसा हो रही है और यह मान लिया गया है कि आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ भारत का यही न्यू नॉर्मल रिएक्शन रहेगा। प्रतुल ने कहा कि लेकिन ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता से बदहवास होकर गठबंधन के नेता अब फेक न्यूज पर भी अपनी प्रतिक्रिया देने लगे हैं। प्रतुल ने कहा पहले पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा सिंदूर यात्रा निकालने जा रही है। अब तो झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस भी फेक न्यूज पर प्रेस कांफ्रेंस करने लगा है। प्रतुल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तानियों और आतंकियों को इस बात का करारा जवाब था कि धर्म पूछ कर सिंदूर उजाड़ने वालों का क्या हश्र होता है। प्रतुल ने कहा पूरे देश की 140 करोड़ जनता ने एक स्वर में इस ऑपरेशन के समय सरकार के साथ खड़े होकर अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी, लेकिन यह तो राजनीति की गिरावट की हद हो गयी कि अब फेक न्यूज पर राष्ट्रीय दल और क्षेत्रीय दल के प्रतिनिधि प्रेस कांफ्रेंस करके अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# फुर्सत में दिखे कैप्टन कूल, मछली पकड़ते धोनी की तस्वीर वायरल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइपीएल से चेन्नई के बाहर हो जाने के बाद सोशल मीडिया पर धोनी की एक तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में धोनी मछली पकड़ते हुए दिख रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर धोनी के रांची स्थित फार्म हॉउस की है। यह भी दावा किया जा रहा है कि आइपीएल से बाहर होने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी फुर्सत में हैं और मछली मारकर अपना टाइम पास कर रहे हैं।

जो तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है उसमें धोनी ने काली रंग की टीशर्ट पहनी है



जिसपर ड्यूटी, ऑनर और कंट्री लिखा हुआ है। बता दें कि धोनी को भारतीय सेना से काफी ज्यादा प्यार है और धोनी अक्सर इंडियन आर्मी की टीशर्ट पहनकर घूमते हुए नजर आते हैं।

धोनी फौज में लेफ्टिनेंट कर्नल के पोस्ट पर हैं और टेरोटेरियल आर्मी में हैं। उन्हें साल 2011 में ये पोस्ट मिली थी। साल 2019 में उन्होंने विक्टर फोर्स के साथ कश्मीर में 15 दिन तक सेवा दी थी। धोनी के रिटायरमेंट को लेकर काफी बातें चल रही हैं। लेकिन अब तक धोनी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। धोनी ने साफ कह दिया है कि अगले 4-5 महीने वो देखेंगे और शरीर पर मेहनत करेंगे। इसके बाद ही वो फैसले लेंगे कि उन्हें आगे क्या करना है।

**UNIVERSITY DEPARTMENT OF MANAGEMENT**
**VINOBA BHAVE UNIVERSITY, HAZARIBAG**

**ADMISSION OFFER**

***MBA Regular, Session-2025-27& MBA Evening Session-2025-27; Bachelor of Business Administration (BBA), Session-2025-28***

Application are invited for MBA (Regular) with Intakes: 70 (Seventy), MBA Evening with Intake 40 (Forty) and Three Years full time BBA with Intake:-70 (Seventy) through Chancellor portal.
Portal address is https://jharkhanduniversities.nic.in/home.
***Online application applying date for MBA Regular & MBA Evening, (BBA), from: 29th May, 2025 to 30th June, 2025.***
Contact Number For any inquiry- 9431795999 (Director), 8084496651, 6200522179(Course Co-ordinator) 8603250126 (T.P.O), 8603250126,7858882626 during office hour.
***Note:-*** For more information visit University website - www.vbu.ac.in

(Dr. Amitava Samanta) Director — By order of the Vice- Chancellor Sd/- Registrar VBU, Hazaribag

Memo no.-MBA/VBU/3677/2025 — Dated - 29/05/2025

**UNIVERSITY DEPARTMENT OF MANAGEMENT**
**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
**HAZARIBAG-825301, JHARKHAND**
(A State University Registered Under UGC Act.)

**BBA ADMISSION OPEN (2025-28)**

***Three Year Full Time BBA Programme, Session: 2025-2028*** (5thBatch):-With specialization in (Finance/HR/Marketing/ Production/IT). Examination based on CBCS system. Intake: 70 only.

**Semester Fee:-**
Present Semester Fee- (Admission Fee: ₹10,000/- & Semester Fee: 20,000/- each (for 1st Semester to 6th Semester) (Total Six Semester)

***Eligibility:-***
10+2 Pass in any discipline with not less than 50% marks (relaxation of 5% marks to SC/ST candidates) in aggregate, from any recognised educational board examination with valid report card.

***How to Apply-***
Candidates can apply online for BBA through Chancellor Portal whose web address is **https://jharkhanduniversities.nic.in/home.** After filling online application form, students have to pay the application fee of Rs. 800/-(for GEN/ OBC) & Rs. 500/-(for ST/SC) through online mode as instructed in the chancellor portal

***Instructions:***
1. Before Applying for Admission, please read the instruction carefully in Chancellor Portal.
2. All the fields are mandatory and please ensure that all of them should be filled correctly.
3. CUET is not compulsory for admission in BBA for session: 2025-28. Select **"No"** button under CUET score while applying, in Academic Information in chancellor portal.
4. Merit list will be prepared on the basis of class 12th Marks.
5. If reservation category viz. ST/SC/OBC/EWS is not selected correctly, it will be treated General category.

| Details | Date |
|---|---|
| Online applying date | 29th May, 2025 |
| Date of Closing Portal | 30th June, 2025 (06:00PM) |
| Publication of Merit List | 10th July 2025 |
| Date of Counselling | 11th July 2025 and 12th July, 2025 |
| Date of Admission | 11th July to 19th July, 2025 |

***Contact Numbers:-06546-291653(Director's Office), 8084496651(Course Co-Ordinator), 8603250126 (Admission In-charge)***
*Further details please visit our website:- www.vbu.ac.in*

**Instruction for Counselling:-**
Candidates are required to bring the following documents at the time of counselling:-
1. All original certificate- Matriculation onwards
2. Original certificates (Caste & Domicile).
3. Original School Leaving Certificate (SLC)/Transfer Certificate.
4. Self-attested photocopy of above document and printout of application form.
5. Three coloured recent Passport Size Photograph.
6. Date of admission is 11th July to 19th July, 2025.

Sd/- (Dr.Amitava Samanta) Director UDM, VBU, Hazaribag — By order of the Vice-Chancellor Sd/- Registrar VBU, Hazaribag

Memo no.- MBA/VBU/3676/2025 — Dated-29/05/2025

**UNIVERSITY DEPARTMENT OF MANAGEMENT**
**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
**HAZARIBAG-825301, JHARKHAND**
(A State University Registered Under UGC Act.)

**ADMISSION NOTICE (2025-27)**

**Master of Business Administration (MBA)**

***COURSE: TWO YEAR FULL TIME MBA PROGRAMME.***
Dual specialization in (Finance/HR/Marketing/ Production/IT) Examinationwill be based on CBCS system.Intake-70 only.

**Semester Fee:-**
Present Semester Fee: 59,500/-(1st semester), & Each semester 38,500/- (2nd Semester to 4th Semester) (Total Four Semester)

***Eligibility:-***
A graduate in any discipline with not less than 50% marks (relaxation of 05% marks to SC/ST candidates) in aggregate, from any recognised university and a good percentile in CMAT/MAT/CAT/XAT/ATMA with valid score cardor CET examination. (candidates appearing in the final graduation exam-2025 can also apply).

***How to Apply-***
Candidates can apply online for MBA through Chancellor Portal whose web address is ***https://jharkhanduniversities.nic.in/home.*** After filling online application form, students have to pay the application fee of ₹1000/-(for GEN/OBC/EWS/ST/SC) through online mode as instructed in the chancellor portal.

***Instructions:***
1. Before Applying for Admission, please read the instruction carefully in Chancellor Portal.
2. All the fields are mandatory and please ensure that all of them should be filled correctly.
3. CUET is not compulsory for admission in MBA for session: 2025-27. Select **"No"** button under CUET score while applying, in Academic Information in chancellor portal.
4. Merit list will be prepared on the basis of CMAT/MAT/CAT/XAT/ATMA/CET percentile, Group Discussion (GD) and Personal Interview (PI).
5. ***Appearing candidates are required to fill last passed examination (Vth Semester)*** details in *Academic Information* while applying in chancellor portal.
6. If reservation category viz. ST/SC/OBC/EWS is not selected correctly, it will be treated General Category.

**Important Dates:-**

| Details | Date |
|---|---|
| Online applying date | 29th May, 2025 |
| Date of Closing Portal | 30th June, 2025 |
| CET, GD & PI | 08th July, 2025 |
| Publication of Merit List | 18th July, 2025 |
| Date of Counselling | 21st July, 2025 and 22nd July, 2025 |
| Date of Admission | 21st July, 2025 to 25th July,2025 |

***Contact No-:*** 06546-291653 (Director's office), 82980011875 (Course Co-ordinator) 8603250126 (admission In charge)
*Further details please visit our website:* ***www.vbu.ac.in***

***Instruction for Counselling:-***
Candidates are required to bring the following documents at the time of counselling:-
1. All original certificate- Matriculation onwards
2. Original certificates (Caste & Domicile)
3. Original College Leaving Certificate (CLC)/Transfer Certificate.
4. Original Score Card (CMAT/MAT/CAT/XAT/CET etc.)
5. Self-attested photocopy of above document and printout of application form.
6. Three coloured recent Passport Size Photograph.
7. Those who are appearing in qualifying degree for admission in MBA are instructed to submit their result latest by 18th July 2025, failing which their admission is liable to be cancelled.
8. Date of admission is 21st July 2025' to 25th July'2025.

Sd/- (Dr.Amitava Samanta) Director UDM, VBU, Hazaribag — By order of the Vice-Chancellor Sd/- Registrar VBU, Hazaribag

Memo no.- MBA/VBU/3674/2025 — Dated-29/05/2025

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## एसबीयू में अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम और भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र का उद्घाटन

# स्वदेशी ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र (आइकेएस) के उद्घाटन एवं पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर लोकमाता की पावन स्मृतियों को याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विवि के आइकेएस केंद्र का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में श्री सोरेन ने विवि की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे भारत की स्वदेशी ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने एवं संस्थागत रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने इसे आनेवाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत लाभकारी करार दिया। विवि सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत राधा-कृष्ण, भगवान महादेव एवं पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर को पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण देने के लिए उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक वृहद भारत को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के रूप में जोड़ने के उनके कार्यों का स्मरण किया गया। इसके बाद भक्तिवेदांता विद्याभवन गुरुकुल, मुरी, रांची द्वारा तुलसी आरती की गयी।

भाजपा झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती त्रिशताब्दी वर्ष में सनातन धर्म के उत्थान और पुनर्स्थापना की दिशा में उनके प्रयासों की सराहना की और उनसे प्रेरणा लेने की




अपील की। एसबीयू में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना के लिए उन्होंने विवि परिवार की प्रशंसा की। राज्यसभा के सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समकालीन शिक्षा एवं नीति निर्माण में भारतीय मूल्यों की अनिवार्यता पर बल दिया।

कार्यक्रम में एसबीयू, आइकेएस प्रभारी प्रो नीलिमा पाठक ने केंद्र की दूरदृष्टि एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिसमें भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर आधारित अनुसंधान को बढ़ावा देने की बात कही गयी है। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध विरासत का संरक्षण केवल अतीत के प्रति श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उन शाश्वत मानवीय मूल्यों के संरक्षण का प्रयास है जो हमें एक समाज के रूप में जोड़ते हैं और प्रबुद्ध भविष्य की ओर ले जाते हैं।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो जगनाथन चोकलिंगम ने आइकेएस टीम को बधाई देते हुए भारतीय सभ्यता से प्रेरित मूल्यों के प्रति विवि की शैक्षणिक प्रतिबद्धता को दोहराया। विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के जीवन का संक्षिप्त एवं प्रेरणादायक विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें उनके शासन, परोपकार और आध्यात्मिक दृष्टिकोण को उन्होंने रेखांकित किया।

टाटा पावर के कॉर्पोरेट मामलों के रेजिडेंट मैनेजर, गोपाल प्रसाद बर्णवाल ने सेंटर स्थापना के विश्वविद्यालय के प्रयास की प्रशंसा की और आधुनिक शिक्षा प्रणाली में भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे एक समग्र एवं मूल्य-आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिल सके।

आध्यात्मिक गुरु एवं शिक्षाविद असीम कृष्ण दास (परियोजना निदेशक, भक्तिवेदांता विद्याभवन गुरुकुल) एवं एचजी गदाधर दास (संस्थापक, गुरुकुल) ने पारंपरिक गुरुकुल शिक्षा एवं आधुनिक ज्ञान प्रणाली के एकीकरण पर गहन विचार उपस्थित श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के जीवन एवं विरासत पर आधारित एक वृत्तचित्र का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार और समापन धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आरएम झा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, आरती कुजूर, जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, आरती सिंह, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, डॉ जीतू चरण राम, शशिभूषण भगत, प्रमोद सिंह, प्रभुदयाल बड़ाइक, प्रीतम साहू, माधुरी देवी, नेहा सिंह, रितेश उरांव, राजेंद्र महतो, भगीरथ महतो, शशि कांत सिंह, मुक्ति नाथ मिश्रा, प्रज्ञा भारती, मीनू सिंह, राजन साहू के अलावा विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने विवि में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के उद्घाटन और पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# महिलाओं के खातों में मंईयां सम्मान के पैसे आना शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुक महिलाओं के खातों में पैसे आना शुरू हो गये हैं। फिलहाल हर लाभुक को 2500 रुपये ही भेजे जा रहे हैं, जो अप्रैल माह की किस्त है। इससे पहले कयास लगाये जा रहे थे कि अप्रैल और मई दोनों महीने की राशि एक साथ ट्रासंफर की जायेगी, लेकिन अभी केवल अप्रैल माह की किस्त ही दी गयी है।

बता दें कि 13 मई को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने 9,609 करोड़ रुपये की राशि जिला कोषों में भेजी थी। तब उम्मीद की जा रही थी कि लाभुकों को 5000 रुपये की 2 किस्ते एक साथ मिलेंगी। लेकिन विभाग ने साफ निर्देश दिया था कि सिर्फ उन्हीं खातों में राशि भेजी जाये जिनकी जानकारी पूरी तरह सही हो। इस बार भी हर माहीने की 15 तारीख को किस्त भेजने की डेडलाइन पूरी नहीं हो सकी। वहीं विभाग की ओर से अब तक यह नहीं बताया गया है कि इस बार कितनी महिलाओं को राशि मिली है और मई माह की किस्त कब दी जायेगी। विभागीय अधिकारी इस पर स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं।




# सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करायें सीएम : बाबूलाल मरांडी

**नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर से स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर से स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि एक ओर केंद्र सरकार आदिम जनजाति जैसे वंचित समुदाय की प्रगति और कल्याण के लिए अनेक योजनाएं और प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार इस समुदाय की गर्भवती



महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाने तक की व्यवस्था नहीं कर पा रही है। भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गढ़वा अस्पताल रेफर किये गये आदिम जनजाती समुदाय के मरीज को ले जा रही 108 एंबुलेंस बीच रास्ते में खराब हो गयी। घंटों इंतजार के बाद भी दूसरी एंबुलेंस नहीं पहुंची, जिससे मरीज को वापस भवनाथपुर अस्पताल लाना पड़ा।

**एंबुलेंस की खराबी की जानकारी पहले से जिला प्रशासन को दी गयी थी:** पोस्ट में आगे लिखा है कि चिंताजनक बात यह है कि एंबुलेंस की खराबी की जानकारी पहले से जिला प्रशासन को दी गयी थी, लेकिन फिर भी सुधार नहीं कराया गया। यह स्थिति बताती है कि वंचित समुदाय की आवश्यकताओं को प्राथमिकता नहीं दी जा रही।

जब तक राज्य सरकार इस तरह की लापरवाही और असंवेदनशीलता को नहीं सुधारेगी, तब तक केंद्र सरकार की योजनाएं भी धरातल पर सफल नहीं हो पायेंगी। सीएम से कहा कि सिविल सर्जनों को निर्देश देकर जिलों के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

# सीएमपीडीआइ के 4 सेवानिवृत्त सदस्यों को सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआइ परिवार के 4 सदस्यों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर शुक्रवार को संस्थान के मयूरी हॉल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें केए पांडियन-महाप्रबंधक (सिविल), एबी रामाकृष्णन-महाप्रबंधक (भूविज्ञान), नीता प्रसाद-वरीय लिपिक एवं राज कुमार रजक-सहायक सुपरवाइजर शामिल हैं। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कंपनी की ओर से सम्मानित किया और सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य,



सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी एवं निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि सतीश कुमार केशरी, प्रलय भट्टाचार्यी, राजन कुमार रजक एवं सौविक देव और सीएमओएआइ के प्रतिनिधि अमृतांशु ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। स्वागत भाषण एवं मंच संचालन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कडंबार ने किया।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज और लोयोला ट्रेनिंग सेंटर के बीच एमओयू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज और लोयोला ट्रेनिंग सेंटर के बीच शुक्रवार को कॉलेज में एमओयू हुआ। अगले पांच साल के लिए हुए इस एमओयू पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे और लोयोला ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक फादर मार्क मुकुल लकड़ा, एसजे ने हस्ताक्षर किये। एमओयू के तहत दोनों संस्थानों का मुख्य उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण को और सशक्त करना होगा। अब दोनों संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रशिक्षण संबंधित बहुउद्देशीय ज्ञानार्जन कर सकेंगे। हस्ताक्षर के दौरान उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, डीएसडब्ल्यू डॉ संजय सिन्हा, आइक्यूएसी संयोजक डॉ शिव कुमार और प्रो गौतम रूद्रा उपस्थित थे।

# सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में निराश्रित को कराया गया भोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के प्रांगण में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में शुक्रवार को दीपक मोदी एवं नवीन मोदी के सौजन्य से 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभुजी को अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी खिलाया गया। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम सदगुरू कृपा अपना घर में विश्वनाथ मोदी, अशोक अग्रवाल, निर्मला गाड़ोदिया, महादेव शिव शंकर, मधुर मोतिका, पीके चौधरी, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, विनय प्रसाद, बृजमोहन प्रसाद, रूमा कुमारी, विकास विजयवर्गीय, निर्मला छावनिका, तुषार केडिया, छाया दत्ता, डूंगरमल अग्रवाल के



सौजन्य से सभी निराश्रित प्रभुजी को भोजन प्रसादी खिला कर सेवा की गयी। इस पुनीत कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पूर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, नंद किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान, सुनील पोद्दार, मधु जाजोदिया, अरविंद अग्रवाल, पवन कुमार पोद्दार, विष्णु सोनी, सुरेश भगत सहित अन्य सदस्यग उपस्थित थे।

# बरियातू रोड में होटल रमादा बाय विंधम का भव्य शुभारंभ

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया उद्घाटन

**अमेरिकी होटल ब्रांड रमादा बाय विंधम ग्रुप ने रांची में शुद्ध शाकाहारी होटल के साथ किया प्रवेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत सहित विदेशों में ग्राहकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाला रमादा बाय विंधम ग्रुप का रांची के बरियातू रोड में शुद्ध शाकाहारी होटल का भव्य शुभारंभ पूजन और मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसका उद्घाटन शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व केंद्रीय मंत्री सह मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और विधायक सीपी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। स्थानीय गायकों ने अपनी सुमधुर भजनों से लोगों को झुमाया। इस अवसर पर होटल रमादा बाय विंधम के एमडी पवन बजाज और निदेशक चंद्रेश बजाज ने बताया कि रमादा बाय विंधम अब रांची वासियों की सुविधा के लिए खुल गया है। लगभग 50



हजार वर्गफीट में फैले इस होटल में 67 बड़े डीलक्स सूट प्रीमियम रूम अत्याधुनिक सुविधा के साथ कमरे उपलब्ध हैं। वहीं, दो बड़े हॉल हैं, जो शादी विवाह, पार्टी, सामाजिक समारोह, सेमिनार आदि के उपयुक्त स्थान हैं। इसके अलावा पांच हजार स्क्वायर फीट का वातानुकूलित हॉल के साथ शुद्ध शाकाहारी वाले होटल में लोगों को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को परोसा जायेगा। इस रेस्टोरेंट में 150 से अधिक लोग एक साथ बैठ सकते हैं। यहां ग्राहकों की पूर्ण सुविधा का ख्याल रखा गया है। साथ ही बेकरी की भी सुविधा उपलब्ध है। होटल की ओर से ग्राहकों का ख्याल रखते हुए बर्थडे पार्टी, किटी पार्टी, सालगिरह आदि के लिए स्पेशल डिश की भी व्यवस्था रहेगी। लोगों को घर जैसा माहौल मिलेगा। यहां एक साथ 150 की संख्या में गाड़ी पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। जिम, योगा सेंटर, ओपन एरिया, वॉकिंग ट्रैक आदि की भी सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने बताया कि रमादा बाय विंधम ग्रुप का देश-विदेश में 9300 से अधिक होटल हैं। बरियातू रोड में बने इस होटल में आने वाले लोगों को एक अलग ही अनुभव होगा। मौके पर विधायक सीपी सिंह, नाइन हॉस्पिल्टी के सीइओ विक्रम सिंह चौहान, विंधम के प्रतिनिधि राहुल मेकरियस, संगीता बजाज, पूर्व सांसद अजय मारू, मीरा मुंडा, जीएम दिलीप मिश्रा, प्रमोद सारस्वत, डॉ अनंत सिन्हा, डॉ देबुका, डॉ दारुका, पूर्व आइएएस अरुण कुमार सिंह, कमल सिंघानिया, पवन शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# महिला स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) की रांची शाखा द्वारा भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रांची के सहयोग से एक स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर मेडिका हॉस्पिटल, रांची की वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ अंजना गांधी एवं डॉ सतीश शर्मा ने महिला स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। समय पर जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर कई रोगों से बचाव संभव है। यदि किसी भी प्रकार के असामान्य लक्षण महसूस हों, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। दोनों डॉक्टर ने महिलाओं में होने वाले प्रमुख रोगों में स्तन




कैंसर, गर्भाशय कैंसर, ह्रदय रोग, मधुमेह और हड्डियों के कमजोरी पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि वे संतुलित और पौष्टिक आहार, रोजाना काम से काम 30 मिनट की शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान और शराब से दूरी, योग और ध्यान से मानसिक तनाव कम कर और नियमित जांच से काफी हद तक बीमारियों से दूर रह सकती है। दोनों डॉक्टर ने सवांद के जरिये इस वार्ता में उपस्थित प्रतिभागियों कि स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के उतर दिये। आइसीएआइ रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया ने इस वार्ता के लिए उपस्थित दोनों डॉक्टर्स और लगभग 50 कि संख्या में उपस्थित महिला चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और अन्य का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान समाज की भलाई के लिए न केवल वित्तीय क्षेत्र में, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में भी योगदान देने को प्रतिबद्ध है। इस महिला स्वास्थ्य से संबंधित वार्ता के आयोजन में इसके संयोजक सीए रोहित जैन, सह-संयोजक सीए सावित्री झा और रिषिका पटेल का का महत्वपूर्ण योगदान था। इस वार्ता के अंत आइसीएआइ रांची शाखा के सचिव ने सीए भुवनेश ठाकुर के धन्यवाद् ज्ञापन से हुआ। इस वार्ता में रांची के सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष से सीए दिलीप कुमार भी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# वित्तीय सहायता और संसाधनों के आवंटन में झारखंड के साथ न्याय किया जाये : झामुमो

**झारखंड की विशेष जरूरतों को लेकर वित्त आयोग से झारखंड मुक्ति मोर्चा ने की अहम मांगें**

**राज्य की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए केंद्र से विशेष सहायता की अपील**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष राज्य के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन, पर्यावरणीय चुनौतियों, केंद्र-राज्य संबंधों में संतुलन और क्षेत्रीय विषमताओं को उजागर करते हुए कई अहम मांगें रखी हैं। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आयोग के समक्ष आग्रह किया है कि राज्य की विशेष परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए वित्तीय सहायता और संसाधनों के आवंटन में झारखंड के साथ न्याय किया जाये। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की ये मांगें केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राज्य के सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण से भी जुड़ी हुई हैं। पार्टी का मानना है कि यदि वित्त आयोग इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करता है, तो झारखंड को विकास की मुख्यधारा में लाने की दिशा में बड़ा कदम होगा।

## भौगोलिक और संरचनात्मक चुनौतियों से जूझता झारखंड

झारखंड एक अनुसूचित जनजाति बहुल राज्य है, जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से देश के अन्य राज्यों की तुलना में अधिक पिछड़ा हुआ है। राज्य की भौगोलिक विषमताएं, बड़े हिस्से में फैले नक्सल प्रभावित इलाके और दुर्गम क्षेत्र विकास को महंगा और जटिल बना देते हैं। ऐसे में झामुमो ने वित्त आयोग से आग्रह किया है कि राज्य की इन खास परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उसे सहायता अनुदान प्रदान किया जाये।

## कर व्यवस्था में असमानता, पिछड़े राज्यों की हिस्सेदारी बढ़े

झामुमो ने आयोग का इस ओर ध्यान दिलाया कि वर्तमान कर व्यवस्था में अधिकांश कर संग्रहण केंद्र सरकार के द्वारा किया जाता है, जिससे बड़े और विकसित राज्यों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ मिलता है। वहीं झारखंड जैसे छोटे और संसाधन-आधारित राज्यों को अपेक्षित हिस्सेदारी नहीं मिल पाती। झामुमो की मांग है कि करों के बंटवारे में पिछड़े राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ायी जाये ताकि वे भी देश के समग्र विकास में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

## खनिज संपदा से केंद्र को लाभ, राज्य को हानि

खनिज संपदा से भरपूर झारखंड को इसके दोहरे परिणाम भुगतने पड़ते हैं। एक ओर खनन से मिलने वाला बड़ा आर्थिक लाभ केंद्र को जाता है, तो दूसरी ओर पर्यावरण और सामाजिक नुकसान राज्य को उठाना पड़ता है। झामुमो ने यह मांग रखी है कि डीएमएफटी (डिस्ट्रिक मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट) में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाई जाये ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास और विकास पर समुचित खर्च किया जा सके।

## केंद्र सरकार के उपक्रमों पर भारी बकाया दिलायें

झारखंड सरकार के अनुसार केंद्र सरकार के उपक्रमों पर राज्य का करीब 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये बकाया है। इसे लेकर राज्य सरकार ने कई बार पत्राचार किया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। झामुमो ने वित्त आयोग से अपील की है कि इस राशि की वसूली में राज्य सरकार की मदद की जाये ताकि विकास कार्यों के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध हो सकें।

## अनुसूचित क्षेत्रों को मिले विशेष संरक्षण

झारखंड के कई क्षेत्र अनुसूचित पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आते हैं। झामुमो का कहना है कि जैसे छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों को विशेष अधिकार और सहायता मिलती है, वैसे ही पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों को भी विशेष वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए। इससे आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान और स्थानीय उद्यमी सशक्त होंगे और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी बढ़ेगी।

## जिलों को आपदा राहत सहायता की जरूरत

राज्य के कई जिले हर वर्ष असामयिक या कम वर्षा के कारण सूखा प्रभावित हो जाते हैं। झामुमो ने आग्रह किया है कि इन क्षेत्रों को आपदा प्रबंधन के तहत विशेष सहायता प्रदान की जाये ताकि कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायित्व मिल सके।

झारखंड में कई वर्षों के प्रयास के बावजूद क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) रेशियो में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। झामुमो ने वित्त आयोग से आग्रह किया है कि बैंकों को इस दिशा में विशेष निर्देश दिये जायें, ताकि राज्य में ऋण वितरण में वृद्धि हो और आर्थिक गतिविधियों को बल मिल सके।

## घटती केंद्रीय सहायता पर चिंता

झामुमो ने यह भी कहा कि हाल के वर्षों में झारखंड को मिलने वाली केंद्रीय सहायता में निरंतर गिरावट दर्ज की गयी है। यह स्थिति राज्य के विकास के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। वित्त आयोग से आग्रह किया गया है कि राज्य को न्यायसंगत हिस्सेदारी मिले और उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत की जाये।

# 16वें वित्त आयोग को भाजपा ने 22 सुझाव और मांगें रखीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 16वें वित्त आयोग के समक्ष भाजपा ने 22 सुझाव रखा। भाजपा की ओर से सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश संयोजक विधि प्रकोष्ठ भाजपा और राकेश प्रसाद प्रदेश उपाध्यक्ष ने वित्त आयोग के समक्ष अपने सुझाव और मांगें रखीं।



## भाजपा की मांगें और सुझाव

- राज्य की कर आय का ब्यौराः झारखंड बनने के बाद से राज्य की कर आय का वर्षवार ब्यौरा जारी किया जाये।
- पंचायत और नगरपालिका चुनावः राज्य में पंचायत और नगरपालिका चुनाव समय पर कराये जायें ताकि स्थानीय निकायों को केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि का लाभ मिल सके।
- वज्रपात मुआवजाः वज्रपात से मरने वालों के आश्रितों को मुआवजा राशि 4 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जाये।
- डूबने से मौत पर मुआवजाः नदी, तालाब आदि में डूबने से मरने वालों के आश्रितों को मुआवजा दिया जाये।
- हाथियों के उत्पात से नुकसानः हाथियों के उत्पात से जान-माल की क्षति होने पर ग्रामीणों को मुआवजा दिया जाये।
- दुर्घटना रोकथामः राज्य सरकार द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किये जा रहे प्रयासों का आंकड़ा जारी किया जाये।
- शिक्षा अनुदानः शिक्षा के क्षेत्र में दी जाने वाली सहायता अनुदान का ब्यौरा आम जनता के पास उपलब्ध कराया जाये।
- वन नेशन-वन ड्रेसः स्कूलों में एक समान ड्रेस कोड लागू किया जाये ताकि अभिभावकों को राहत मिल सके।
- वन नेशन-वन इलेक्शनः वन नेशन-वन इलेक्शन कराने से होने वाले लाभों का ब्यौरा चुनाव आयोग द्वारा जारी किया जाये।
- मतदाता सूची और आधार कार्ड : मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये जायें।
- चुनाव के दौरान सुरक्षा : चुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर मतदाताओं का एक दिवसीय बीमा किया जाये।
- इंफ्रास्ट्रक्चर विकासः झारखंड में इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति में सुधार के लिए विशेष प्रयास किये जायें।
- स्कूलों में सुविधाएंः स्कूलों में शौचालय, खेल का मैदान और विज्ञान प्रयोगशाला जैसी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें।
- पीने का पानीः झारखंड में पीने के पानी की समस्या का समाधान किया जाये।
- धार्मिक स्थलों का विकासः देवघर और रजरप्पा जैसे धार्मिक स्थलों का विकास कर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ायी जायें।
- अतिक्रमण हटाओः अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए एक बड़ा योजना बनायी जाये।
- स्थानीय निकायों को मजबूत करनाः पंचायत और नगरपालिका को मजबूत कर प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी सेवाओं का संचालन स्थानीय निकायों द्वारा किया जाये।

## फांसी लगा की आत्महत्या

रांची। खरसीदाग जंगल से खरसीदाग ओपी पुलिस ने पेड़ से लटकता युवक का शव बरामद किया है। ओपी प्रभारी भवेश कुमार ने बताया कि युवक मूल रूप से खूंटी का रहने वाला रामू नायक 55 था परंतु वर्तमान में तेतरी डहुटोली में परिवार के साथ रह रहा था। थाना पहुंचे उसके बेटों ने बताया कि दो साल पहले रामू की पत्नी की मृत्यु हो गयी थी, वहीं गुरुवार को खूंटी में रामू के बड़े भाई की लंबी बीमारी की वजह से मृत्यु हो गयी थी जिसकी जानकारी मिलने पर रामू ने शराब पी और जंगल में जाकर फांसी लगा ली। रामू के दो बेटे और चार बेटियां हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. 14/ET/SBP/ENGG/2025-26, दिनांक: 26.05.2025

(1) ई-निविदा सं.24-eT-DENC-SBP-25
**कार्य का नाम :** 30.06.2026 तक समयावधि के लिए सहायक मण्डल अभियन्ता / बरगढ़ के अधीन सम्बलपुर (IN) - डुंगुरीपाली (EX) सेक्शन में सिविल जोनल (ZONAL) कार्य का निष्पादन।
**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 2,00,19,919.80, **बिड सिक्युरिटी :** ₹ 2,50,100/-

(2) ई-निविदा सं.25-eT-DENC-SBP-25
**कार्य का नाम :** 30.06.2026 तक समयावधि के लिए सहायक मण्डल अभियन्ता / बलांगीर के अधीन डुंगुरीपाली (IN) - देवगांव रोड (IN) सेक्शन एवं बलांगीर (EX) - सोनपुर (IN) सेक्शन में सिविल जोनल (ZONAL)कार्य का निष्पादन।
**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,93,56,906.17, **बिड सिक्युरिटी :** ₹ 2,46,800/-

(3) ई-निविदा सं.26-eT-DENC-SBP-25
**कार्य का नाम :** 30.06.2026 तक समयावधि के लिए सहायक मण्डल अभियन्ता / बरगढ़ के अधीन सम्बलपुर (IN) - डुंगुरीपाली (EX) सेक्शन में सिविल जोनल (ZONAL)कार्य का निष्पादन (ब्रिज मरम्मत कार्य हेतु)।
**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 73,92,941.64, **बिड सिक्युरिटी :** ₹ 1,47,900/-

(4) ई-निविदा सं.27-eT-DENC-SBP-25
**कार्य का नाम :** 30.06.2026 तक समयावधि के लिए सहायक मण्डल अभियन्ता / बलांगीर के अधीन डुंगुरीपाली (IN) - देवगांव रोड (IN) सेक्शन एवं बलांगीर (EX) - सोनपुर (IN) सेक्शन में सिविल जोनल (ZONAL)कार्य का निष्पादन (ब्रिज मरम्मत कार्य हेतु)।
**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 67,71,823.70, **बिड सिक्युरिटी :** ₹ 1,35,500/-

**कार्य पूरा होने की अवधि:** 30.06.2026 (सभी निविदाओं के लिए)।
**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 19.06.2025 को 1500 बजे (सभी निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), सम्बलपुर
PR-179/Q/25-26

## महत्वपूर्ण खबरें

### राजभवन में एनइपी 2020 और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के राज्यपाल के निर्देशानुसार राजभवन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी 2020) के कार्यान्वयन और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो (डॉ) एस. चटर्जी ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य एनइपी 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ भारतीय परंपरागत ज्ञान प्रणाली को शिक्षा के मूल में लाना था। आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, रांची ज्ञान, विज्ञान एवं जीवन दर्शन को आत्मसात कर नैतिक, मानवीय और संवैधानिक मूल्यों को विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। यह पहल न केवल शिक्षा को भारतीय दृष्टिकोण से समृद्ध बनाने की दिशा में है, बल्कि यह विद्यार्थियों में सांस्कृतिक गौरव और नैतिक मूल्यों का भी संचार करती है।

### आइएसएम पुंदाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट (आइएसएम) पुंदाग रांची में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ रणजीत कुमार सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक टूल के रूप में इस्तेमाल कर चहुमुखी विकास पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो दिलीप मोहन चंद्रन ने भविष्य में एआइ की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ रविंद्र रेना ने शिक्षा और कौशल विकास में एआइ को विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग में लाने की सुझाव दी। जेके कॉलेज, थाने (मुंबई विश्वविद्यालय) की प्राचार्या डॉ श्रद्धा मौर्य भौम ने सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव को बढ़ाने के लिए एआइ के प्रयोग के बारे में बताया। तकनीकी सत्र में डॉ आनंद कुमार ने थर्मल टूरिज्म में एआइ की भूमिका पर प्रकाश डाला। शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े 10 विद्वानों ने अपने-अपने पेपर्स प्रस्तुत किये। 31 मई को तकनीकी सत्र में एआइ के उपयोग से आने वाली चुनौतियों और अवसर पर विशेष चर्चा आयोजित की जायेगी।

### रामगढ़ में मंडा पूजा का भव्य आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ के बारलौंग और लोधमा गांव में मंडा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छाऊ नृत्य, फूलखुंदी और झूलन के साथ भव्य पूजा संपन्न हुई। इस आयोजन में केंद्रीय मंडा पूजा समिति के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। भोक्ताओं ने जलती हुई अग्नि कुंड में नंगे पांव चलकर शिव तपस्या का परिचय दिया। इसके अलावा, प्रातः तड़के भोक्ताओं को बनास कांटा पीठ पर घोप एक लकड़ी के खंभे में सभी को बारी-बारी से झुलाया गया और भोक्तागण ऊपर से आस्था के फूल बरसाये। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष राजकुमार महतो ने कहा कि मंडा पूजा झारखंड राज्य में सैकड़ों वर्षों से मनाया जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि इसे जल्द राजकीय पर्व घोषित किया जाये। केंद्रीय मंडा पूजा समिति झारखंड ने आयोजन में शामिल हुए पदाधिकारियों और भोक्ताओं को अंग वस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस आयोजन में केंद्रीय महासचिव उदय पासवान, उपाध्यक्ष भोला चौधरी, रणजीत राम, रामगढ़ जिला अध्यक्ष संजय कुमार और विक्रम कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

# साइबर ठगी का मामला:ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर 3 लाख 96 हजार रुपये निकाल लिये

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के मलश्रृंग निवासी भीम कुमार साइबर ठगी के शिकार हो गये। उनके बैंक खाते से बिना ओटीपी के दो बार में ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर 3 लाख 96 हजार रुपये निकाल लिये गये। भीम कुमार को आशंका है कि उनका मोबाइल हैक कर उनके नंबर को 9635085431 पर कॉल फॉरवर्ड किया गया है। इस नंबर का उपयोग कर उनके बैंक खाते से अवैध ट्रांजैक्शन किया गया। भीम कुमार के अनुसार, जिस बैंक खाते से अवैध ट्रांजैक्शन किया गया है, वह केनरा बैंक का है और उसका खाता संख्या 110218740530 है। इस खाते से आयुष कुमार नाम के व्यक्ति के केनरा बैंक शाखा सिलीगुड़ी में ट्रांजैक्शन किया गया है। भीम कुमार ने अपने बैंक शाखा में जाकर अवैध निकासी की जानकारी दी और साइबर थाना में लिखित आवेदन देकर जांच करवाने की मांग की है।

**साइबर अपराधी गिरफ्तारः रांची।** क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगी करने वाले एक साइबर अपराधी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने बताया कि 28 अप्रैल को रांची के साइबर थाने में सूरज नाम के एक व्यक्ति ने आवेदन देकर बताया कि आरबीएल क्रेडिट कार्ड का चार्ज कटने के नाम पर एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप पर लिंक और एपीके फाइल भेजकर उनके क्रेडिट कार्ड से कुल 1,08,479 रुपये की अवैध निकासी कर एक कमर्शियल वेबसाइट से कई कीमती सामान ऑर्डर किया है। आवेदन मिलने के बाद साइबर अपराध थाना में आइटी एक्ट के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया।

## प्रशिक्षु शिक्षकों के एजुकेशनल सर्वे की रिपोर्ट पर होगा शैक्षणिक शोध



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सत्र 2024-26 के 10-10 प्रशिक्षु शिक्षकों की टोली ने सुकुरहुटू एवं सेमरटोली की विभिन्न बस्तियों उगुटीली, नायक टोली, रामबगन, फुटकलटोली के कुल 1000 से अधिक घरों में संपर्क किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रमण कुमार झा ने बतलाया कि एजुकेशनल सर्वे करने का उद्देश्य प्रशिक्षु शिक्षकों का सर्वांगीण विकास करना है। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ ओम प्रकाश ने झारखंड सरकार एवं भारत सरकार द्वार चलाये जा रहे योजना को बतलाया। एजुकेशनल सर्वे के प्रभारी डॉ जाकिर हुसैन ने बतलाया कि एजुकेशनल सर्वे हमारे पाठ्यक्रम में सम्मिलित है जिसे हम सभी प्रशिक्षु शिक्षकों को प्रशिक्षित कर क्षेत्रों में पूरी तैयारी के साथ भेजते हैं। सर्वे में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ ओम प्रकाश तिवारी, प्रो राकेश यादव, प्रो भागीरथ आर्य, डॉ रितेश, डॉ समीर, प्रो धनंजय, प्रो दुलाल, डॉ मजहरूल हक, प्रो पंकज मेहता का मार्गदर्शन रहा। सीआइपी से डॉ प्रीथा रॉय, डॉ हरजीत का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## 56वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। नेशनल कोल ऑर्गेनाइजेशन इंप्लाइज एसोसिएशन (सीटू) के सीएमपीडीआइ शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को सीएमपीडीआइ परिसर में अपना 56वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। ऑल इंडिया कोल वर्कर फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष तथा जेबीसीसीआई के स्टैंडर्डराइजेशन कमेटि के सदस्य आरपी सिंह ने यूनियन झंडा फहराया। इस अवसर पर यूनियन के सीएमपीडीआइ (मुख्यालय)-रांची, सीसीएल-रांची एवं क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के शाखा के प्रतिनिधि/सदस्य कॉमरेड समीर विश्वास, प्रलय भट्टाचार्य, रोहित सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, विनोद सिंह, सुभाशीष बनर्जी, नरेंद्र सिंह, साजिदा खातून, गीता देवी, सिद्धिकी बेगम आदि सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## रांची रेल मंडल के 7 रेलकर्मी सेवानिवृत्त हुए



रांची (आजाद सिपाही)। रांची रेल मंडल के 7 रेलकर्मी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। इन सभी को सेवानिवृत्ति से संबंधित समस्त भुगतान सौंपा गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक हेमराज मीना ने कहा, आप सभी ने रेलवे में लंबा और सराहनीय योगदान दिया है। अपने पैसे का सुरक्षित निवेश करें, और ध्यान रखें कि आजकल साइबर फ्रॉड बहुत बढ़ गये हैं। इनसे सतर्क रहें। पैसे को दुगना-तिगुना करने का झांसा देने वाली फर्जी संस्थाओं से सावधान रहें। सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आलोक कुमार राय ने सभी का स्वागत किया और सभा का संचालन भी किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, सेवानिवृत्ति के बाद आपका एक नया जीवन प्रारंभ हो रहा है। आपकी अर्जित संपत्ति आपके वर्षों के परिश्रम का फल है, इसलिए इसे सुरक्षित रखें और सोच-समझकर निवेश करें। सहायक मंडल लेखा अधिकारी सुनील कुमार दास ने कहा, आपने अपना महत्वपूर्ण समय रेलवे को दिया है। अब जो धनराशि आपको प्राप्त हुई है, वह आपके जीवन भर की कमाई है। इसका निवेश सोच-समझकर और सुरक्षित तरीके से करें। ऑल इंडिया रेलवे रिटायर्ड फेडरेशन, रांची के सचिव श्री चंचल सिंह ने भी सभा को संबोधित किया। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के नाम इस प्रकार हैं : श्यामा तिग्गा, अजित कुमार महतो, झुरु महतो, मो. मुक्तार अली अंसारी, फ्रांसिस जेवियर होरो, ध्रुबा चरण भोई एवं यूके नायक।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/खड़गपुर-721301, निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, जो सामने अंकित तिथि पर 12:00 बजे से पहले तक जमा किए जा सकते हैं। **क्र. सं.:** 1; **निविदा सूचना संख्या: 114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-06 आर1; कार्य का विवरणः** खड़गपुर मंडल - चरण-II के रूप में खड़गपुर मंडल के विभिन्न स्थानों पर 01 किलोवाट से 50 किलोवाट तक के ऑन ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना। **निविदा मूल्यः** ₹ 13,11,75,492.66; **बोली सुरक्षा/ईएमडीः** ₹ 8,05,900.00; **खुलने की तिथिः** 19.06.2025; **निविदा दस्तावेज की लागतः** शून्य। **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से **क्र. सं. (i)** के लिए 6 महीने। **जमा करने की तिथिः** 19.06.2025 को 12:00 बजे तक। इच्छुक निविदाकर्ता पूर्ण विवरण, जानकारी, निविदा की विशिष्टताओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। किसी भी स्थिति में इस कार्य हेतु मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा। नोटः इच्छुक बोलीदाता सभी निविदा में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-222)

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.593 Dated- 16/04/2025 I, LALITA KUMARI W/O JAIBEER SOREN, age about 24 years, by faith-Hindu, by occupation Housewife, by Nationality - Indian, resident of Village-Bongahara, Tiliyatand, P.O. Hesagarha, P.S. Mandu, Distt-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That my actual and correct name is **LALITA KUMARI** which has been mentioned in my educational certificate, Aadhar Card, bearing no 5275 8655 6109 and PAN card bearing no. PYLPK5765E.
2. That due to mistake my name as **LALIY HANSDA** has been mention in Bank Passbook of Bank of India branch Giddi, bearing A/c No. 482310110005004.
3. That **LALITA KUMARI** and **LALIY HANSDA** both names are same and single lady i.e. myself.
4. That my father's actual and correct name is **BOTHRA MANJHI** which has been mentioned in my educational certificate,
5. That due to mistake my father's name as BOTHADA HANSDA has been mention in my Bank Passbook of Bank of India branch Giddi, bearing A/c No. 482310110005004.
6. That **BOTHRA MANJHI** and **BOTHADA HANSDA** both names are same and single person i.e. my father.
7. That this affidavit is required for authority concern.
8. That above statements made by me are true and correct to the best of my knowledge and belief.

**Court Notice**

In the court of civil Judge II (Sr. Div.), at Seraikella
Ori. Suit No. 45/2022
Shiva Gorai and ors.................................. ..plaintiffs
V/s
Basanti Gorai and ors............................... Defendants

To
Defd. No. 6 Gurubari Gorai W/o late Bonamali Gorai D/o Late Mali Gorai R/o Shankosai, Mango
Defd. No. 8 Manju Devi W/o Late Suphal Gorai D/o Late Nimai Gorai R/o Daigutu, Mango, Road No. Krishna Road, both are of P.O. & P.S. Mango, Jamshedpur, Dist: East Singhbhum
Defd. No. 9 Kalpana Gorai W/o Gopal Gorai D/o Late Nimai Gorai R/o Jaganathpur(Satbahani), P.O. Gamharia, P.S. Adityapur, Dist: Searaikella-Kharsawan, 832108
Defd. No. 10 Tuke Gorai D/o Late Nimai Gorai R/o Gamharia, P.O. Gamharia, P.S. Adityapur, Dist: Searaikella-Kharsawan, 832108
Defd. No. 21 Kanu Gorai S/o late Buchu Gorai and Basanti Gorai (Mother), G/son of Late Surendra Gorai R/o Bara Gamharia, P.O. Gamharia, P.S. Adityapur, Dist: Searaikella-Kharsawan, 832108
Defd. No. 22 Somir Gorai S/o Late Buchu Gorai, G/son of Late Surendra Gorai R/o Bara Gamharia, P.O. Gamharia, P.S. Adityapur, Dist: Searaikella-Kharsawan, 832108
Defd. No. 23 Madhusudan Gorai S/o Late Buchu Gorai G/son of Late Surendra Gorai both are R/o Bara Gamharia, P.O. Gamharia, P.S. Adityapur, Dist: Searaikella-Kharsawan, 832108
Defd. No. 24 Podda Gorai M/o Krishna Gorai and D/o Late Buchu Gorai, R/o Ghorabandha, P.O. Ghorabandha, P.S. Govindpur, Dist: East Singhbhum, 831004
Defd. No. 25 Shefali Gorai W/o Mithu Gorai and D/o Late Buchu Gorai, R/o Ghorabandha, P.O. Ghorabandha, P.S. Govindpur, Dist: East Singhbhum, 831004
Defd. No. 26 Ganesh Gorai S/o Maga Gorai and M/o Late Geta Gorai and G/Son of Late Surendra Gorai, R/o Kashidih P.O. Gamharia, P.S - R.I.T, Dist: Searaikella-Kharsawan, 832108
Defd. No. 27 Kartik Gorai S/o Maga Gorai and M/o Late Geta Gorai and G/ Son of Late Surendra Gorai R/o Kashidih P.O. Gamharia, P.S-R.I.T, Dist: Searaikella-Kharsawan, 832108
Defd. No. 28 Kali Charan Gorai S/o Maga Goral and M/o Late Geta Gorai and G/ Son of Late Surendra Gorai, R/o Kashidih P.O. Gamharia, P.S-R.I.T, Dist: Searaikella-Kharsawan, 832108
Defd. No. 29 Parbati Gorai W/o Niraj Gorai and D/o Late Surendra Gorai, R/o Kadma Bhatia Basti, Near Nagar Coat Complex, P.S. Kadma Jamshedpur, Dist: East Singhbhum
Defd. No. 30 Sandhya Gorai W/o Late Rathu Gorai D/o Late Surendra Gorai, R/o Chandil, Near Haat Bazar, P.O. Chandil P.S. Chandil, Dist: Seraikella-Kharsawan, 832401
Defd. No. 31 Urmila Gorai W/o Bora babu D/o Late Surendra Goral, R/o Khorka Sai, P.O. Borojuri P.S. Ghatsila, Dist: East Singhbhum, 832303

Whereas the above plaintiff has instituted a original title partition suit against the defendants including you are also in respect of suit land of Mouza, Murkum Khata No. 143 of Gamharia for declaration of preliminary decree for partition of schedule property with metes and bounds.
You are here by summon to appear before the court as well as registered postal notice through the process server of this court.
You are here by notice through publication in a daily news paper to appear in person or through your lawyer before this court in the suit on the date fixed 17th day of June 2025 at 10.30'O clock in this suit for your appearance, falling which the suit will be heard in your absence.
Given under my hand and seal of this court the 7th day of March 2025.

Sd. /-
Civil Judge II(Senior Division)
At Seraikella
Date:01/02/2025

# यूएस का घाटा

सभी विदेशी स्टूडेंट्स के वीजा इंटरव्यू रोकने और उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच करने का फैसला लेकर ट्रंप प्रशासन ने विश्वविद्यालयों के साथ अपनी लड़ाई और बढ़ा दी है। ट्रंप चाहते हैं कि दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज में उनके मन मुताबिक फैसले लिए जाएं, लेकिन इसका विपरीत असर अमेरिका की छवि पर पड़ रहा है।

**सख्त रवैया :** अमेरिकी विश्वविद्यालयों की स्वायत्ता और उनमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ट्रंप का रुख अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से रूखा रहा है। वीजा पर ताजा कदम को उससे अलग करके नहीं देखा जा सकता। ट्रंप हर तरह से यूनिवर्सिटीज पर दबाव बनाना चाहते हैं। कार्यकाल की शुरूआत में ही उन्होंने भारतीय समेत कई विदेशी स्टूडेंट्स का वीजा इस आधार पर रद्द कर दिया था कि वे कानून विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। इसके बाद हार्वर्ड से जुड़ा विवाद सामने आया।

**आर्थिक असर :** ट्रंप अपने हर फैसले को 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' की शक्ल दे देते हैं। विदेशी स्टूडेंट्स पर रोक को इस तरह प्रचारित किया जा रहा है, मानो अमेरिकी विश्वविद्यालयों की सारी सीटें बाहर के छात्रों से ही भर जाती थीं और स्थानीय लोगों को मौका नहीं मिल पाता था। हालांकि असल बात यह है कि विदेशी स्टूडेंट्स बिना किसी सरकारी मदद के पढ़ते हैं और ज्यादा फीस देते हैं। उन पर रोक से अमेरिकी यूनिवर्सिटीज को आर्थिक झटका लगेगा। हार्वर्ड पर तो पहले ही सरकारी अनुदान में कटौती की मार पड़ी है।

**ट्रंप हर तरह से यूनिवर्सिटीज पर दबाव बनाना चाहते हैं। कार्यकाल की शुरूआत में ही उन्होंने भारतीय समेत कई विदेशी स्टूडेंट्स का वीजा इस आधार पर रद्द कर दिया था कि वे कानून विरोधी गतिविधियों में शामिल थे।**

**छात्रों में संशय :** ग्रेट यानी महान होने का मतलब केवल आर्थिक और सैन्य ताकत बनना नहीं होता। महान बनने का मतलब यह भी है कि वहां सभी के लिए बराबरी के मौके हों और अभी तक अमेरिका की यही पहचान रही है । विदेशी स्टूडेंट्स सबसे ज्यादा अमेरिका जाते हैं। 2023-24 सेशन में, अमेरिका में पूरी दुनिया से सबसे ज्यादा 11.26 लाख स्टूडेंट्स पहुंचे थे । केवल भारत से ही 3.3 लाख स्टूडेंट्स गए थे। लेकिन, ताजा हालात में ये सभी आशंकाओं से भरे हुए हैं।

**आइटी उद्योग पर असर:** अमेरिका की आइटी और टेक इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने में भारतीयों की बहुत बड़ी भूमिका है। वैश्विक स्तर पर अकको लेकर मची होड़ में अमेरिका को और प्रतिभाएं चाहिए । इलॉन मस्क भी यह बात कह चुके हैं, लेकिन ट्रंप की नीतियों की वजह से इन प्रतिभाओं के लिए अमेरिका में मौका मिलना मुश्किल हो रहा है और यह खुद अमेरिकी इंडस्ट्रीज के लिए अच्छा नहीं है।

**विचारों पर पहरा:** अमेरिकी समाज और वहां के विश्वविद्यालय वैश्विक विविधता का सबसे बड़ा उदाहरण हैं। विभिन्न जगहों से आए स्टूडेंट्स जब एक छत के नीचे मिलते हैं, तो नए विचार पनपते हैं। इसमें सोशल मीडिया का भी रोल है। ट्रंप का इस पर पहरा लगाना नए विचारों पर पहरा लगाने की तरह है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**स्वाभाविक ही आवश्यकता अनुसार विदेश मंत्रालय की ओर से भी प्रतिनिधि हैं और यात्रा से संबंधित देशों का दूतावास भी पूरी तरह इनके साथ लगा है। 3 जून तक प्रतिनिधिमंडल विदेश यात्रा पर रहेगा। सामान्य तौर पर इसका लक्ष्य यही बताया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर और उसके पूर्व पहलगाम हमले को केंद्र में रखते हुए पाकिस्तान की दुर्नीतियों, संपूर्ण आतंकवादी विषयों पर भारत का पक्ष सविस्तार रखने के साथ उन्हें अपने पक्ष से सहमत कराने की भी कोशिश होगी।**

# दुनिया भर में गये प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य स्पष्ट है

**अवधेश कुमार**

इस समय सभी दलों के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल 7 समूहों में दुनिया के अलग-अलग 33 देशों की यात्राओं पर है। इसके साथ विदेश मंत्रालय के कुछ पुराने और अनुभवी राजनयिक भी हैं। स्वाभाविक ही आवश्यकता अनुसार विदेश मंत्रालय की ओर से भी प्रतिनिधि हैं और यात्रा से संबंधित देशों का दूतावास भी पूरी तरह इनके साथ लगा है। 3 जून तक प्रतिनिधिमंडल विदेश यात्रा पर रहेगा। सामान्य तौर पर इसका लक्ष्य यही बताया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर और उसके पूर्व पहलगाम हमले को केंद्र में रखते हुए पाकिस्तान की दुर्नीतियों, संपूर्ण आतंकवादी विषयों पर भारत का पक्ष सविस्तार रखने के साथ उन्हें अपने पक्ष से सहमत कराने की भी कोशिश होगी। हालांकि विपक्ष के सांसद इसमें शामिल हैं, किंतु जिस तरह की आवाजें उठीं वह इस विषय पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के संदर्भ में भी भारत की अपरिहार्य आंतरिक राजनीतिक एकता के विपरीत था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने अपने सोशल मीडिया पर लंबा-चौड़ा पोस्ट करते हुए इसे प्रधानमंत्री की विदेश नीति और कूटनीति की सफलता का प्रतिबिंब बता दिया। उन्होंने कहा कि आज उन्हें मजबूर होकर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना पड़ रहा है। कांग्रेस, तृणमूल आदि पार्टियों की समस्या यह भी थी कि हमसे बिना पूछे हमारे सांसदों को क्यों शामिल किया गया और जिन्हें हम नहीं चाहते थे वे उसमें शामिल क्यों हैं? इस विषय पर 2 राय हो सकती हैं पर सरकार को भी यह अधिकार होना चाहिए कि ऐसे मामलों में सूक्ष्मता से योग्यता के आधार पर सांसदों का चयन कर उन्हें विदेश भेजा जाये और चूंकि सभी सांसद उनकी पार्टियों के ही हैं, इसलिए समस्या नहीं होनी चाहिए। हमारे देश में अत्यंत कठिन समय में भी ऐसे राजनीतिक विवेक की अपेक्षा हम नहीं कर सकते।

**विश्व के किसी प्रमुख देश ने भारत की कार्रवाई का न विरोध किया और न एक प्रतिकूल बयान दिया।**



**...भारत का संकल्प अटूट है। प्रधानमंत्री ने स्वयं ऑपरेशन सिंदूर को अखंड प्रतिज्ञा कहा है। भारत की घोषणा दो टूक है, आतंकवादी कार्रवाई युद्ध मानी जायेगी, पाकिस्तान के साथ न व्यापार होगा, न बातचीत और उसने आतंकवाद नहीं रोका तथा सैन्य दुस्साहस किया तो हम इससे ज्यादा शक्ति से कार्रवाई करेंगे।**

बहरहाल इस विषय को छोड़ आगे बढ़ते हैं। देशों के चयन की दृष्टि से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 5 स्थायी सदस्यों में से चीन को छोड़ अमेरिका, फ्रांस ब्रिटेन और रूस शामिल हैं। साथ ही 10 अस्थायी सदस्यों में पाकिस्तान और सोमालिया को छोड़ अन्य 8 अल्जीरिया, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया, सियरा लियोन, गुयाना, पनामा, स्लोवेनिया और ग्रीस भी शामिल हैं। सऊदी अरब पाकिस्तान का भी मित्र देश है, लेकिन उसने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ होने की बात कही थी। ओआइसी देश जम्मू-कश्मीर पर बीच-बीच में भारत विरोधी प्रस्ताव पारित कर देते हैं।

इस संगठन ने ऑपरेशन सिंदूर के विरुद्ध भी बयान जारी किया था, तो यह आवश्यक है कि उनसे भी संपर्क करके अपनी बात बताई जाये। यह सोच ही निराधार है कि ऑपरेशन सिंदूर विषय पर अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत का पक्ष कमजोर है इसलिए हमें प्रतिनिधिमंडल भेजना पड़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बीच, उसके पहले तथा बाद में भी हमारी कूटनीति एक क्षण के लिए रुकी नहीं। संपूर्ण विश्व में विदेश मंत्री, विदेश सचिव, अन्य अधिकारी व स्वयं प्रधानमंत्री बातचीत करते रहे। विश्व के किसी प्रमुख देश ने भारत की कार्रवाई का न विरोध किया और न एक प्रतिकूल बयान दिया। विश्व के प्रमुख देशों का चरित्र है कि जब आतंकवादी हमले होंगे वे इसके विरुद्ध बयान जारी करेंगे, साथ होने की भी घोषणा करेंगे, किंतु जब आप साहस के साथ पराक्रम और पुरुषार्थ दिखाते हुए सीमा पार कर कार्रवाई करेंगे तो कोई सक्रिय साथ देने नहीं आयेगा। कुछ देशों की छाती फटेगी और युद्ध रोकिए-युद्ध रोकिए की आवाज उठेगी। वही हुआ है।

भारत का संकल्प अटूट है। प्रधानमंत्री ने स्वयं ऑपरेशन सिंदूर को अखंड प्रतिज्ञा कहा है। भारत की घोषणा दो टूक है, आतंकवादी कार्रवाई युद्ध मानी जायेगी, पाकिस्तान के साथ न व्यापार होगा, न बातचीत और उसने आतंकवाद नहीं रोका तथा सैन्य दुस्साहस किया तो हम इससे ज्यादा शक्ति से कार्रवाई करेंगे।

इस यात्रा के उद्देश्यों को समझने की दृष्टि से कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा न्यूयार्क में दिये गये विस्तृत वक्तव्य की कुछ बातों का उल्लेख प्रासंगिक है। थरूर की ये पंक्तियां देखिए- अब हम इस बात के लिए दृढ़ संकल्पित हैं कि इस मामले में कोई नया निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए। हमने सब कुछ आजमा लिया है, अंतरराष्ट्रीय डोजियर, शिकायतें... सब कुछ आजमा लिया गया है। पाकिस्तान इंकार करता रहा है, किसी को भी दोषी नहीं ठहराया गया, कोई गंभीर आपराधिक मुकद्दमा नहीं चलाया गया, उस देश में आतंकी ढांचे को खत्म करने का कोई प्रयास नहीं किया गया, और सुरक्षित पनाहगाहें बनी रहीं... आप (पाकिस्तान) ऐसा करें, आपको यह वापस मिलेगा और हमने इस आप्रेशन (ऑपरेशन सिंदूर) के साथ यह दिखा दिया है कि हम इसे सटीकता के साथ कर सकते हैं। विशिष्ट आतंकवादी ठिकानों, मुख्यालयों और लांच पैडों पर बहुत सटीक और सोची-समझी कार्रवाई की गयी।

इस तरह किसी को रत्ती भर भी संदेह नहीं होना चाहिए कि प्रतिनिधिमंडल भेजने के पीछे भारत की वर्तमान तथा भविष्य में होने वाली कार्रवाइयों के लिए व्यापक आधार बनाना है, जिसमें पाकिस्तान को अलग-थलग करने की भी स्थिति पैदा हो।

## कोल्हान की खबरें

# बहरागोड़ा में मार्केट कांप्लेक्स और मैरिज हॉल का होगा निर्माण, सांसद-विधायक ने रखी आधारशिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बहरागोड़ा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत पाटपुर में विधायक समीर महंती के द्वारा स्थानीय विकास को नयी गति देने हेतु निर्माण परियोजनाओं की आधारशिला रखी गयी। इन योजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक संरचना को मजबूत करना है। शुक्रवार को विधायक की अनुशंसा पर स्वीकृत योजनाओं का सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक समीर कुमार महंती ने नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया।परियोजनाओं में जिला परिषद डाक बंगला परिसर में 66 दुकान के लिए एक भव्य मार्केट कॉम्प्लेक्स,एक शानदार मैरिज हॉल एवं अतिरिक्त दुकानों का निर्माण, 26 दुकानों के लिए एक अन्य मार्केट कॉम्प्लेक्स शामिल हैं। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू ने कहा इन विकास योजनाओं के माध्यम से पाटपुर क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही यह क्षेत्र आर्थिक दृष्टि से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकेगा।मौके पर उपाध्यक्ष पंकज कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, सचिव गुरुचरण मंडी, रासबिहारी साव, नव कुंवर, निर्मल दुबे, मदन मन्ना, अरुण बारीक, जीतू राउत, सुमित माईती, पप्पू राउत, बिशु ओझा, खितिश मुंडा, नरेश मंडल, जितेंद्र ओझा, कमल दत्त, सुनील हेंब्रम, पिंटू दत्ता, राकेश दास, दीपक सिंह, शांति गोपाल दास, राजीव लंका सहित भाजपा नेतागण शामिल रहे।

# गुरु अर्जुनदेव का बलिदान लोगों को युगों-युगों तक देशप्रेम की प्रेरणा देता रहेगा : अमरप्रीत सिंह काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** शुक्रवार को साकची काली माटी रोड पर गुरु अर्जुन देव महाराज के पावन शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित मीठे जल एवं चने की छबील सेवा में सहभागिता की और संगत का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। यह सेवा साकची गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ समाजसेवी सरदार सुरजीत सिंह (छीते पाजी), उनके परिवारजनों तथा स्थानीय व्यापारियों के सहयोग से संपन्न हुई।

यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि गुरु अर्जन देव महाराज के उस अतुलनीय बलिदान की स्मृति है, जिसे उन्होंने देश और धर्म की मयार्दा और राष्ट्र की आत्मा की रक्षा के लिए सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने न केवल सिख पंथ को नेतृत्व प्रदान किया, बल्कि जुल्म के शासन के दौरान गलत को गलत कहते हुए सम्पूर्ण मानवता को सत्य, सहिष्णुता और साहस का मार्ग दिखाया।

गुरु अर्जुन देव महाराज का बलिदान इस बात का प्रतीक है कि जब भी धर्म, सत्य और राष्ट्र पर संकट आता है, संत और महापुरुष अपने प्राणों की आहुति देकर भी मानवता की रक्षा करते हैं।

आज जब राष्ट्र अनेक प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहा है, सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रहार, सामाजिक विषमता और मानसिक भ्रम, ऐसे समय में गुरु अर्जन देव जैसे ब्रह्मज्ञानी संतों के बलिदान को स्मरण करना नितांत आवश्यक है। काले ने कहा कि जो राष्ट्र अपने गुरुओं का बलिदान भूल जाता है, वह कभी गौरवशाली भविष्य नहीं गढ़ सकता। यह समय है जब हम अपने युवा पीढ़ी को यह समझाएं कि राष्ट्र और धर्म की रक्षा केवल सीमाओं पर नहीं, विचारों और मूल्यों की रक्षा से भी होती है।

# कोलाबिरा में बुजुर्ग महिला से 50 हजार की लूट, जांच शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के कोलाबिरा में शुक्रवार को बाइक सवार दो बदमाश ने एक बुजुर्ग महिला से दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम देखकर फरार होगया। उधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुचे पुलिस जांच में जुट गई। कोलाबिरा निवासी विपुला महतो ने बताया बैंक ऑफ इंडिया से 50 हजार निकालकर अपने घर लौट रही थीं। उस दौरान दो बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने उनका रुपयों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। यह घटना सुबह लगभग 11 बजे की है।महिला ने बताया बाइक सवार युवकों ने पीछा कर बैग छीनते हुए सिनी की ओर फरार होगया। वही मौके पर पहुचे थाना प्रभारी सतीश कुमार बरनवाल ने मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। फिलहाल पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए जांच कर दी।

# ग्रासरूट्स हॉकी फेस्टिवल का समापन पोखरी टीम चैंपियन, कोच सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर नवल टाटा हॉकी अकादमी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ईस्ट सिंहभूम के सहयोग से 8 दिवसीय ग्रासरूट्स हॉकी फेस्टिवल 2025 का समापन धूमधाम से संपन्न होगया। शुक्रवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड हॉकी के उपाध्यक्ष सह हॉकी एसोसिएशन ऑफ ईस्ट सिंहभूम की सचिव चंद्रयी मजूमदार, विशिष्ट अतिथि टाटा हॉकी अकादमी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह राव और सम्मानित आथिति मंजीत सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अथिति ने टाटा हॉकी अकादमी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा इस प्रकार के आयोजन न केवल प्रतिभा को तराशते हैं। बल्कि भारतीय हॉकी के उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखते हैं। उन्होंने कहा ग्रासरूट्स हॉकी फेस्टिवल में जमीनी स्तर पर हॉकी को प्रोत्साहन देने व युवा प्रतिभाओं को एक मंच देने की दिशा में एक प्रेरणादायी मिसाल पेश की। प्रतियोगिता में पटमदा, पोखरी, बिरसा नगर और परसुडीह के चार टीमों की भागीदारी ने आयोजन को जीवंत और प्रतिस्पर्धी बना दिया। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम पोखरी ने विजेता का खिताब अपने नाम किया।वही पटमदा ने उपविजेता और बिरसा नगर द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। अतिथियों के द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही खेल भावना का परिचय देने वाली टीम परसुडीह को फेयरप्ले अवार्ड से सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत प्रदर्शन में टीम पटमदा के नमन को सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोरर घोषित किया गया। इसके अलावा प्रत्येक टीम के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और उभरते हुए खिलाड़ी की उपाधि से नवाजा गया। इस अवसर पर समर्पित स्वयंसेवकों और कोचों को भी सम्मानित किया गया जिनके प्रयासों से आयोजन सफल रहा।

# आरडी रबर रिक्लेम कंपनी में मजदूरों के शोषण के खिलाफ गरजे जनप्रतिनिधि

**सांसद जोबा मांझी ने दिया न्याय का भरोसा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया स्थित आरडी रबर रिक्लेम कंपनी में मजदूरों के साथ हो रहे शोषण के मामला अब तूल पकड़ने लगा है। शुक्रवार को सिंहभूम के सांसद जोबा मांझी और ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने मजदूरों से मिलने कंपनी परिसर पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं।मजदूरों का आरोप है कंपनी प्रबंधन की ओर से उन्हें बकाया वेतन, पीएफ, ईएसआई और फाइनल सेटलमेंट जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। जानकारी मिलने पर सांसद जोबा मांझी ने मजदूरों के प्रति इस अमानवीय व्यवहार को लेकर प्रबंधन पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा मजदूरों का हक हर हाल में मिलेगा।सांसद ने स्पष्ट कहा सिर्फ आरडी रबर ही नहीं, बल्कि आदित्यपुर-गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र की सभी कंपनियों में मजदूरों को उनका वाजिब अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा यदि प्रबंधन जल्द सुधार नहीं किया तो आगे की कारवाई की जायेगी। वही पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा वे शुरू से इस मुद्दे को उठा रहे हैं। जब तक मजदूरों को न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा। मजदूर नेता मलखान सिंह ने कहा प्रबंधन के मनमाने रवैये के चलते मजदूरों का जीवन कठिन हो गया है। अब आर-पार की लड़ाई की तैयारी है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि के पी सोरेन, जगदीश नारायण चौबे, कोल्हान मजदूर यूनियन से बसंत कुमार, अजय शर्मा, इंद्रकांत झा सहित कई यूनियन नेता मौजूद रहे।

## बिजली संबंधित समस्याओं के निपटारे के लिए विशेष कैंप का आयोजन



**बड़गड़ (आजाद सिपाही)।** बड़गड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शुक्रवार को बिजली से संबंधित समस्याओं के निपटारे हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के लोगों ने अपनी बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिया। शिविर के दौरान लोगों ने बिजली के पोल एवं तार लगाने हेतु आठ आवेदन लोगों ने विभागीय प्राधिकारियों को सौंपा। लोगों ने बरकोल खुर्द, कन्हैया टांड़ एवं कोरवाडीह के कुछ भाग में जहां अभी तक बिजली नहीं पहुंची है, वहां बिजली का पोल एवं तार लगाने की मांग की है। इस पर कार्यपालक अभियंता ने लोगों को बहुत जल्द मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना के तहत उपरोक्त जगह पर बिजली पहुंच जाने का आश्वासन दिया है। वही शिविर के दौरान उपभोक्ताओं ने अपने खराब बिजली मीटर को ठीक करने के लिए पांच आवेदन दिये जिसे एक सप्ताह के अंदर उपभोक्ताओं को नया मीटर विभाग द्वारा बदले जाने का आश्वासन पदाधिकारी ने दिया। इसी तरह शिविर में नये कनेक्शन के लिए तीन आवेदन दिया तथा बकाया बिजली बिल भुगतान के रूप में 35 उपभोक्ताओं ने 35 हजार रुपये की राजस्व राशि जमा किया। शिविर के दौरान कार्यपालक अभियंता ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बगैर बिजली कनेक्शन कारण बिजली का अवैध रूप से इस्तेमाल करना दंडनीय अपराध है सभी लोग बिजली का उपयोग कनेक्शन करा कर हीं करें। इस मौके पर निरंजन कुमार सहायक अभियंता दीपक कुमार कनिय अभियंता सहित विभाग के अन्य कर्मी काफी संख्या में बिजली उपभोक्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश आज गढ़वा आयेंगे



**गढवा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का शनिवार को गढ़वा आगमन हो रहा है। इसकी जानकारी देते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने बताया बताया कि सुबह 12:30 बजे रंका मोड़ पर उनका स्वागत किया जायेगा। वहीं पर प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण करेंगे उसके बाद अम्बेकर चौक स्थित बाबा डॉ भीम राव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। साथ ही जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक ने बताया कि 1 बजे सर्किट हाउस में आगमन जहां वे जिले के पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्षगण, नगर पंचायत तथा नगर परिषद के पर्यवेक्षकों के साथ बैठक करेंगें। बैठक में पार्टी की मजबूती और विस्तार पर विस्तृत चर्चा किया जायेगा।

## किसान श्याम सुंदर मेहता ने बंजर भूमि को आम बगान में तब्दील किया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मकरी पंचायत अंतर्गत गांव के किसान श्याम सुंदर मेहता ने बंजर पड़ी एक एकड़ भूमि को मेहनत और लगन से आम के बागान में तब्दील कर एक मिसाल कायम की है। वर्ष 2020 में उन्होंने इस जमीन पर 112 आम के पौधे लगाये थे। तीन साल बाद अब इन पेड़ों से उन्हें सालाना लाख रुपये से अधिक की आमदनी हो रही है। श्याम सुंदर मेहता को यह सफलता मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त 3 लाख 67 हजार रुपये की स्वीकृति से मिली। उन्होंने बताया कि इस राशि से उन्होंने दशहरी, आम्रपाली, हिमसागर, लंगड़ा, फजली और सीताभोग जैसी विभिन्न किस्मों के आम के पौधे लगाये। उनकी देखरेख और मेहनत का ही परिणाम है कि अब ये पेड़ फल देने लगे हैं और हर साल अच्छी पैदावार हो रही है। श्याम सुंदर मेहता ने बताया कि वे आम को स्थानीय बाजार में बेचते हैं, जिससे उन्हें सीधा मुनाफा होता है। इस वर्ष आम की पैदावार में खासा इजाफा हुआ है, जिससे आमदनी और बढ़ने की उम्मीद है। उनकी इस सफल बागवानी से अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे हैं। अब मकरी पंचायत ही नहीं, बल्कि पूरे भवनाथपुर प्रखंड में किसान बागवानी की ओर रुख कर रहे हैं। श्याम सुंदर मेहता की यह पहल न केवल कृषि की दिशा बदल रही है। उनका यह प्रयास यह सिद्ध करता है कि यदि इच्छाशक्ति और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग किया जाये तो बंजर जमीन को भी उपजाउ बनाकर आय का स्रोत तैयार किया जा सकता है।

## विधायक सत्येंद्रनाथ के कार्यकाल में राशन में कटौती बर्दाश्त नहीं : पंकज पासवान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के खाद आपूर्ति विभाग के विधायक प्रतिनिधि पंकज पासवान ने गुप्त सूचना पर मेराल गोदाम से जा रहे अनाज को पकड़ा है। जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि मेराल गोदाम से एक वाहन बिना अनुमति के चावल और गेहूं लेकर जा रहा है। सूचना के बाद वह उक्त वाहन का पीछा कर पकड़े। पकड़े जाने के बाद जब अनाज से संबंधित कागजात की मांग की गई तो किसी भी तरह का कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि उक्त वाहन पर मेराल गोदाम से अनाज को कालाबाजारी के लिए ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना वह सदर एसडीओ को दे दिये हैं। उन्होंने कहा कि अब सभी डीलर, गोदाम मैनेजर और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पुराने कार्यप्रणाली में बदलाव करना होगा। सभी पीडीएस लाभुकों को सरकार की ओर से निर्धारित मात्रा में राशन उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने कहा कि विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के कार्यकाल में राशन में कटौती और घोटाला बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनपुरवा गांव निवासी नरेश प्रजापति के लगभग 23 वर्षीय पुत्र अशोक प्रजापति की रांची रिम्स में इलाज के दौरान शुक्रवार को मृत्यु हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार, 25 मई को अशोक अपने चचेरे भाई अनिल के साथ मझिआंव बाजार से पत्नी के वट सावित्री पूजा के लिए सामान खरीदकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान थाना से कुछ ही दूरी पर मझिआंव-विशुनपुरा मुख्य सड़क पर विपरीत दिशा से आ रही बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद अशोक सड़क पर गिर गया और उसी समय मझिआंव की ओर जा रही एक ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# मिलावट पर नकेल: एसडीएम ने की दुकानों में छापेमारी, लिये गये नमूने

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने शुक्रवार शाम खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना कुमारी मिंज को साथ लेकर शहरी क्षेत्र में खाद सामग्री से जुडे कई प्रतिष्ठानों में औचक छापेमारी की।

**तीन दुकानों से लिये गये खाद्य सामग्री के नमूने :** इस छापेमारी के दौरान कचहरी रोड अवस्थित न्यू बनारसी स्वीट्स, चिनिया मोड़ स्थित विद्या स्वीट्स तथा रंका मोड़ स्थित बसंती मिठाई एवं नमकीन भंडार के गोदाम से पनीर, खोवा आदि के सैंपल लिये गये। अनुमंडल पदाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे इन खाद्य नमूनों की विधिवत जांच कर अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

**साफ सफाई रखने का निर्देश :** कुछ दुकानों में खाद्य सामग्रियों पर मक्खियां भिनकती दिखायी दी, इतना ही नहीं इन दुकानों के फ्रिज और किचन भी बहुत गंदे पाये गये अनुमंडल पदाधिकारी ने इन दुकानों में नियमानुसार अर्थ दंड लगाने हेतु फूड सेफ्टी ऑफिसर को निर्देश दिया। इन लोगों को एसडीएम की ओर से चेतावनी भी दी गई कि अभी तो सिर्फ फाइन किया जा रहा है, दो दिन बाद वे फिर जांच करने आएंगे, यदि तब भी गंदगी नहीं हटी तो दुकान को सील कर दिया जाएगा।

छापेमारी के दौरान कुछ दुकानों में ऐसे घोल या अर्ध निर्मित सामग्रियां मिलीं जिनमें बड़ी मात्रा में मक्खी या कीड़े आदि गिरे पड़े हुए थे। उन्हें एहतियात के तौर पर एसडीएम ने अपने सामने नालियों में फेंकवा दिया ताकि उनका अग्रेत्तर उपयोग दुकानदार न कर सके।



### थोक फल दुकानों में कार्बाइड की जांच की गयी

इस समय आम का सीजन आ चुका है और इस बात की पूरी संभावना है कि बाजार में इन फलों को पकाने में हानिकारक कार्बाइड का प्रयोग हो रहा हो, इसी संभावना के मद्देनजर एसडीएम ने बाजार समिति के तीन बड़े फल गोदामों में औचक जांच की, जहां पर प्रथम दृष्टया कार्बाइड पाये जाने की पुष्टि नहीं हुई तथापि एथिलीन द्वारा फल पकाने का प्रमाण मिला है। एसडीएम के साथ मौजूद फूड सेफ्टी ऑफिसर ने उन्हें बताया कि एथिलीन का उपयोग करने की अनुमति है, तथापि एसडीएम ने सभी फल विक्रेताओं को हिदात दी कि वे जन स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से हानिकारक कृत्रिम रासायनिक रंगों तथा कार्बाइड आदि का प्रयोग नहीं करेंगे।

### कॉमर्शियल की जगह घरेलू गैस सिलेंडर मिले

छापेमारी के क्रम में एक बात और भी सामने आयी कि ज्यादातर मिठाई दुकानों में कमर्शियल उपयोग वाले गैस सिलेंडर की बजाय घरेलू उपयोग वाले गैस सिलेंडर का उपयोग पाया गया। संजय कुमार ने कहा कि चूंकि उनकी यह पहली विजट थी इसलिए आज सिर्फ चेतावनी दी जा रही है अगली छापेमारी के दौरान यदि दुकानों में घरेलू उपयोग वाले गैस सिलेंडर का प्रयोग पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी से अपील की वाणिज्यिक कार्य के लिए कमर्शियल सिलेंडर का ही उपयोग करना होगा।

## स्टेट टॉपर गीतांजलि के माता-पिता को विधायक ने किया सम्मानित



### गीतांजलि को दूरभाष पर बधाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में स्टेट टॉपर रही प्रखंड के मकरी निवासी गीतांजलि कुमारी के घर विधायक अनंत प्रताप देव, जिपस रंजनी शर्मा गुरुवार की देर शाम पहुंचे तथा गीतांजलि के पिता उमेश पाल व माता पम्मी देवी को अंगवस्त्र व गुलदस्ता भेंट किया तथा कोटा में रहकर नीट की तैयारी में जुटी गीतांजलि से विधायक ने दूरभाष पर बात कर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद विधायक अनंत जिला टॉपर साक्षी यादव एवं प्रखंड टॉपर विपुल के घर पहुंच उन्हें मिठाई खिलाकर तथा अंगवस्त्र व गुलदस्ता भेंट कर उन्हें बधाई दी। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में मकरी गांव के गीतांजलि ने 98.6 प्रतिशत अंक, साक्षी कुमारी 97 प्रतिशत तथा विपुल कुमार ने 94.8 प्रतिशत अंक के साथ हमारे विस क्षेत्र के बेटियों ने राज्य, जिला और प्रखंड टॉपर आकर भवनाथपुर विस क्षेत्र का नाम पूरे झारखंड में रौशन किया है। शिक्षा के प्रति उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरा जिला गौरवान्वित है। इस मौके पर जिपस रंजनी शर्मा, राजीव रंजन सिंह, लल्लू राम, दीपक वर्मा आदि मौजूद थे।

## भवनाथपुर के किसान मित्रों की बेमियादी हड़ताल शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रदेश कमेटी के आह्वान पर प्रखंड के सभी किसान मित्र अपने मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। जिसकी सूचना प्रखंड के किसान मित्र ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक को पत्र लिखकर दिया है। दिये पत्र में उल्लेख किया है, कि कृषक मित्रो को प्रोत्साहन राशि एक हजार प्रति माह है, जो कि समानजनक नही है, इसके बावजूद पिछले कई माह से हम किसान मित्रों को प्रोत्साहन राशि नहीं मिल पाया है, जिस कारण हम सभी कृषक मित्रों को स्थिति दयनीय हो गयी है। हम कृषक मित्रो का प्रोत्साहन राशि समानजनक हो इस लिए हम सभी किसान मित्र अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे। मौके पर अनुज पाठक, सुनील राम, सुनील राउत, प्रेम यादव, पंचम साह, राजेंद्र यादव, भानु प्रताप साह, दीपक लाल जायसवाल उपस्थित थे।

## गढ़वा के निवर्तमान एसपी को दी गयी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** देर शाम निवर्तमान पुलिस अधीक्षक (एसपी) दीपक कुमार पांडेय के सम्मान में एक भव्य सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के तमाम प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान जहां अधिकारियों ने एसपी के कार्यकाल की सराहना की, वहीं माहौल कई बार भावुक भी हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश नलिन कुमार, गढ़वा के नवपदस्थापित एसपी अमन कुमार, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, एसडीएम संजय कुमार, अभियान एसपी राहुल देव बड़ाइक, डीएसपी यशोधरा, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, एसडीपीओ नीरज कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही पुलिस एसोसिएशन एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद रहे।

## आपसी विवाद में मारपीट, नौ लोग घायल

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अलग अलग ग्रामों में शुक्रवार को आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट में 9 लोग घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। पहला घटना अहिरपुरवा ग्राम में घटा जहां आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गये। मारपीट की घटना में एक पक्ष के धर्मराज राम, उनकी पत्नी संगीता देवी और ललन राम की पत्नी अर्चना देवी का नाम शामिल है वहीं दूसरे पक्ष के हलीवंता ग्राम निवासी उपेंद्र राम और उत्तर प्रदेश के बिंदमगंज थाना क्षेत्र के केवाल ग्राम निवासी संतलेश कुमार और सरोज कुमार का नाम शामिल है। घटना के बारे में एक पक्ष के लोगो ने बताया कि भाई की पत्नी के मायके वाले लोग आये और बिना कुछ कहे लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। वहीं दूसरे पक्ष के लोगो ने बताया कि सुबह में जानकारी मिला कि ससुराल वाले मेरे बहन के साथ मारपीट किये है। सूचना मिलने के बाद जैसे ही बहन के घर आये वैसे ही बहन के घर वाले मारपीट करने लगे। दोनो पक्षों की ओर से स्थानीय थाना में मारपीट करने का लिखित शिकायत किया है। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के बारोडीह ग्राम में घटा जहां आंधी तूफान में गिरे आम के पेड़ काटने को लेकर दो भाइयों में उठे विवाद को लेकर बारोडीह निवासी बबन चौधरी, उसकी पत्नी ऊषा देवी और पुत्री आरती कुमारी घायल हो गयी। घायलों ने बताया कि गिरा हुआ आम का पेड़ में दोनों भाई का हिस्सा था।

## विशुनपुरा अंचल कार्यालय में वन पट्टा वितरित

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में भवनाथपुर 81 विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के उपस्थिति में किसानों के बीच किया गया वन पट्टा वितरण। वन पट्टा पाने वाले विशुनपुरा प्रखंड के सदर पंचायत के ग्राम संध्या में 1 सामुदायिक वन पट्टा, पिपरी कला पंचायत के ग्राम पिपरी खुर्द में 1 सामुदायिक वन पट्टा, अमहर खास पंचायत के ग्राम बाछीखोह में 1 सामुदायिक वन पट्टा विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, प्रमुख दीपा कुमारी, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार द्वारा सामूहिक रूप से किसानों को दिया गया।



**विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने कहा :** मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वन पट्टा हेतु विशुनपुरा, पिपरी कला एवं अमहर खास पंचायत के लोगों को दिया जा रहा है। यह कार्य झारखंड सरकार द्वारा की जा रही है। वहीं उन्होंने बताया कि झारखण्ड सरकार द्वारा अभी सामूहिक वन पट्टा वितरण किया जा रहा है, आगे विधानसभा सत्र के दौरान झारखण्ड सरकार से मांग करूँगा ताकि वैसे लोग जो कई वर्षो से वन भूमि मे रह रहे हैं उन्हें व्यक्तिगत वन पट्टा मिल सके। वहीं उन्होंने बताया कि बहुत जल्द पिपरी कला बाजार से सारो, पातो, ओढ़ेया होते हुए घटवारिया घाट का सुंदरीकरण करते हुए विशुनपुरा तक सड़क निर्माण की जाएगी। वहीं उन्होंने प्रखंड की जनता को प्रखंड से कैसे लाभ दिया जाए। इसके लिए एक तिथी तय कर ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी के साथ बैठक की जाएगी। वहीं उन्होंने प्रखंड में हो रहे भ्रष्टाचार की कड़ी निंदा किया और परिवर्तन लाने की बात कही। वहीं उन्होंने बताया कि कृषि लोन झारखण्ड सरकार द्वारा माफ कर दी गई है। लेकिन किसान को बैंक जाने पर बैंक कर्मी द्वारा बोला जाता है कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है। इसके लिए जनप्रतिनिधि सहित पदाधिकारी एवं बैंक कर्मी के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दिया जाए।

**ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी ने कहा :** उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विशुनपुरा ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी ने कहा कि हमलोग के यहां से 6 वन पट्टा का आवेदन भेजा गया है। जिसे जल्द पूरा किया जायेगा। वहीं ब्लॉक प्रमुख ने विधायक एवं एसडीओ के समक्ष विशुनपुरा प्रखंड के सभी पंचायत भवन में पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक का समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं होने की बात कही।

**एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा :** वहीं उपस्थित एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि अगर पंचायत भवन में समयानुसार मुखिया, पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक बैठें तो कई कार्य पंचायत भवन में ही निष्पादित की जा सकती है।

## गरीब लड़की की शादी में सैकड़ों लोगों ने किया सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के कांडी पंचायत अंतर्गत नैनाबार की एक बेहद गरीब परिवार की लड़की की शादी में पंचायत के सैकड़ो लोगों ने बढ़ चढ़ कर आर्थिक सहयोग किया। पंचायत मुखिया विजय राम के एक आह्वान पर लोगों ने बिना देरी किए सहयोग राशि जमा करना शुरू कर दिए। नैनाबार गांव निवासी अयोध्या रजवार की बेटी की शादी 30 मई को सम्पन्न हुई। लड़की की केवल मां है। पिता व भाई कोई नही है। मां बिफनी कुंवर ने मुखिया के पास सहयोग के लिए फरियाद लेकर गयी थी।इसके बाद मुखिया विजय राम ने सोसल मीडिया के माध्यम से पंचायत के लोगों से अपील करते हुए खुले दिल से सहयोग करने की बात कही। मुखिया द्वारा किये गये मार्मिक अपील के तुरंत बाद से लोगों ने उदार हृदय से ऑनलाइन सहयोग भेजना शुरू कर दिए। समाचार लिखे जाने तक 33089 रुपया शादी के लिए सहायता राशि जमा हो चुका था। कुछ लोगों ने शादी के लिए उपहार स्वरूप समान भी प्रदान किये। एक गरीब लड़की की डोली विदा करने के लिए लोगों द्वारा किए गए इस कार्य के लिए चारो तरफ चर्चा हो रही है। लड़की अनिता कुमारी की शादी में मुखिया विजय राम पत्नी रिंकी देवी व दर्जनों लोगों ने लड़की के घर पहुंचकर नगद और सामानों से लड़की की डोली विदा करने में सहयोग प्रदान किए। मौके पर बाबू लाल प्रसाद तबरेज आलम, विनोद चंद्रवंशी, बुलेटन सहित कई लोग उपस्थित थे।



## दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को मिला सम्मान

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के केडी कोचिंग सेंटर में जैक परीक्षा दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शुक्रवार को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं के इस उम्र में भटकाव ज्यादा होते हैं। इस भटकाव से बचने के लिए ईश्वर के शरण में जायें। कहा कि माता-पिता से बड़ा कोई बच्चों का शुभचिंतक नहीं हो सकता वहीं भाई-बहन से बड़ा कोई दोस्त नहीं।


**कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार**

**सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या–33/2024–25 ग्रुप संख्या–01 (3rd Call) **प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मुरपा ग्राम जिपुवा में दरहाबांध नाला में पुलिया निर्माण** कार्य प्रकाशित की गई थी जिसका PNR No- 351171 Rural Development 25_26 D है। जिसे अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 353882 (Rural Development)25-26*D

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

अनुमति वाद संख्या–111/2025

आम इस्तेहार

आवेदक मो0 अख्तर वो मो0 जिलानी वो मो0 शौकत अलि वो मो0 नेसार वो मो0 नौसाद आलम वो नुमान सभी के पिता–स्व0 मो0 नईम उद्दीन सभी निवासी ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 45 | 311 | 0.0972 |
| | | 319 | 0.0886 |
| | | 336 | 0.0972 |
| | | 337 | 0.0882 |
| | | 348 | 0.0686 |
| | | 87 | 0.1344 |
| | | 91 | 0.1457 |
| | | 640 | 0.0257 |
| | | 43 | 0.3058 |
| | | 380 | 0.4371 |
| | | 297 | 0.0429 |
| | | 298 | 0.0257 |
| | | 515 | 0.1829 |
| | | 299 | 0.0514 |
| | | 207 | 0.0144 |
| | | 390 | 0.4001 |
| | | 635 | 0.0401 |
| | | कुलः– | 2.2464 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 353874 District (25-26)D

## तमाड़ : कोयले की तस्करी जोरों पर

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पूरे पांच परगना क्षेत्र में इन दिनों कोयले की तस्करी खूब जोर शोर से चल रहीं हैं। यहां कोयला चोरी-छिपे रामगढ़ से आ रहा है और सिल्ली सोनाहातू थाना क्षेत्र के बार्डर में डंप कर बोरे में भर कर मोटरसाइकिल में तस्कर लाकर बेच रहे हैं। सुबह-सुबह मोटरसाइकिल पर लादा कोयला पूरे पांच परगना क्षेत्र में देखा जा सकता है। बुंडू, तमाड़, अड़की, राहे, सोनाहातू क्षेत्र के सड़कों पर घुम घुम कर बेचते हैं। इन्हें पुलिस प्रशासन का कोई डर भय नहीं है। ये अवैध कोयला होटलों में पहुंच रहा है, जबकि पूरे पांच परगना क्षेत्र में एक भी कोयले की दुकान नहीं है, फिर कहां से आ रहा है यह अवैध कोयला।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का खूंटी में किया जोरदार स्वागत

# किसान और गरीब विरोधी है कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा के नेतृत्व में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का खूंटी में जोरदार स्वागत किया। रघुवर दास गुमला जाने कें क्रम में शुक्रवार कों कुछ देर के लिए खूंटी में रुके थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। बताया



गया कि रघुवर दास गुमला से लौटने कें बाद खूंटी में ही रात्रि विश्राम करेंगे। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व राज्यपाल ने कहा विभिन्न फसलों का न्यनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर किसानों को बहुत बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो जैसे दल शुरू से ही किसानों का विरोधी रही है।

**जातीय जनगणना होनी चाहिए : नीलकंठ सिंह मुंडा**

इस मौके पर राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि राज्य में जातीय जनगणना जरूर होनी चाहिए। यह झारखंड के लोगों की बहुत पुरानी मांग है। सरना कोड के संबंध में पूछे जाने पर नीलकंठ ने कहा कि सरना कोड किसके लिए चाहिए। मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो सहित काफी संख्या भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रखंड स्तरीय स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ू प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तरीय विश्व महामारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कुकड़ू प्रखंड की बीडीओ राजश्री ललिता बाखला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक, आंगनबाड़ी सेविकाएं, स्वास्थ्य सहियाएं और प्रखंड क्षेत्र की किशोरियां उपस्थित थीं। कार्यक्रम में मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को माहवारी



स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान हीमोग्लोबिन की जांच की गई और आयरन टेबलेट का वितरण भी किया गया। साथ ही, निजी स्वच्छता और आयरन युक्त भोजन लेने की सलाह दी गई। प्रखंड स्तरीय इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों और महिलाओं में मासिक धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था।

किशोरियों को प्रोत्साहित करने, स्वच्छता से संबंधित उचित जानकारी देने, रोल मॉडल किशोरियों को चिह्नित कर सम्मानित करने और किशोरी किट वितरित करने जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका मीनाक्षी पांडेय, आकांक्षी प्रखंड कॉर्डिनेटर सागर कुमार, डॉ. प्रकाश कुमार आदि मौजूद थे।

## मुरहू में आम लदा पिकअप वैन पलटा, चालक और खलासी हुए घायल

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी-चाईबासा मुख्य मांर्ग एनएच 75ई पर मुरहू थाना क्षेत्र कें पंजाबी कोठी के पास शुक्रवार कों तडके लगभग साढ़े तीन बजे आम लदा एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में चालक बाबूलाल रजक और खलासी पिंटू दास गंभीर रूप से घायल हो गए। मुरहू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कें बाद दोनों को खूंटी सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चालक बाबूलाल ने बताया कि वह पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर से आम लादकर रांची की हरमू मंडी जा रहे थे। उसी दौरान पंजाबी कोठी के पास गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई। दुर्घटना के बाद दोनों घायल पिकअप में ही फंस गए थे। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मुरहू के युवा कांग्रेस नेता शिब्लू खां तत्काल जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस भी पहुंच चुकी थी। जेसीबी की मदद से दोनो को बाहर निकालने का प्रयास। जब विफल रहे, तब गैस कटर मंगाया गया, जिसकी मदद से पिकअप को काटकर दोनों घायलों को बाहर निकाला गया। इसके बाद शिब्लू खां ने घायलों को मुरहू सीएचसी पहुंचाया और वहीं रहकर इलाज में सहायता की। डॉक्टर ने जब उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया, तब शिब्लू खां ने 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें रवाना किया।

# विधायक अमित महतो ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं, कई मामलों का हुआ मौके पर समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातु।** सोनाहातु प्रखंड परिसर में विधायक द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक अमित कुमार महतो की उपस्थिति में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी गईं। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। इस जनता दरबार में भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, मनरेगा भुगतान



सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। खासकर महिलाओं ने मैया सम्मान योजना के लाभ, पंजीकरण व लंबित मामलों को लेकर आवेदन दिए। इस योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाले लाभों पर विशेष ध्यान देते हुए कई लंबित मामलों का समाधान भी किया गया। भारी बारिश को देखते हुए विधायक ने अगला जनता दरबार 10 जून को रखा कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी, उपप्रमुख श्रीमती सविता देवी, बीडीओ खगेश कुमार,सीओ मनोज महथा सहित पंचायत प्रतिनिधि और अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम लोगों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।

## युवक को जहरीले सांप ने काटा

**मुरी (आजाद सिपाही)।** ज़िंदगी और मौत के बीच जूझ रहे 14 वर्षीय आशिक अंसारी को बीती रात करैत सांप (चित्ती) के डसने से कुटाम निवासी आशिक की हालत बिगड़ गई। उसे रिम्समें भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक अब बच्चा खतरे से बाहर है। पुर्व विधायक सुदेश महतो की पहल पर भर्ती कराया गया।

## ममता हुई शर्मशार, डेढ़ साल की बच्ची को छोड़ फरार हुई नकाबपोश महिला



**खूंटी(आजाद सिपाही)।** सभी धर्मों में माता को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। कहा भी गया है कि पुत्र कुपुत्र हो सकता है, पर माता कुमाता नहीं हो सकती। लेकिन अब अब कुछ संभव है। इसका उदाहरण शुक्रवार को उस समय देखने को मिला, जब एक नकाबपोश महिला ने अपनी लगभग डेढ़ साल की बच्ची को तोरपा थाना क्षेत्र के शांति नगर में एक घेरे के अंदर छोड़ कर भाग गई। लोगों ने कहा कि इस घटना ने ममता को शर्मशार कर दिया।जिस समय बच्ची को छोड़ा गया, उस समय किसी को कोई एहसास नहीं था। शाम लगभग पांच बजे बच्ची के रोने की आवाज सुनकर वहां गए, तो माजरा समझ में आया। मामले की जानकारी मिलने पर तोरपा थाना की पुलिस ने उसे अपने संरक्षण में ले लिया। बच्ची को शनिवार को बाल संरक्षण समिति को सौंपा जायेगा।

## खलारी थाना क्षेत्र में दुकान में चोरी संदिग्धों के नाम का सुराग मिला



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के मोहन नगर, बुढ़ी मां मंदिर के बगल में स्थित विजय जेनरल स्टोर एंड पूजा भंडार में बुधवार की रात चोरी की घटना हुई है। दुकान मालिक विजय चौहान ने बताया कि वे रात 9:30 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे, लेकिन गुरुवार सुबह 6:00 बजे दुकान खोलने पर पाया कि एलबेस्टर तोड़कर नगदी और अन्य सामानों सहित लगभग 25 हजार रुपये की चोरी हुई है। चौहान ने बताया कि पहले भी दुकान में चोरी की घटना हो चुकी है।विजय चौहान की बेटी काजल ने बताया कि गुरुवार दोपहर उनकी दुकान में एक लड़का 5 और 10 के सिक्के लेकर ठंडा लेने आया था। काजल को उसमें से एक सिक्के पर शक हुआ, जिसकी जानकारी उसने संतोष चौहान उर्फ छोटू को दी। छोटू ने उस लड़के का पीछा करते हुए डकरा स्टेडियम पहुंचकर सुमित कुमार नाम के युवक से पूछताछ की, जिसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और इस चोरी में शामिल अन्य तीन लड़कों का भी नाम बताया। इसकी सूचना खलारी पुलिस को दी गई है।

# वीर सैनिकों के सम्मान में नागरिकों ने तोरपा में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पहलगाम में बेकसूर पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में सेना द्वारा किये गये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के वीर सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार को तोरपा में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें राजनेता, समाजसेवी, व्यापारी, विद्यार्थी सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस संबंध में भाजपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारत का पराक्रम देश कर दुश्मन देश थर्रा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से हमें ने केवल ऑपरेशन की सफलता को जन-




जन तक पहुंचाना है, बल्कि देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को भी जगाना है। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कें नेतृत्व में आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ्ज्ञव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि पीओके हमारा है और हम इसे हर हाल में लेकर रहेंगे। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुंप्ता, प्रियांक भगत, विनोद भगत, धमेंद्र कुमार,कृष्णा भगत, विनय गुप्ता, दीपक तिग्गा, रंजीत वर्मा, केशव कुमार, सुबोध गुप्ता, मुकेश गुप्ता, पुरेंद्र मांझी, कृपा सिंधु बेहरा, रूपेश गुप्ता, सुधीर सिंह पवन जायसवाल, अमित जायसवाल, नीरज जायसवाल, विनय गुप्ता, कुलदीप मिश्रा, सीमा देवी, सोनी देवी, महावीर साहू, शिव नारायण नाथ शाहदेव, रामानंद साहू, शशांक शेखर राय, कलीम खान, संजय ना सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

**पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित**

तिरंगा यात्रा के पहले पूर्व विधायक कोचे मुंडा और संतोरू जायसवाल ने पूर्व सैनिक सबरन नाग, रामदयाल गोप, कंचन सिंह मन्मथ साहू आदि को मामला पहनाकर और तिरंगा देकर उन्हें सम्मानितत किया।

## समर कप 2025 अंडर-14 टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रेवोल्यूशन स्पोर्ट्स के तत्वावधान में मैकलुस्कीगंज में आयोजित समर कप 2025 अंडर-14 टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में दूसरे दिन शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला हरमू यूथ और कदमा क्रिकेट क्लब के बीच हुआ, जिसमें हरमू यूथ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 39 रन से जीत दर्ज की। हरमू यूथ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। आयुष राज ने 37 और रिशु राज ने 17 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में कदमा की ओर से आशुतोष ने 3 विकेट मात्र 14 रन देकर चटकाए जबकि रुद्र मुखी ने 15 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में कदमा क्रिकेट क्लब की टीम 16.4 ओवर में 76 रन पर सिमट गई। शिवम् ने 17 और आर्यन दत्ता ने 15 रन बनाए। हरमू यूथ की ओर से रयान भगत ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, उन्हें 17 रन का खर्च आया। वहीं हिमांशु और अंश ने 2-2 विकेट अपने नाम किए ।दूसरा मुकाबला ईशान किशन अकादमी और अरविंदो क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। बारिश के कारण मुकाबले को 10-10 ओवरों का कर दिया गया। अरविंदो ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 87 रन बनाए। टीम के लिए हिमांशु ने 18 और आशीष ने 14 रन जोड़े। गेंदबाजी में कुमार गौरव, प्रभाकर और आयुष्मान को 1-1 विकेट मिला।लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईशान किशन अकादमी की टीम 10 ओवरों में 5 विकेट पर सिर्फ 62 रन ही बना सकी और 25 रन से हार गई। टीम के लिए अक्षत ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। अरविंदो की ओर से अतुल्य, आशीष और जयेश को 1-1 विकेट मिले।

## बालगृह के बच्चों को प्रशासन ने कराया वाटर पार्क का भ्रमण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, खूंटी के निर्देश पर शुक्रवार को जिले के सभी बालगृहों में आवासित बच्चों को बेलाहाथी रोड, खूंटी स्थित एनडीए एक्वा अम्यूजमेंट वाटर पार्क का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न जल क्रीड़ाओं में हिस्सा लिया और दिन भर मनोरंजन किया। तीनों बालगृहों के बच्चों के आपसी मेल-मिलाप एवं संवाद से उनमें आपसी समझ और सामाजिक सहभागिता को बल मिला। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को दोपहर का पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। विजिट के अंतर्गत बच्चों को प्रशासनिक कार्यप्रणालियों से अवगत कराने कें लिए समाहरणालय खूंटी में विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसडीएम खूंटी के मार्गदर्शन में प्रभारी पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, खूंटी सदर का योगदान रहा।

# ठगी के आरोपी ने महिला को मारकर घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू की एक महिला रेणुका देवी से 25 लख रुपए ठगी का आरोपी दिलीप कुम्हार ने शुक्रवार को केश उठाने को लेकर पिडीता के घर जाकर जान से मारने की धमकी एवं मारपीट कर घायल कर दिया। भुक्तभोगी महिला रेणुका देवी ने 10 अप्रैल 2025 को बुंडू थाना में आरोपी सुलेखा देवी सहित अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है जिसका कांड संख्या



38/2025 है इसी को लेकर आरोपी दिलीप कुम्हार ने महिला के ऊपर ईट से जानलेवा हमला किया साथ ही केस उठाने की धमकी दी नहीं तो परिवार को जान से मार देंगे महिला के हल्ला करने पर आरोपी फरार हो गए इसकी सूचना तत्काल बुंडू थाना को दी गई जहां से महिला को इलाज के लिए बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया डाक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची के सदर अस्पताल भेजा गया है हाथ का भी एक्स-रे किया गया पीड़ित महिला रेणुका देवी हादसे के बाद काफी डरी व साहमी हुई है।

इसकी शिकायत बुंडू थाना व डीएसपी से की है ज्ञात हो कि डेढ़ माह गुजर जाने के बाद भी आरोपियों पर किसी भी तरह का पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नही कि जा रही है उक्त कांड के आईओ इसे गंभीरता से नहीं ले रहें हैं जिससे अभियुक्तों का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

## ईंट लदा ट्रक पलटा,बाल-बाल बचे चालक



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर दुबराज पुर गांव के पास एक इंट लदे अनियंत्रित ट्रक सड़क के नीचे पलट गया। ट्रक पलटते ही चालक किसी तरह छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार इंट से भरे ट्रक रामगढ़ से जमशेदपुर जा रहा था, जहां अनियंत्रित होकर दुबराज पुर के पास तीखा मोड़ पर पलट गया। ट्रक पलटने से ट्रक में लदे इंट जमीन पर बिखर गया। सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गये।

# गुजरात टाइटंस आइपीएल से बाहर, मुंबई इंडियंस ने 20 रनों से हराया

### रोहित शर्मा ने 50 बॉल पर 81 रन बनाये, ट्रेंट बोल्ट को 2 विकेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** 2022 की चैंपियन गुजरात टाइटंस आइपीएल 2025 से बाहर हो गयी है। उसे एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस ने 20 रन से हराया। इसी के साथ मुंबई ने क्वालिफायर-2 में जगह बना ली है, जहां उसका मुकाबला एक जून रविवार को पंजाब किंग्स से होगा।

न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में शुक्रवार को मुंबई ने टॉस जीत कर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 228 रन बनाये। जवाबी पारी में गुजरात 20 ओवर में 6 विकेट पर 208 रन ही बना सकी। ट्रेंट बोल्ट ने 2 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीसन, मिचेल सैंटनर और अश्विनी कुमार को एक-एक विकेट मिला। साई सुदर्शन (80 रन) ने अर्धशतकीय पारी खेली। वॉशिंगटन सुंदर ने 48 रन बनाये। मुंबई इंडियंस की ओर से रोहित शर्मा ने 50 बॉल पर 81 रनों की पारी खेली। उन्होंने 9 चौके और 4 छक्के लगाये। रोहित के अलावा, जॉनी बेयरस्टो ने 47, सूर्यकुमार यादव ने 33, तिलक वर्मा ने 25 और कप्तान हार्दिक पंड्या ने नाबाद 22 रन की पारी खेली।

रोहित शर्मा ने जॉनी बेयरस्टो के साथ मिल कर मुंबई को तेज शुरूआत दी। जॉनी अलग ही रंग में नजर आये। एलिमिनेटर में मौका मिलते ही उन्होंने इसे भुनाया और 22 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 47 रन बनाकर 7.2




ओवर में ही मुंबई को 84 रन तक पहुंचा दिया। इस दौरान रोहित शर्मा ने अपने आइपीएल करियर का 47वां अर्धशतक पूरा किया। उनके अब आइपीएल में 300 छक्के भी हो गए हैं। उन्हें सूर्यकुमार यादव का बाखूबी साथ मिला, जिन्होंने सुपला शॉट लगाकर दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया। स्कोर 12 ओवर में ही 1 विकेट खोकर 133 रन हो गया। सूर्यकुमार यादव 13वें ओवर में 20 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 33 रन बनाकर आऊट हो गये, तभी तिलक वर्मा ने भी 11 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 25 रनों का योगदान दिया। अंक के ओवरों में हार्दिक पांड्या और नमन धीर के हाथ में गेम थी। नमन धीर 9 रन बनाकर आऊट हुए तो हार्दिक पांड्या ने 20वें ओवर में 3 छक्के लगाकर स्कोर 228 तक पहुंचा दिया। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर को 2-2 विकेट मिले। गुजरात की शुरुआत खराब रही। क्योंकि पहली ही ओवर में ट्रेंट बोल्ड ने शुभमन गिल को पगबाधा आऊट कर दिया। इस दौरान कुशल मेंडिस ने 10 गेंदों पर 20 रन बनाकर आऊट हो गये। साई सुदर्शन ने एक छोर संभाले रखा और ताबड़तोड़ शॉट लगाते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। सुदर्शन के सीजन में 700 से ज्यादा रन हो गये हैं और वह ऑरेंज कैप की रेस में सबसे ऊपर चल रहे हैं। सुदर्शन के साथ मिलकर वाशिंगटन सुंदर ने मुंबई के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। दोनों ने 13 ओवर में स्कोर 148 पर ला खड़ा किया। 14वें ओवर वाशिंगटन सुंदर बुमराह की गेंद पर बोल्ड हो गये। उन्होंने 24 गेंदों पर पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 48 रन बनाये। सुदर्शन जोकि सैकड़े की ओर जा रहे थे 16वें ओवर में गलीसन की गेंद पर बोल्ड हो गये। उन्होंने 49 गेंदों पर 10 चौके और 1 छक्के की मदद से 81 रन बनाये। रुदरफोर्ड ने एक छोर संभाला था, लेकिन 19वें ओवर में वह बोल्ट का शिकार हो गये। उन्होंने 15 गेंदों पर 24 रन बनाये। गुजरात को आखिरी ओवर में 24 रनों की जरूरत थी। क्रीज पर राहुल तेवतिया के साथ शाहरुख खान (13) थे। दोनों बड़े शॉट लगाने में सफल नहीं हुए, जिससे गुजरात को हार झेलनी पड़ी।

## नाबालिग लड़की के साथ वृद्ध ने किया दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ 60 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति द्वारा जबरदस्ती दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता के स्वजनों द्वारा गुरुवार को मारंगहादा थाने में लिखित शिकायत देने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए हाकाडुबा गांव निवासी आरोपित रामदेव लोहरा (60 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। यह जानकारी जिला पुलिस द्वारा शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में दी गई। बताया गया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध मारंगहादा थाने में सुसंगत धाराओं एवं पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापामार टीम में मारंगहादा थाना प्रभारी शंकर कुमार विश्वकर्मा, एएसआई रमजानुल हक एवं कृष्णकांत मेहता समेत रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

### बेड़ो में पड़हा जतरा समारोह को सफल बनाने को लेकर पड़हा समाज की बैठक

# पड़हा हमारी सामाजिक सांस्कृतिक पहचान है : डॉ रवींद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड स्थित कटरमाली पड़हा भवन में शुक्रवार को 10 राजा रोहित उरांव की अध्यक्षता में पड़हा समाज के ग्रामीणों ने बैठक की। जिसमें तीन जून को बेड़ो में होनेवाली वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर हजारीबाग विनोवा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सह समारोह के मुख्य संरक्षक डॉ रवींद्र नाथ भगत ने कहा कि वर्ष 1967 में करमचंद भगत के बेड़ो विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर विधायक बनने की खुशी में इस समारोह का आयोजन किया गया था। कहा कि पड़हा हमारी सामाजिक सांस्कृतिक पहचान है।


पड़हा जतरा की तैयारियों को लेकर बैठक करते समाज के लोग।

इसके अस्तित्व को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हमें एकजुट होकर आगे आना होगा। उन्होंने पड़हा प्रेमियों से समारोह में पड़हा निशान लकड़ी के बने हाथी, घोड़े, रम्पा चल्पा, तेंगरा छाता, ढोल, ढाक, नगाड़ा, तुरही, रणभेरी, खोड़हा एवं झंडा के साथ भाग लेने का आह्वान किया। वहीं बुधनाथ उरांव, पेरो उरांव, पंसस विशेश्वर उरांव, बिरसा उरांव, गोवर्धन उरांव, लक्ष्मण भगत, जूरा पहान, पुषा उरांव और रंजीत उरांव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर 10 पड़हा क्षेत्र के 10 गांवों कटरमाली, जरिया, टेंगरिया, मुड़ामु, मासु, हुलसी, शहेदा, ताबेर खूर्द, ताबेर कला एवं डोला के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## बारीडीह में पड़हा जतरा की तैयारियां जोरों पर



बेड़ो (आजाद सिपाही)। बारीडीह के ऐतिहासिक पड़हा जतरा मैदान में तीन जून को आयोजित होने वाले 36वें वार्षिक पड़हा जतरा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के 12 और 21 पड़हा के सक्रिय कार्यकर्ता दिन-रात जुटे है। शुक्रवार को जतरा मैदान की साफ-सफाई और समतलीकरण का कार्य युद्धस्तर पर किया गया। इस कार्य में 12 एवं 21 पाड़हा के सक्रिय कार्यकर्ता सोमरा उरांव, कोटवार ईटा, रवि पाहन तुको, 21 पाड़हा राजा गांव चिल्दी के चारो उरांव, 21 पाड़हा सिपाही गांव घाघरा के विनोद उरांव, श्याम मुंडा 12 एवं 21 पाड़हा के संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी चरवा उरांव ने अहम भूमिका निभाई। इन सभी कार्यकर्ताओं ने लगन और मेहनत से जतरा मैदान को आयोजन के लिए पूरी तरह से तैयार कर दिया है। यह जतरा क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इसके आयोजन में सामूहिक एकजुटता भागीदारी का विशेष महत्व रहता है।

# बेटे की हत्या के नौ साल बाद भी महिला को नहीं मिला मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के हुलसू गांव में बेटे की हत्या के नौ साल बीच जाने के बाद भी उसकी मां गंगा देवी को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। गंगा देवी के लिए सबसे दुखद क्षण यह है कि अपने जीते-जी वह अपने दोनों बेटों को खो चुकी हैं। अब देखरेख करने वाला भी कोई नहीं है। बुढ़ापे की आस अकेली कट रही है। गंगा देवी की जिंदगी में पहली चोट तब लगी, जब उनके पति का निधन हुआ। लेकिन एक आस थी कि उसके दो बेटे राजकुमार साहू और मुकेश साहू सहारा बने हुए थे। पर नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था। विगत 15 अगस्त 2015 को गंगा देवी कभी नहीं भूल सकतीं। महुगांव लैम्पस के पास उग्रवादियों ने तीन लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी, जिसमें उनका भी एक बेटा शामिल था। बेटे की मौत की खबर जब गांव में आग की तरह फैल गई, तो गंगा की चीखों ने दूसरों को भी रोने को मजबूर कर दिया। लेकिन उनका दुख यहीं नहीं खत्म हुआ। बल्कि कुछ ही दिनों बाद छोटा बेटा मुकेश साहू भी रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। गांव में चर्चा है कि मुकेश से भी उग्रवादियों से मारपीट की थी। पर आज तक उनका शव नहीं मिला।

## कम से कम बेटे का चेहरा तो देख लेती : गंगा देवी



गांव में जब भी कोई अजनबी आता है, तो गंगा देवी अपने दुख की गठरी खोल कर बैठ जाती हैं। उनकी बातों के साथ आंसुओं के सैलाब और सुनने वालों के विचारों को भी नम हो जाते हैं। वो कहती हैं किअब तो वह धरती का बोझ बनकर पेट पाल रही हूं। बुढ़ापे में कोई सहारा नहीं बचा। बेटे के साथ ही जिंदगी की लाठी भी छीन ली गयी। उन्होंने कई बार सरकारी कार्यालय के चक्कर लगाए। बताया कि उनके बेटे उग्रवाद का शिकार हो गए हैं। उन्हें कम से कम वृद्धावस्था में गुजराते वक्त सहायता दी जायें, लेकिन नौ साल तक गुजर गये पर कुछ नहीं मिला।

# तेरा किया मीठा लागे : गुरु अर्जुनदेवजी




**गुरु अर्जुनदेवजी शहादत दिवस पर विशेष दीवान एवं लंगर का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गुरु अर्जुनदेवजी के शहादत दिवस पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा डाल्टनगंज में एक विशेष दीवान और लंगर का आयोजन किया गया। बतातें चलें कि शहादत पर्व के अवसर पर विगत 40 दिनों से स्त्री सत्संग की महिलाओं की ओर से प्रतिदिन शाम चार बजे से 5.30 बजे तक सुखमणि साहब का पाठ किया जाता था। चना घुघनी का प्रसाद और छबील लगाई जाती थी। शुक्रवार को दिवान में कीर्तन के दौरान बोलते हुए गुरुद्वारा साहब के मुख्य ग्रंथि ज्ञान में सुंदर सिंह ने संगत को बताया कि गुरु अर्जन देव जी शहीदों के सरताज एवं शांतिपुंज हैं। आध्यात्मिक जगत में गुरु जी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। उन्हें ब्रह्मज्ञानी भी कहा जाता है। गुरुग्रंथ साहिब में तीस रागों में गुरु जी की वाणी संकलित है। गणना की दृष्टि से श्री गुरुग्रंथ साहिब में सर्वाधिक वाणी पंचम गुरु की ही है। ग्रन्थ साहिब का संपादन गुरु अर्जुन देव जी ने भाई गुरदास की सहायता से 1604 में किया। ग्रन्थ साहिब की सम्पादन कला अद्वितीय है, जिसमें गुरु जी की विद्वत्ता झलकती है। उन्होंने रागों के आधार पर ग्रन्थ साहिब में संकलित वाणियों का जो वर्गीकरण किया है, उसकी मिसाल मध्यकालीन धार्मिक ग्रन्थों में दुर्लभ है। यह उनकी सूझबूझ का ही प्रमाण है कि ग्रन्थ साहिब में 36 महान वाणीकारों की वाणियां बिना किसी भेदभाव के संकलित हुई। वहीं, इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि गुरु अर्जुनदेवजी श्री गुरु राम दास जी के सुपुत्र थे। उनकी माता का नाम बीवी भानी जी था। गोइंदवाल साहिब में उनका जन्म 15 अप्रैल 1563 को सोढ़ी परिवार में हुआ और विवाह 1579 ईसवी में। सिख संस्कृति को गुरु जी ने घर-घर तक पहुंचाने के लिए अथाह प्रयत्न किए। गुरु दरबार की सही निर्माण व्यवस्था में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ग्रंथ साहिब के संपादन को लेकर कुछ असामाजिक तत्वों ने अकबर बादशाह के पास यह शिकायत की कि ग्रंथ में इस्लाम के खिलाफ लिखा गया है, लेकिन बाद में जब अकबर को वाणी की महानता का पता चला, तो उन्होंने भाई गुरदास एवं बाबा बुड्ढाके माध्यम से 51 मोहरें भेंट कर खेद ज्ञापित किया।

वक्ताओं ने कहा कि गुरमति-विचारधारा के प्रचार-प्रसार में गुरु जी की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। गुरु जी ने पंजाबी भाषा साहित्य एवं संस्कृति को जो अनुपम देन दी, जिसका शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। इस अवदान का पहला प्रमाण ग्रंथ साहिब का संपादन है। इस तरह जहां एक ओर लगभग 600वर्षो की सांस्कृतिक गरिमा को पुनःसृजित किया गया, वहीं दूसरी ओर नवीन जीवन-मूल्यों की जो स्थापना हुई, उसी के कारण पंजाब में नवीन-युग का सूत्रपात भी हुआ। गुरु जी के शहीदी पर्व पर उन्हें याद करने का अर्थ है, उस धर्म-निरपेक्ष विचारधारा को मान्यता देना, जिसका समर्थन गुरु जी ने आत्म-बलिदान देकर किया था। इस मौके पर राजेंद्र सिंह बंटी, बॉबी, राजा सिंह खालसा, मन्नत सिंह बग्गा आदि उपस्थित थे।

# जमीन की रजिस्ट्री करवा लेने के बाद भी बकाया राशि नहीं देने का आरोप

**- राशि मांगने पर धमकी देने का आरोप, थाने में मामला दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के हेसल मौजा में कथित जमीन कारोबारियों द्वारा जमीन की रजिस्ट्री करा लेने के बाद भी रैयतों को बकाया राशि का भुगतान नहीं करने एवं राशि मांगने पर धमकी दिए जाने का मामला तुल पकड़ रहा है। इस संबंध में हेसल गांव के नौशाद अंसारी, सलीम अंसारी एवं अब्दुल्ला अंसारी ने अनगड़ा थाना में लिखित शिकायत की है। आरोप है कि हेसल मौजा में वर्ष 2023 में हेसल जराटोली निवासी फलिंद्र करमाली एवं सदर थाना क्षेत्र के खटगां निवासी नरेश महतो द्वारा विक्रेता सज्जाद अंसारी, सलीम अंसारी एवं अब्दुल्ला अंसारी से एक भूखंड का रजिस्ट्री कराया था। रजिस्ट्री से पूर्व क्रय की तय कीमत की आधी राशि विक्रेताओं को भुगतान भी कर दी गई। शेष राशि रजिस्ट्री के बाद दिए जाने की बात कही गई थी। शेष बकाया राशि मांगने पर विक्रेता सज्जाद अंसारी को क्रेता फलिंद्र करमाली ने 10 लाख रुपए का चेक दिया। वहीं सलीम अंसारी को क्रेता नरेश महतो ने 8 लाख रुपए का चेक थमा दिया। दोनों ने जब बैंक में चेक जमा किया तो वह बाउंस कर गया। इससे पूर्व फलिंद्र करमाली द्वारा अब्दुल्ला अंसारी को भी 10 लाख रुपए का चेक दिया गया था, जो बाउंस हो गया। जिसका वाद न्यायालय में चल रहा है। आरोप है कि बकाया राशि की मांग करने पर अब विक्रेताओं को डराया धमकाया जा रहा है। इस बीच दबंगई से भूखंड की चारदीवारी का कार्य कराया जा रहा था। जिसे गुरुवार को पुलिस ने आकर रोक दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर, जब फलिंद्र करमाली एवं नरेश महतो से पक्ष जानने के लिए संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल बंद मिला।

# ‘वन नेशन वन इलेक्शन’ पर संगोष्ठी का आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सिदरोल में शुक्रवार को ‘वन नेशन वन इलेक्शन’ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह ने की। संगोष्ठी में महिलाओं की विशेष भागीदारी दिखी। अपने संबोधन में मनोज कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में देश को एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा की आवश्यकता है। इससे न केवल चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी, बल्कि देश की जीडीपी और अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद 1952 से लेकर 1967 तक देश में एक साथ चुनाव होते थे। उस



समय देश में 17 करोड़ से अधिक मतदाता थे, जबकि आज यह संख्या करीब 100 करोड़ के आसपास पहुंच गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 2024 के आम चुनाव में लगभग 3,870 करोड़ रुपये खर्च हुए है। अगर देश में एक साथ चुनाव कराए जाएं तो यह खर्च काफी कम होगा और विकास कार्यों की गति में तेजी आएगी। साथ ही मजबूत अर्थव्यवस्था के जरिए विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। संगोष्ठी में रूपा चौहान, सुनीता देवी, अनिल सिंह, सुषमा देवी, आशा देवी, ममता देवी, सरस्वती देवी, पर्मिला देवी, सुलक्षणा देवी, सरोज देवी, अंजू देवी, शिला देवी और दिपनारायन सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकार समाज के सजग प्रहरी हैं: डॉ अमित अग्रवाल

**हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में संवाददाता सम्मान समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर शुक्रवार को गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में संवाददाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कॉलेज के संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर सभी संवाददाता एवं कॉलेज के वर्तमान सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य प्रो अखिलेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। समारोह में छतरपुर के वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। अश्विनी कुमार ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है और पत्रकारों की जिम्मेदारी बहुत बड़ी होती है। वहीं, धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकारिता एक सेवा भाव है, जो समाज को जागरूक करने का कार्य करती है। राजीव सिन्हा ने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता से समाज में विश्वास और बदलाव आता है। चंदन कुमार ने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्षता और सच्चाई के साथ कार्य करना चाहिए। यमुना कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को उजागर करना पत्रकारिता का महत्वपूर्ण दायित्व है। वहीं, पप्पू यादव ने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है। उमेश कुमार ने कहा कि पत्रकारिता में निरंतरता और प्रतिबद्धता आवश्यक है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार कॉलेज और समाज के बीच एक मजबूत कड़ी हैं। कॉलेज प्रशासन शिक्षा के साथ ही विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान देने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ करने की योजना पर कार्य कर रहा है। कॉलेज के सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि पत्रकार समाज के सजग प्रहरी हैं। पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनाए रखना समय की मांग है। कॉलेज प्रबंधन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और पत्रकारों के अनुभव से भी छात्रों को प्रेरणा मिलती है। वहीं, कार्यक्रम का संचालन पंचम कुमार ने अत्यंत सुचारू रूप से किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन प्रो सूर्योदय कुमार ने किया। इस दौरान सभी संवाददाताओं को कॉलेज की ओर से अंगवस्त्र, पेन एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

# बिजली का तार चोरी करने पहुंचे चोर को ग्रमीणों ने दबोचा, पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंपा

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सुगदा गांव में गुरुवार की रात ग्रामीणों ने बिजली तार की चोरी करते एक चोर को रंगे हाथ पकड़ने के बाद उसकी जमकर पिटाई कर दी। साथ ही चोर के पास से एक ऑटो और दो बंडल केवल तार भी बरामद किया है। इसके बाद चोर को ग्रामीणों ने बांधकर रखा। शुक्रवार की सुबह पुलिस को सूचना दी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। जहां ग्रामीणों ने चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों की मानें तो, चोरी अपनी पूरी टीम के साथ चोरी करने पहुंचा था, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल थे। हालांकि सभी अंधेरे



का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। सिर्फ एक चोर पकड़ा गया। ग्रामीणों ने बताया कि रात 11 बजे अचानक बिजली कट गई। गर्मी के कारण लोगों ने अपने घर से बाहर निकल कर लाइन काटने का कारण जानना चाहा। इसी बीच ग्रामीणों ने गांव की दूसरे छोर पर लाइट जलते देखा। तब ग्रामीणों ने आशंका होने पर कारण जानने का प्रयास किया। ग्रामीण कुछ दूर आगे बढ़कर उस स्थल पर पहुंचे और चोर को रंगे हाथ पकड़ा। समाचार लिखे जाने तक इटकी पुलिस छापामारी कर रही थी।

## नगड़ी के प्रखंड मुख्यालय में नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को नयन सुख आंख अस्पताल के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मरीजों के आखों की जांच करने के साथ ही संबंधित बीमारी को लेकर मरीजों को जानकारी दी गई। लगे हाथ मरीजों को नि)शुल्क दवा भी दी गयी। उक्त निःशुल्क शिविर के आयोजन में उप प्रमुख अफसाना प्रवीण, बीडीओ दीपाली भगत, युवा समाजसेवी बजरंग महतो, पंसस गुलरेज अंसारी, रोपना उरांव और नयन सुख आंख अस्पताल के नीरज कुमार, अंजना तिग्गा, अंशु कुमारी एवं मंगल उरांव का योगदान सराहनीय रहा।

# वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के बीच मनायी शादी की 33वीं वर्षगांठ



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** महर्षि सेवा संस्थान के सक्रिय सदस्य कालिका प्रसाद भगत और पुष्पा भगत की शादी की 33वीं सालगिरह शुक्रवार को एक विशेष सामाजिक सेवा के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर संस्था की ओर से ओरमांझी के पाली स्थित ओंकार वृद्धा आश्रम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बुजुर्गों के साथ मिलकर इस खास दिन को यादगार बनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वृद्धाश्रम में मौजूद दादा-दादी के साथ केक काटने से हुई। इसके बाद आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच कपड़े, दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कालिका प्रसाद भगत ने कहा कि हर शुभ अवसर पर हमें समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि भविष्य में आश्रम के लिए और भी उपयोगी सामग्री संस्था की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। महर्षि सेवा संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, सचिव सुनील कुमार और अन्य सदस्य राजीव गुप्ता, मनोज कुमार, कृष्ण कुमार, अशोक आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। सभी ने कालिका प्रसाद भगत और पुष्पा भगत को शादी की सालगिरह की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की।

## गगारी में मंडा पूजा आज, भोक्ता करेंगे फूलखूंदी

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गगारी में शनिवार को मंडा पूजा आयोजित होगा। जिसमें उपासक भोक्ता रात में जलते अंगारों पर चलेंगें। वहीं, रविवार की सुबह झूलन होगा। जिसमें उपासक भोक्ताओं द्वारा झूलते फूल की वर्षा की जायेगी। मंडा पूजा के आयोजन में अध्यक्ष धनेस्वर बेदिया, सचिव दीगेश बेदिया, कोषाध्यक्ष राहुल महतो, संरक्षक मुखिया धनराज बेदिया, बालेश्वर उरांव, साधो उरांव, बृजलाल बेदिया, लालू बेदिया, शिव टहल नायक, संजय तिर्की, लक्ष्मण उरांव, गोवर्धन बेदिया, लक्ष्मण गंझू, महेंद्र महतो, दुलाल महतो, राजेंद्र बेदिया, राम रतन नायक, धनेस्वर महतो, मानेश्वर महतो, प्रदीप उरांव, कमाल बेदिया, सरजू बेदिया, संजय उरांव, बलराम बेदिया और रघु बेदिया आदि शामिल रहेंगे।

# 48 लोगों की हत्या के बाद खून से लाल हुए हुलसू गांव की धरती को हरा-भरा बनाना चाहते हैं ग्रामीण

## रोजगार की तलाश में दूसरे शहरों में पलायन कर रहे युवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** रांची जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड लापुंग के हुलसू गांव में कभी उग्रवाद और अपराध का खौफ था, लेकिन अब यही गांव हरियाली और विकास का सपना देख रहा है। खूंटी और गुमला जिलों के सीमना से सटा यह गांव करीब 200 परिवारों का आशियाना है। वर्ष 2001 से 2024 तक पीएलएफआई सम्राट गिरोह और जितेंद्र नायक गिरोह की वर्चस्व की लड़ाई में यहां 48 लोगों की जान जा चुकी है। तो कुछ लेवी एवं वर्चस्व की लड़ाई में पिस गये। हुलसु गांव के ग्रामीणों से संपर्क करने पर बताया



कि उग्रवादी और आपराधिक घटनाओं से भयभीत होकर 200 से अधिक युवा गांव छोड़ चुके हैं। वे दिल्ली, मुंबई, गोवा, रांची और खूंटी जैसे शहरों में जाकर रोजी-रोटी की तलाश में संघर्ष कर रहे हैं। हालांकि 2024 के बाद से गांव में कोई हत्या नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक 48 हत्याएं हो चुकी हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ 15-20 मृतकों के परिजनों को ही मुआवजा या सरकारी नौकरी मिली है। जबकि उग्रवाद से हुई मौतों के लिए सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा और नौकर का प्रावधान मौजूद हैं।

### विकास कार्य ठप

गांव में पंचायत सचिवालय मौजूद है, लेकिन वह निष्क्रिय है। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास से बहने वाला सुतिया नाला सिंचाई के लिए उपयोगी हो सकता है, यदि उस पर बांध और सोलर लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम लगाया जाए। फिलहाल गांव में केवल वर्षा आधारित खेती होती है, जिससे उत्पादन सीमित है। वहीं, मुखिया मनबहाल मनो की मानें तो हुलसू गांव में जल-नल योजना की पाइपलाइन अब तक नहीं पहुंची है। गांव के लगभग 200 परिवारों को केवल चार चापानल और कुछ कुंओं पर निर्भर रहना पड़ता है।

# ऑटो पलटने से मां-बच्चे की मौत, चार लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** महुआ टांड़ थाना क्षेत्र के सोहर पाठ में ऑटो के पलटने से ऑटो में सवार चार लोग घायल हो गये। जबकि मां और पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक ऑटो में सवार होकर पांच लोग महुआ टांड़ बाजार जा रहे थे। तभी रास्ते में ऑटो खराब हो गया एक सवारी वाहन दूसरे ऑटो से मदद लेकर खराब ऑटो को रस्सी के सहारे खींचकर कर महुआ टांड़ जा रहे थे तभी सोहर पाठ के पास ऑटो पलट गया। घटना में चांपी पाठ निवासी महिला सरिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी जबकि उसका 5 वर्षीय पुत्र आर्यन उरांव की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सभी घायलों को बिशुनपुर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने जांच कर बच्चे को मृत घोषित कर दिया जबकि सरिता देवी को प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक ऑटो जिस युवक का है उसकी शादी होने वाली है जिसके कारण वह अपना ऑटो एक दूसरे व्यक्ति को चलाने दिया था। महिला सरिता देवी के सिर में गंभीर चोट लगी थी उसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा था लेकिन इलाज के क्रम में उसकी भी मौत हो गयी। जबकि अन्य घायल का बिशनपुर में इलाज के बाद छुट्टी कर दिया गया।

# झारखंड में पेसा कानून लागू नहीं करना आदिवासियों के साथ धोखा : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता




**चैनपुर/ गुमला।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पीपी बामदा गांव में आयोजित 40वें पड़हा जतरा कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार आदिवासियों के स्वशासन से जुड़ा पेसा कानून लागू करने से जानबूझकर कतरा रही है, क्योंकि उन्हें अपनी कुर्सी छिनने का डर सता रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे रघुवर दास का परिसदन में भाजपा जिला इकाई की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पेसा कानून 1996 में भूरिया समिति की सिफारिशों पर तैयार हुआ था, जिसे अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा की सत्ता को मान्यता देने के उद्देश्य से बनाया गया था। झारखंड में यह कानून 13 प्रखंडों और 112 ग्राम पंचायतों में लागू होना था, परंतु आज तक इसे लागू नहीं किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कुछ ईसाई धर्मावलंबी, जो धर्मांतरण के जरिये आदिवासी समाज को भ्रमित कर रहे हैं, पेसा कानून के खिलाफ सरकार पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से जुड़े कुछ पदाधिकारी और झारखंड सरकार के मंत्री भी इस साजिश में शामिल हैं। रघुवर दास ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनायी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने जाति प्रमाण पत्र में सरना कोड की व्यवस्था लागू करायी थी, जिससे मूल आदिवासी समाज को सरकारी नौकरियों और योजनाओं में लाभ मिला। लेकिन वर्तमान सरकार ने सरना धर्म कोड को हटा दिया है, जिससे धर्मांतरण कर चुके लोगों को ही लाभ मिल रहा है, जबकि असली आदिवासी अपने ही अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, पड़हा समाज के प्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# डीसी-एसपी से बेहतर प्रदर्शन की आशा: रमेश



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के नवनियुक्त उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और एसपी के रूप में हारिश बिन जमां के कमान संभालने पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने दोनों अधिकारियों का स्वगत किया है। चैंबर ने दोनों पदाधिकारियों से बेहतर प्रदर्शन की आशा की है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि दोनों 2017 बैच के अफसर है। उम्मीद है कि उपायुक्त विकास योजनाओं को गति प्रदान करते हुए जिले का चहुमुखी विकास में पूरी भूमिका निभायेगी। साथ ही युवा एसपी टीम भावना के साथ जिले को नक्सल, अपराध और नशा मुक्त करने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि चैंबर प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करता है। ऐसे में पूरी चैंबर टीम प्रशासन के साथ हर कदम में खड़ा है।

# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व अंजुमन सचिव ने एसपी का किया अभिनंदन




**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता, आशिक अंसारी एवं पूर्व सचिव अंजुमन इस्लामिया गुमला द्वारा शुक्रवार को आरक्षी अधीक्षक कार्यालय चांदली में जाकर आरक्षी अधीक्षक हारिस बिन जमां को बुके देकर अभिनंदन किया। मौके पर आशिक अंसारी ने कहा कि गुमला एक अमन पसंद शहर है, गुमलावासी सभी तरह के पर्व त्यौहार आपस में मिलजुल कर मनाते हैं। हम सब गुमला में आपका हार्दिक स्वागत करते हैं। जिला वासियों को पूरी उम्मीद है कि जिला में पुलिस प्रशासन की पूरा सहयोग जिस तरह पूर्व मिलता रहा है आगे भी अपेक्षा की जाती है। पुलिस प्रशासन की जिला में खासकर नशा पान को समाप्त करने में हम जैसे समाजसेवियों का दायित्व भी बढ़ जाता है कि अन्य समाज से जुड़े लोग भी जिला पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करें। वरिष्ठ पत्रकार शहजाद अनवर ने कहा कि जिला में युवाओं में बढ़ते हुए नशा मुक्ति के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही जिस तरह श्रीमान का रांची में पुलिस ट्रैफिकिंग हेलमेट के प्रयोग के कार्य देखा गया और लोहरदगा जिला में आरक्षी अधीक्षक के रूप में कार्य झारखंड वासियों ने नजदीक से देखा है। हम सब गुमलावासी उम्मीद करते हैं गुमला में भी जनता और पुलिस के सहयोग से बेहतर कार्य होगा।

### घाघरा में कांग्रेसियों से रूबरू हुए सुखदेव भगत

# देवाकी धाम में सामुदायिक भवन और चांदनी चौक के पास नाली निर्माण की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत ने शुक्रवार को घाघरा में प्रखंड कांग्रेस कमिटी से रूबरू हुए। इस क्रम में दिशा मेंबर अनिरुद्ध चौबे, प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे व वरिष्ठ कांग्रेसी कृष्णा कुमार लोहरा ने देवाकी बाबाधाम में सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी। जिस पर सांसद ने श्री चौबे से इस विषय पर विस्तृत जानकारी मांगा ताकि सामुदायिक भवन का निर्माण जल्द से जल्द शुरू किया जा सके। वहीं प्रखंड अध्यक्ष ने चांदनी चौक से गुमला रोड स्थित पुल तक नाली निर्माण कराने की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए बताया कि पथ की स्थिति जर्जर होने के कारण आये दिन दुर्घटना होते रहती है, जिसका समाधान नाली निर्माण से पथ दुरुस्त हो सकेगा और दुर्घटना में रोक लगेगी। साथ ही अन्य कार्यकर्ताओं ने भी संसाद को कई समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर सांसद ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, आलोक साहू, कुणाल अभिषेक, शहजाद खान, जय सिंह, अनिल कुमार, गुड्डू शर्मा, पवन गौतम, फुलदेव उरांव, दयानंद उरांव, शाहीद अहमद, रवि रोशन बेक सत्यजीत सिंह, सहित कई लोग मौजूद थे।

# साले गांव के युवक ने लगायी फांसी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** महुआ टांड़ थाना क्षेत्र के साले गांव निवासी 20 वर्षीय रॉबिन एक्का पिता निर्मल एक्का ने गुरुवार के मध्य रात्रि घर के समीप मूनगा के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजन तत्काल उसे महुआ टांड़ अस्पताल लेकर गये जहां से उसे गुमला रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह परिजन उसे सदर अस्पताल गुमला लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा था। लेकिन शुक्रवार की शाम 6 बजे इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी देते हुए पिता निर्मल एक्का ने बताया गुरुवार की रात सभी घर में सो रहे थे मैं अपने बेटे को पकड़ कर बगल में सुलाया था रात के 12 बजे वह चुपके से घर से बाहर निकाला और घर के सामने मूनगा के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया। पिता ने बताया वह लगातार एक सप्ताह से शराब का सेवन कर रहा था।

# पंचायतों में शराब दुकान खोलने का फैसला गलत : पुष्पा उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की गुमला जिला प्रभारी पुष्पा उरांव ने हेमंत सरकार द्वारा झारखंड राज्य के पंचायतों में शराब की दुकान खोलने का निर्णय को गलत बताते हुए कहा है कि झारखंड नवनिर्माण दल और महिला समाज इस निर्णय का पुरजोर विरोध करेगी। श्रीमती उरांव ने यह भी कहा है कि नशाखोरी के कारण झारखंडी आज उजाड़ और बबार्दी का दंश झेल रहे हैं। अधिकतर अपराध, हत्या यहां तक की डायन बिसाही के आरोप में हृदय विदारक हिंसा नशापान के कारण आए दिन होते रही है। युवा पीढ़ी पूरी तरह से कई तरह के नशा के शिकार हैं, ऐसी स्थिति में राज्य के पंचायतों में शराब दुकान खोलना ऐसी घटना को बढ़ावा देने के समान है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्रीमती उरांव ने यह भी कहा है कि शुरू से ही झारखंड नवनिर्माण दल व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति नशाखोरी की विरोधी रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर 9 जून 2025 को रांची में आयोजित राजभवन मार्च में इस मामले को जोरदार ढंग से उठाया जाएगा। राजभवन मार्च के बाद झारखंड के जिलों में भी कार्यक्रम किए जाएंगे, जिसके तहत गुमला जिला में भी महिलाओं का बड़ा जुटान कर इस सभ्य समाजविरोधी निर्णय का विरोध किया जायेगा। यह जानकारी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रखंड प्रभारी कुसमा मिंज ने दी।

# चैनपुर में एनडीआरएफ ने प्राकृतिक आपदा से बचने का दिया प्रशिक्षण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को एनडीआरएफ की पांच सदस्यीय टीम ने प्रखंड और अंचल कर्मियों को प्राकृतिक आपदा से बचने का प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मियों को आपदा से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी देना था, ताकि वे आम लोगों को इसकी जानकारी दे सकें। एनडीआरएफ के एसआइ हेमंत कुमार तिवारी ने कर्मियों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचने के तरीके बताये। इनमें सांप काटने पर सांप की पहचान करने का तरीका, वज्रपात और भूकंप से बचने के तरीके, सड़क दुर्घटना या किसी अन्य घटना में खून निकलने पर उसे तत्काल रोकने का तरीका, हृदय गति रुकने पर सीपीआर करने का तरीका, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बाढ़ से बचने के तरीके इत्यादि शामिल है। अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने कर्मियों को निर्देश दिया कि वे आपदा से बचने के तरीकों के बारे में आम लोगों को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण आम लोगों की सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस प्रशिक्षण में प्रखंड और अंचल के सभी कर्मी शामिल हुए। इसके अलावा चैनपुर प्रखंड की सेविकाएं भी उपस्थित रहीं। एनडीआरएफ की टीम ने कर्मियों को आपदा से बचाव के लिए जागरूकता के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि आपदा से बचाव के लिए हमें पहले से तैयार रहना होगा और आम लोगों को भी इसके बारे में जानकारी देनी होगी।

# एनएचएसआरसी की टीम ने घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया दौरा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** एनएचएसआरसी की टीम ने घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। टीम में एनएचएसआरसी के सीपी सीपीएचसी डॉ पंकज ग्रोवर, पंकज शाह, बीएसआरसी तनवीर अहमद शामिल थे। इस क्रम में आशा प्रमाणन पहल को मजबूत करने के प्रयासों को लेकर स्वास्थ्य सहिया से कार्यक्षेत्र में संबंधित समस्या की जानकारी ली। इस क्रम में स्वास्थ्य सहियाओं ने क्षेत्र में होने वाली समस्या से संबंधित जानकारी टीम के सदस्यों को दी साथ ही मानदेय वृद्धि हो। ताकि बेहतर तरीके से कार्य किया जा सके और किसी भी तरह का परेशानी आर्थिक रूप से ना हो।साथ ही यह भी कहा की गर्भवती महिलाओं को सीएचसी घाघरा लाया जाता है। रेस्ट रूम की व्यवस्था तो है। लेकिन हम लोगों का भी रात में सीएचसी में रहना पड़ जाता है। हमलोगों का भी भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित हो और बताया गया कि उक्त द्वारा का उद्देश्य जिला और ब्लॉक के स्वास्थ्य टीमों के समन्वय से संबंधित जिले में आशा प्रमाणन के संबंध में क्रियान्वयन के मुद्दों चुनौतियों को अच्छे तरीके से समझने के लिए मूल्यांकन करना है। मौके पर डीपीसी अभिजीत आनंद, एसटीटी रमाकांत सिंह, आरती श्रीवास्तव, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का, बीपीएम ज्ञान रंजन, टीवी कॉर्डिनेटर अमित कुमार, मुखिया राजेश बड़ाइक सहित कई स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में भदौली महुआटोली के युवक की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के भदौली महुआटोली निवासी जयनाथ उरांव के 32 वर्षीय पुत्र कार्तिक उरांव की एन एच 23 गुमला रांची फोरलेन महुआडीपा ओवरब्रिज के पास सड़क दुर्घटना हो गयी। जिससे कार्तिक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। यह घटना गुरुवार रात्रि के लगभग 8:30 से 9 बजे के बीच की है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कार्तिक उरांव नशे की हालत में था व तेज गति से बाईक चला रहा था। वह रात को अपने दोस्तों को महुआडीपा छोड़ने के लिए आया था। वापस घर लौटने के दौरान डिवाइडर से उसकी बाइक टकरा गयी। हादसा इतना जबरदस्त रहा कि कार्तिक 5 फीट उपर हवा में उड़ गया और डिवाइडर पर लगे बिजली के खम्भे से जा टकराया एवं सड़क पर गिर गया जिससे उसके माथे पर गंभीर चोट लगी।

# बिजली बिल में सुधार को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन, सौंपा मांगपत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला बाजार टांड़ निवासी किशोर साहु के गलत बिजली बिल में सुधार और चेटर के राज नगर में बांस के खंभे से दिये गये बिजली कनेक्शन को हटाकर दुरुस्त करने और पोल लगाने की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के बैनर तले शुक्रवार दिन के 2 बजे महिलाओं ने बिजली विभाग कार्यालय का घेराव किया। विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को मांग पत्र सौंपा।

सौंपे गये ज्ञापन में एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि दो माह का बिजली बिल 82864 रुपये आया है। जिसे सुधार करने के लिए दो माह से परेशान हैं। त्रुटिपूर्ण बिजली बिल में सुधार करने की मांग की गयी। वहीं राज नगर में बिजली का खंभा नहीं लगा है। बांस गाड़ कर बिजली का कनेक्शन दिया गया है। देवकी देवी ने इन दोनों समस्याओं के त्वरित निष्पादन का अनुरोध किया है।

विभाग की ओर से दस दिन का समय लिया गया। इसके बाद कार्यालय घेराव कार्यक्रम समाप्त किया गया। देवकी देवी ने कहा 10 दिनों के अंदर समस्या का समाधान नहीं होने पर विभाग में तालाबंदी की जाएगी। घेराव में सुनीता देवी, वीणा देवी, कलावती लकड़ा, अनिमा तिर्की, सिसिलिया आइंद, ममता उरांव, निपुणता लकड़ा, मोदित टोप्पो आदि शामिल थे।

# जारी के श्रीनगर में गिरजाघर का उद्घाटन




**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के श्रीनगर संत डॉन बोस्को चर्च में बने गिरजाघर का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया।चर्च के उदघाटन समारोह में गुमला बिशप लिनुस पिंगल सहित पुरोहित और धर्मबहनें भी उपस्थित थी। समारोह में मुख्य अनुष्ठाता के रूप में उपस्थित बिशप लिनुस पिंगल की अगुवाई में विशेष मिस्सा पूजा हुई। इसके बाद गिरजाघर परिसर में आशीष जल का छिड़काव किया गया। बिशप पिंगल ने नवनिर्मित चर्च निर्माण के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया। साथ ही सम्पूर्ण मसीही धर्मावलम्बियों को बधाई दी। बिशप लिनुस पिंगल ने कहा कि ईश्वर की असीम अनुकंपा से श्रीनगर गिरजाघर का निर्माण हुआ है। यहां धर्म निवास करेगा।लोग आस्था से प्रभु की प्रार्थना करेंगे। शांति का अनुभव होगा। धर्म के प्रति लोगों की आस्था बढ़ेगी। बिशप ने आगे कहा कि प्रभु की आराधना से जीवन सफल होगा। चर्च बनने के बाद समाज को मजबूत बनाने की शक्ति मिलेगी। इस चर्च के निर्माण से लोगों में श्रद्धा उत्पन्न होगी। कोई भी निर्माण कार्य आसान नहीं होता। प्रभु का घर सबके लिए खुला रहना चाहिए। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम में मुख्य रूप से फा कुलदीप खलखो, फा मुनसन बिलुंग, फा अरविन्द कुजूर, फा अजित खलखो, फा राजेंद्र तिर्की, सि रेजिना बेक, सि हिलेंगे बिलुंग साहित सैकड़ो मसीह धर्मावलंबियों की उपस्थिति रही।

# मंदिर की वर्षगांठ पर निकली कलश यात्रा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पतागाई गांव में बजरंगबली मंदिर के 16वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में कलह यात्रा निकाली गयी। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला और बच्चिया शामिल हुई। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए पतागाई गांव स्थित नदी पहुंचा। जहां आचार्य प्रमोद पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जलभरी कराया। इसके उपरांत कलश यात्रा कलश लेकर पुन: मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रउच्चार के साथ जला अभिषेक कराया गया। पूजन पाठ की गयी। वही कलश यात्रा के दौरान जय श्री राम, बजरंगबली की जय, हर हर महादेव की गगन भेदी जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज मान रहा। साथ ही भक्तिमय गीत व संगीत से चारों ओर भक्ति का वातावरण बना रहा। वही मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक राधेश्याम सिंह एवं घनश्याम सिंह ने बतलाया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर का वर्षगांठ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कलश यात्रा पूजा पाठ साथ ही शाम में 12 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया है। साथ ही यह भी बतलाया कि इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। यह भंडारा सुबह से लेकर रात्रि में श्रद्धालु भक्त के आगमन तक चालू रहेगा। मौके पर ममता कुमारी, महिमा कुमारी, मंजन देवी, सन्तोला देवी समिति के सदस्य पंकज सिंह, सूरज सिंह, अभिषेक सिंह, कृष्णा सिंह, सुपेश सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



वैभव ने 14 साल और 23 दिन की उम्र में आइपीएल में डेब्यू किया था, जो कि आइपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र का डेब्यू करने वाला खिलाड़ी है।

# क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने पीएम मोदी से लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पटना में क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मिले। वैभव ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर वैभव के माता-पिता भी मौजूद थे। पीएम ने वैभव के परिवार के साथ 10 मिनट तक समय बिताया। हालांकि, बातचीत क्या हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आयी है। पीएम 2 दिन के बिहार दौरे पर थे। लौटते वक्त पटना एयरपोर्ट यह मुलाकात हुई।

**वैभव सबसे कम उम्र में आइपीएल डेब्यू करने वाले प्लेयर :** वैभव ने 14 साल और 23 दिन की उम्र में आइपीएल में डेब्यू किया था, जो कि आइपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र का डेब्यू करने वाला खिलाड़ी है। उन्होंने 19 अप्रैल 2025 को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए डेब्यू किया था। वैभव ने अपने डेब्यू मैच में 20 गेंदों में 34 रन बनाये, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। पहले यह रिकॉर्ड प्रयास रे बर्मन के नाम था। उन्होंने 16 साल 157 दिन में डेब्यू किया था। वैभव का यह पहला आइपीएल सीजन था। वैभव सूर्यवंशी ने 7 मुकाबलों में 252 रन बनाये और उनका एवरेज 36 तो स्ट्राइक रेट 206.55 दर्ज किया गया। वैभव ने इस दौरान एक शतक और एक अर्धशतक लगाया। वैभव को नवंबर 2024 में हुए मेगा ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा था।

**वैभव ने 5 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेले :** वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के लिए अबतक 5 फर्स्ट क्लास और 6 लिस्ट-ए मुकाबले खेले हैं। वैभव ने फर्स्ट क्लास मैचों में जहां 100 रन बनाये हैं, तो वहीं लिस्ट में उनके नाम 132 रन दर्ज हैं।

# ऑटो और बाइक की टक्कर में सात घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बिंदोरा गांव के समीप गुरुवार के शाम 5 बजे ऑटो और बाइक में सीधी टक्कर हो गयी। घटना पर ऑटो सड़क पर पलट गया। घटना में कुल 7 लोग घायल हो गये। सभी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में इलाज के बाद 5 लोगों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक एक ऑटो में सवार होकर 7 लोग चैनपुर से चितरपुर गांव जा रहे थे। तभी बेंदोरा के समीप सामने से बाइक सवार युवक ने ऑटो को टक्कर मार दिया। घटना के बाद ऑटो सड़क पर ही पलट गया। बताया जाता है की बाइक सवार लड़का शराब के नशे में था। घटना के बाद मौके पर चैनपुर थाना की पुलिस पहुंची। सभी घायलों को अस्पताल भेजा वही बाइक सवार लड़के को थाना ले गयी। घायलों में जारी थाना क्षेत्र के चटक पुर गांव निवासी संजना तिर्की उसकी बहन श्वेता तिर्की और दो माह की बेटी सोनम तिर्की गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों चितार पुर गांव अपने मामा घर में मेहमान जा रहे थे।

# हत्याकांड में फरार आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** बोकारो के नवाडीह में चार वर्ष पहले हुई हत्याकांड के फरार आरोपित रविंद्र कुमार पासवान को जोरापोखर पुलिस ने गुरुवार की शाम को जामाडोबा इलाके में छापामारी कर नाटकीय ढंग से देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसे शुक्रवार को धनबाद जेल भेज दिया। इसकी जानकारी सिंदरी के एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम एवं जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने शुक्रवार को थाने में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिया। एसडीपीओ ने बताया है कि बोकारो जिले के नवाडीह में चार वर्ष पहले एक व्यक्ति की हत्या हुई थी, जिसका रविंद्र कुमार पासवान मुख्य आरोपी है। वहीं, जोरापोखर थाना में भी दो कांडों के अभियुक्त है। रविंद्र अबतक पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहा था। वह जामाडोबा चार नंबर संतोषी नगर में रहकर अबतक कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहा है। गुरुवार की शाम को वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की नीयत से जामाडोबा-पुटकी चौक के समीप गाड़ी पकड़ने को खड़ा होकर किसी का इंतजार कर रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने तत्काल पुलिस अधिकारी सुधांशु कुमार, गिरिधर गोपाल, कौलेशवर राम सहित शास्त्र बल के जवानों के साथ छापामारी किया। इस दौरान पुलिस को देख रविंद्र पासवान भागने लगा। पर पुलिस के जवानों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर कमर से एक कट्टा बरामद हुआ, जिसे जब्त कर लिया। वहीं गिरफ्तार रविंद्र की निशानदेही पर पुलिस उसके अन्य सहयोगियों की तलाश में जुट गयी है।

## झारखंड ग्रामीण पेयजलापूर्ति नीति की बैठक



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को झारखण्ड ग्रामीण पेयजलापूर्ति (संचालन एवं सम्पोषण) नीति-2025 विषय से संबंधित बैठक हुई। जिसमें बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरजा देवी, बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ ने बताया कि जल ही जीवन है। जल की उपलब्धता के लिए संरक्षण एवं बचाव बहुत ही आवश्यक है। हमारा लक्ष्य घर-घर जल पहुंचाना और इसकी अनावश्यक बर्बादी को रोकना है। हमें वर्षा जल को पुनः भूमि के गर्भ में पहुंचाने के लिए सोखता गड्ढा एवं अन्य जल संरक्षण संबंधित कार्य की व्यवस्था करनी चाहिए। ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में योजना का सुचारू रूप से संचालन एवं नियमित रख-रखाव एवं किफायती संचालन व्यय के साथ पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, ताकि बेरमो प्रखंड क्षेत्र में जल का लेयर उपर हो सके। बैठक में सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, अन्य जिला स्तरीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी-पर्यवेक्षक के अतिरिक्त बेरमो मे 12 पंचायत के मुखिया दुर्गावती देवी, पुष्पा देवी, कामेश्वर महतो, तरूलता देवी, अंजु आलम, संजय सिंह आदि उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त बीडीओ मुकेश कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के जरीडीह बाजार के समीप अवस्थित पीएचसी, रांचीधौड़ा में डॉ मनीष कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, भावेश कुमार, बीपीएम, राजेश कुमार, बीएएम, डॉ कुमार मनीष, आरबीएसके रितेश कुमार, पीएमडब्ल्यू रणविजय कुमार, पीएचएम, सभी सीएचओ, एएनएम एवं सभी हेल्थ कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें बीडीओ ने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में सभी कार्यरत पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण है। बीडीओ ने सभी सीएचओ, एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अपने कार्यालय परिसर को स्वच्छ रखने एवं आमजनों से कुशल व्यवहार के साथ ही जनहित में अपनी भूमिका को निभाने को कहा।

## आपका किया हुआ रक्तदान किसी गंभीर मरीज की जान बचाता है : उदय प्रताप सिंह




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर एवं विकासशील बनाने के क्रम में गोल्ड बिल्डिंग मोड बिग बाजार के समीप केजी आश्रम सरायढेला में शुक्रवार को ब्लड सेंटर आइकॉन क्रिटिकल केअर का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन उदय प्रताप सिंह, चुनाव आयोग की ब्रांड एम्बेसडर श्वेता किन्नर और निशांत सिंह ने किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक के मालिक नगीना ने कहा कि चिकित्सा एक ऐसा कार्य है, जिसे ईश्वरीय कार्य का दर्जा दिया जाता है। चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मरीजों का उपचार करने के साथ ही उन्हें मानसिक और भावनात्मक समर्थन भी देते हैं। कहा कि रक्तदान करने से आप किसी को नई जिंदगी भी प्रदान करते हैं। सभी संस्थाओं से आग्रह किया कि अपना सहयोग ब्लड बैंक चलाने में करें, ताकि हमारे ब्लड बैंक की मदद से जरूरमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद की जा सके। वहीं, समाजसेवी एवं श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है। ब्लड सेंटर के माध्यम से जरूरत के वक्त धनबाद वासियों को रक्त की सेवा करने के लिए आइकॉन क्रिटिकल केयर के सभी टीम को मैं धन्यवाद देता हूं। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आइकॉन ब्लड सेंटर के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## एचएमएस के सैकड़ों कार्यकर्ता बीएमएस में शामिल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के चांच विक्टोरिया क्षेत्र संख्या-12 में एचएमएस के राजेंद्र महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शुक्रवार को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (बीएमएस) में शामिल हो गये। भारतीय मजदूर संघ अपने रीति नीति के साथ लायकडीह सामुदायिक भवन में सभा आयोजित कर सभी कार्यकर्ताओं को अंग बस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बीएमएस के कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी बीसीसीएल ईसीएल और सीएमपीएफ के माधव सिंह, मुरारी तांती अध्यक्ष धकोकसंघ सह सलाहकार समिति सदस्य बीसीसीएल, उमेश कुमार सिंह महामंत्री धकोकसंघ सह कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड सदस्य सह एपेक्स सुरक्षा समिति सदय बीसीसीएल, केके सिंह संगठन मंत्री धकोकसंघ सह मंत्री अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ, लालमोहन दास मंत्री धकोकसंघ, गोरचंद चटर्जी आदि मौजूद थे।

### बाल विवाह रोकथाम को लेकर 'आशा' अभियान की शुरुआत

# बाल विवाह परंपरा नहीं, अपराध है : न्यायाधीश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** बाल विवाह एक सामाजिक पाप है, जो हमारी भावी पीढ़ियों की नींव को हिला देती है। बाल विवाह को कई लोग आज भी परंपरा, संस्कार या सामाजिक जिम्मेदारी मानते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि यह एक कुप्रथा है। यह एक ऐसा घाव है, जो बच्चों के जीवन को अपूर्ण बना देता है। भारतीय कानून के अनुसार, लड़कियों की न्यूनतम वैवाहिक आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। यदि कोई इससे पहले विवाह करता है, तो वह न केवल कानून तोड़ता है, बल्कि एक बच्चे का बचपन, उसका भविष्य और उसके सपनों को भी तोड़ता है। उक्त बातें अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मयंक तुषार टोपनो ने कही। वे शुक्रवार को धनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित एक कार्यक्रम में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के फील्ड लीडर, कोऑर्डिनेटर एवं डालसा के पारा लिगल वॉलंटियर को संबोधित कर रहे थे। वहीं, एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं है। हर माता-पिता और जागरूक नागरिक को यह समझना होगा कि बाल विवाह रोकना केवल कानून का नहीं, बल्कि समाज की अंतरात्मा का भी प्रश्न है। हमें लड़कियों को बोझ नहीं, बल्कि सशक्त और जुझारू बनाना होगा। शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्म-सम्मान से ही बेटियां आगे बढ़ेंगी। वहीं, बोकारो सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन सह झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के निदेशक शंकर रावानी ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत यह एक दंडनीय अपराध है। इसमें दोषी पाए जाने पर दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माने का प्रावधान है। पीड़ित को संरक्षण, शिक्षा और पुनर्वास का अधिकार है। कोई भी नागरिक बाल विवाह की सूचना बाल संरक्षण अधिकारी या पुलिस को दे सकता है। यह उनकी कानूनी और नैतिक जिम्मेवारी भी है। उधर, अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि नालसा की ओर से 'आशा' अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसके तहत धनबाद जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायत में बाल विवाह रोकथाम एवं इस कुरीतियों से पीड़ित किशोर एवं किशोरियों का कौशल विकास कर समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य डालसा की टीम कर रही है। इसमें झारखंड विकास ग्रामीण ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर रवानी एवं उनकी टीम डालसा की टीम के साथ जुड़कर इस अभियान को सार्थक बनाने में अपना अहम योगदान दे रही है। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक टीम का गठन किया जा रहा है। जिसमें शामिल कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश, डालसा सचिव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी, धनबाद एसडीपीओ, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल सुरक्षा पदाधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई, चीफ एलएडीसीएस, पैनल अधिवक्ता, अधिकार मित्र विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर जागरूकता फैलायेंगें। इस मौके पर एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डालसा सहायक सौरभ सरकार, संतोष कुमार, राजेश सिंह चंदन कुमार, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट कि किशोरी लीडर पूजा कुमारी, चंदा कुमारी, दीपा रवानी, जुबेदा खातून, ज्योति कुमारी, गुलनाथ वानो, गुलशन बानो, शीतल कुमारी, नूरी प्रवीन, शिवानी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, तन्नू कुमारी, अनमोल कुमारी, खुशी कुमारी, संतोषी कुमारी, वंदना कुमारी, कविता कुमारी, फील्ड कोऑर्डिनेटर माला देवी, पूजा कुमारी, सीता कुमारी आदि उपस्थित थे।




धनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित कार्यक्रम अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मयंक तुषार टोपनो एवं अन्य।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि का नाम यथावत रखने की अपील



### राज्यपाल से मिला झारखंड बांग्लाभाषी उन्नयन समिति का प्रतिनिधिदल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद/रांची।** झारखंड बांग्लाभाषी उन्नयन समिति का केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को रांची स्थित राजभवन में जाकर राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक मांग पत्र भी सौंपा, जिसमें आग्रह किया गया है कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम यथावत रखा जाए। साथ ही झारखंड में प्राथमिक से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक बांग्ला भाषा की शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए बांग्ला माध्यम की पाठ्यपुस्तकों की छपाई एवं वितरण शीघ्र शुरू किया जाए। इस अवसर पर समिति की ओर से राज्यपाल स्मरण कराया गया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी न केवल एक प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे, बल्कि उन्होंने झारखंड में अनेक शिक्षा संस्थानों की नींव रखकर क्षेत्र के शैक्षिक विकास में अहम भूमिका निभाई थी। प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को दृष्टिगत रखते हुए उनके नाम को अक्षुण्ण रखा जाए और बांग्लाभाषा को लुप्त होने से बचाने के लिए राज्य सरकार पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करे। प्रतिनिधिमंडल में रीना मंडल, काबू दत्ता, राजेश राय, शेताक सेन, आशित चक्रबर्ती, जगतज्योति राय, सजल बनर्जी और आशीष मंडल शामिल थे।

# कचरा डंप के लिए प्लांट निर्माण कार्य को पहुंचे दंडाधिकारी और नगर निगम कर्मियों को ग्रामीणों-महिलाओं ने खदेड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**झरिया/जोड़ापोखर।** नगर निगम की ओर से जीतपुर जोड़ियां के समीप पेटिया बस्ती में सी एंड डी वेस्ट प्लांट निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन को बंद कराकर ग्रामीणों ने प्लांट के अधिकारियों और कर्मचारियों को खदेड़ दिया। लगे हाथ निर्माण कार्य को बंद करा दिया। पुलिस और प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण शांत होने का नाम नहीं ले रहे थे। उनका आरोप है कि शहरी क्षेत्र के भवन एवं अन्य निर्माण के दौरान निकलने वाले कचरे के निष्पादन से क्षेत्र में प्रदूषण फैलने से गंभीर बीमारियों से ग्रसित होना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन स्थानीय रैयत की है। कंपनी जबरन यहां प्लांट निर्माण करना चाह रही है। इसी के विरोध में सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए हंगामा कर दिया। साथ ही निर्माण कार्य बंद कराकर नगर निगम कर्मी को खदेड़ दिया। गौरतलब हो कि पूर्व में नौ मई को भी ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे अधिकारियों-कर्मियों को खदेड़ दिया था। ग्रामीण प्लांट निर्माण कार्य को निगम क्षेत्र में कराने की अपनी मांग पर अड़े हैं। उधर, शुक्रवार को पेटिया बस्ती के ग्रामीणों का गांव में जुटान हुआ। सभी ने सर्वसम्मति से ग्राम हित में प्लांट निर्माण का विरोध करने का निर्णय लिया। कहा कि पेटिया बस्ती की धरती हमारी मां है और मां के आंचल को गंदा करने हम किसी को नही देंगे। इसके लिए उग्र आंदोलन भी करने की जरूरत पड़े, तो करेंगे। दूसरी ओर, पेटिया के पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि गोविंद महतो ने कहा कि गांववालों का विरोध जायज है। जो भी आंदोलन करना पड़ेगा उसके लिए हम सभी तैयार हैं। नगर निगम की ओर से शहर का कचरा गांव में गिराने की जो योजना बनायी है, ये ग्रामीणों के हित में नहीं है। इससे गांव का वातावरण प्रदूषित होगा। खेती योग्य जमीन, खेल का मैदान, मवेशियों के लिए चारागाह प्रभावित होगा। गांव के पास सी एंड डी प्लांट का निर्माण करने का फैसला ही गलत है। हमलोग विकास के बाधक नहीं हैं। निगम कॉलेज एवं हॉस्पिटल बनाए, हमलोग स्वागत करेंगे। निर्माण के पूर्व नगर प्रशासन को गांव में जनसुनवाई करनी चाहिए. मनमाने ढंग से प्लांट निर्माण की कोशिश की जा रही है. जिसका खामियाजा लोगों को उठाना पड़ेगा।

# दाखिल-खारिज के सभी आवेदनों को एक माह के भीतर निष्पादित किया जाये : ब्रजेंद्र सिंह

### विभिन्न समस्याओं को लेकर की गयी बैठक, डीसी को ज्ञापन सौंपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**धनबाद।** जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परिसदन (सर्किट हाउस) में बैठक हुई। जिसमें धनबाद जिले में व्याप्त बिजली की लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने, सभी अंचलों में दाखिल-खारिज संबंधित लंबित कार्यों को सुचारू रूप से करने, बरसात के पहले सभी नाला-नालियों एवं सड़कों को दुरुस्त करने के साथ ही विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में धनबाद जिला बीस सूत्री के सभी सदस्य एवं सभी प्रखंड अध्यक्ष मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक के बाद बीस सूत्री का प्रतिनिधिमंडल धनबाद के डीसी आदित्य रंजन से मिले और संबंधित विषयों से अवगत कराया। लगे हाथ अविलंब समस्याओं के निराकरण करने की मांग की। इस पर डीसी ने संबंधित मामले का निराकरण अविलंब करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर धनबाद जिला बीस-सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि धनबाद में बिजली की व्यवस्था बेहद खराब है। जिले में बिजली की व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी तो हो ही रही है, उद्योग-धंधे पर भी असर हो रहा है। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए धनबाद में निर्वाद्ध बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि जिला के लगभग सभी अंचल कार्यालयों में दाखिल खारिज के कार्यों में शिथिलता बरती जा रही है। सैकड़ो आवेदन लंबित है। जिस कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, इस लापरवाही के कारण झारखंड सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। इसलिए दाखिल खारिज के सभी आवेदनों को एक माह के अंदर निष्पादन किया जाए। कहा कि सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को सुनिश्चित रूप से मिले। इसके लिए झारखंड सरकार दृढ़ संकल्प है। सरकार के किसी भी कार्य में कोताही एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बारिश से लपहले सभी नाला-नाली की सफाई एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत कर दुरुस्त करने की मांग की। कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव लेते हुए मुख्यमंत्री से मांग की गयी है कि सभी जिलों में बीस-सूत्री प्रभारी मंत्री नियुक्त किया जाए। इस मौके पर मदन महतो, शमशेर आलम, योगेंद्र सिंह योगी, लक्ष्मण तिवारी, हराधन रजवार, राजू प्रमाणिक, पप्पू कुमार तिवारी, जितेश सिंह, राजेंद्र किस्कू, गोपीन टुडू, अख्तर अंसारी, अनिल साव, मनोज हांडी, लक्ष्मी नारायण महतो, पारस हांसदा, ज्योति लाल मुर्मू, तरूर मुर्मू और सहदेव टुडू आदि मौजूद थे।

# गोली लगने से गंभीर रूप से घायल युवक को मिली नयी जिंदगी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एमपीएल क्षेत्र के मदनपुर गांव में पिछले दिनों संपत्ति विवाद में मोहम्मद रहमान (40) नामक युवक को गोली मार दी गई थी। गंभीर हालत में ग्रामीणों ने उसे बलियापुर रोड कोलाकुसमा-मांझीलाडीह स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती करवाया था। जहां जेपी अस्पताल के डॉक्टरों ने गंभीर रुप से घायल रहमान का बेहतर चिकित्सा कर उसे एक नयी जिंदगी दी। फिलहाल वह ठीक है। उसे शुक्रवार को डॉक्टर ने अस्पताल से छुट्टी दे दी।


## न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

अनुमति वाद संख्या–103 / 2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक अकबर हुसैन वो असगर हुसैन दोनों के पिता–स्व0 सराफत मियां, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+ अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 244 | 1305 | 0.46 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR.NO. 353865 District(25-26):D



## Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.

(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)
Office of the: General Manager, Transmission Zone-II, Dumka
Email – gmtz2dumka@gmail.com

**Notice Inviting Tender**

NIT in two parts i.e Techno-commercial Part (Part-I) and Financial/Price Part (Part-II) is invited from reputed, experienced and financially sound contractors for the work/services as mentioned below:-

| NIT No. | Name of Work | Estimate Cost | Cost of B.O.Q (inclusive GST) | Earnest Money |
|---|---|---|---|---|
| 186/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of Desktop, UPS and Printers for the offices under the Transmission Zone-II, Dumka. | 9,16,847.00 | Rs. 1,476.00 | Rs. 18,500.00 |

1 Start date & time of sale of BOQ - 02.06.2025 at 11:00 A.M.
2 End date & time of sale of BOQ - 23.06.2025 at 03:00 P.M.
3 End date & time for submission of Tender documents - 24.06.2025 up to 12:00 P.M.
4 Date & Time for opening of Tender (Part-I) - 24.06.2025 at 03:00 P.M.
5 Tender/ bid opening date for Price Part (Part-II) – Will be communicated later on.
6 Tender documents with detailed Terms and Conditions can be obtained from the office of the Manager (F&A), Transmission Zone-II, Dumka on submission of cost of B.O.Q. (Non-refundable). No postal/ courier request will be entertained.
7 For any clarification please contact 9431132122/8065362620.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-II, Dumka

PR 353920 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**अतिअल्पकालीन ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-02/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | RENNOVATION OF HOSPITAL BUILDING, KALYAN HOSPITAL, HESAL, BASARDIH, DIST. LOHARDAGA | 73,94,335.20 | 1,48,000.00 | 10000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 31.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 31.05.2025 से दिनांक 07.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 09.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
लोहरदगा

PR 353863 Lohardaga (25-26)_D

JAISWAL CCTV
अपने शहर रॉंची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETCRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

Mob.: 9523367777
9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG LG Panasonic PHILIPS Whirlpool vivo oppo mi realme

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom
KOKAR

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD - FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th
ALL BOARDS
9th | 10th
ALL BOARDS
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD
OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

Success Ladder Classes
Admission Open
Pre Foundation
V, VI, VII, VIII, XI, X
CBSE, ICSE, JAC
All Subject
50% OFF
English Spoken
Foundation Batch
11th & 12th
Math, Phy. Che. & BIO
+91 94303 23661
+91 87891 14335
1st Floor, Vijyvargia Complex HB. Road, Kokar
NEar Madan Dhaba, Ranchi - 834001

Mehta Hotel
MUTTON CHAWAL
CHICKEN TANDOORI
CHICKEN CHAWAL
PARATHA
BIRYANI
FISH CHAWAL
VEG THALI
TAWA ROTI
DRINK & BEVERAGES
Laxmi Tower, Near Maheshwari Hotel, Ranchi
9771477499

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab
Scientific-Spark, Eurofit
Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय थावें वाली मईया !!
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
आपका कार्य सफल होना चाहिए
वावल के द्वारा
दक्षिणा अपने स्वेच्छा अनुसार दें।
मिलने का समय :
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रांची-834001
9431585446 | 7903633179

Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
A Jewel for every Tradition
अब आपके शहर रॉंची में
स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
• Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
• Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU
(NEAR JATRA MAIDAN)
KANKE, RANCHI (JH.)
834006
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
REGISTER NOW
WEBSITE : bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology.
Critical Care.
Dental.
Internal Medicine.
Lab & Radiology.
Obstetrics & Gynecology
Ophthalmology
Pediatrics & Neonatology.
Urology.
General Surgery.
Orthopedics & Trauma.
Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

7903636615
8434179089
www.shreebharatplywood.com
shreebharatplywood@gmail.com
SHREE BHARAT PLYWOOD
PLYWOOD | LAMINATES | VENEER
OLD H.B ROAD, KOKAR, RANCHI - 834001

Dr. Anup's
HLCCS
रांची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पुरुण विहार Opp. माही रेस्टोरेंट, अरगोड़ा, रांची-834002

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784
9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

आँख अस्पताल THIRD EYE CLINIC
अच्छा देखना सबका अधिकार
आंखो का विश्वस्तरीय जाँच नेपाल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर के द्वारा
DR. VISHAL CHOUDHARY
MBBS, MS (OPHTHAL) (RIMS RANCHI)
FICO (I) (U.K. LONDON)
Hospital : N.H.-33 Near Madarsha, Irba, Ormanjhi, Ranchi - 7903381944
Branch : Bandhgadi, Dipatoli, Ranchi - Mob.: 9031984410

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ।
शुगर / बी. पी / थाइरॉड / जोड़ो में दर्द / खुनी बवासीर / खाँसी / दमा / सांस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% ईलाज / लकवा साईटिका /पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालों का झड़ना सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, रांची, झारखण्ड

NEON ENTERPRISES
आधार सुधार
8210108590
8789361453
8709790158
पैन कार्ड
वोटर कार्ड
मजदूर कार्ड
E-STAMP
राशन कार्ड
पैसा निकासी
स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपोइंटमेंट लेकर जाने से फार्म नहीं भरना पड़ता है
लाईन नहीं लगाना पड़ता है
काम जल्दी हो जाता है
Digital Print Designing & Advertising
फोटो कॉपी
ड्राइविंग लाइसेंस
पासपोर्ट फोटो प्रिंट
जाति, आवासीय, आय
जमीन रसीद होल्डिंग
ऑनलाइन फार्म
पीएफ अप्लाई
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, रॉंची (झारखंड)

श्री KRISHNA Pure Veg Restaurant
202, 2nd Floor, Pitamber Estate, Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi
[Wedding | Corporate Parties | Birthday | Anniversary]
&
Breakfast & Lunch Packets
0651 3139475, 81020 89531, 9942000940
Catering Services
Our Specialities
Rajasthani & Royal Indian Thali
Indian · Rajasthani · South Indian · Chinese

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद्, रॉंची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, रॉंची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णत: आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, B. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
• बैटरी स्कूटी
• कम लागत
• कम रखरखाव
• लाइसेंस मुक्त
• एक साल की वारंटी
• 60 किलोमीटर रेंज
BAJAJ FINANCE
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More
Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21